धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
18.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 157



12 अनन्या पांडे ने की दीपिका की तारीफ

## न्यूज डायरी

### हॉकी इंडिया लीग: रांची और राउरकेला में प्रवेश फ्री

**रांची।** हॉकी इंडिया ने आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के रांची और राउरकेला में होने वाले मैचों में प्रशंसकों का प्रवेश मुफ्त होगा। हॉकी इंडिया की इस पहल के तहत अधिक से अधिक संख्या में प्रशंसक स्टेडियम में जाकर मैच रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। हॉकी इंडिया का लक्ष्य टिकट बिक्री से मिलने वाले राजस्व को छोड़कर खेल प्रति प्रशंसकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है।

### देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने रिहा किया

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के दौरान प्रदर्शन कर रहे जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने 30 घंटे बाद को रिहा कर दिया। रिहा होने के बाद समर्थक उन्हें कंधे पर उठाकर ले गये। समर्थकों के साथ परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देवेंद्र महतो ने कहा कि 60-40 नाय चलतों, एक अस्थाई नियोजन नीति होनी चाहिए। झारखंडियों की नियुक्ति हो। कोर्ट से रिजल्ट प्रकाशन पर रोक पर देवेंद्र ने कहा कि निर्णय यही संदेश देता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उनकी गिरफ्तारी से छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया। उन्होंने प्रशासन से देवेंद्र को छोड़ने के लिए चेतावनी दी थी।

### पत्थर खदान में चाल धंसने से एक की मौत, दो घायल

**कोडरमा।** डोमचांच थाना के चंचाल पहाड़ी स्थित पत्थर खदान में चाल धंसने से एक मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। तीन मजदूर दब गये थे। सोमवार को हुए इस हादसे में प्रशासन किसी मौत की पुष्टि नहीं की है।

### बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में छिनतई

**दुमका।** बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह से महिला श्रद्धालु की कान से सोने की बाली की चोरी चली गयी। अज्ञात के विरुद्ध जरमुंडी थाना में मामला दर्ज कराया। चितरा थाना क्षेत्र के चितरा निवासी डाक्टर अरूण कुमार मंडल की पत्नी प्रतिमा देवी की कानबाली बासुकीनाथ मंदिर में पूजा करने के दौरान अज्ञात चोर द्वारा छीन ली गयी। पुलिस आरोपी को पकड़ने में जुट गयी है।

### खड़े ट्रक से टकराई बस 6 की मौत, कई घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर जिले के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को हुए एक भीषण में 6 लोगों की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुए, जब सुबह-सुबह एक प्राइवेट लग्जरी बस साइड में खड़े ट्रक से टकरा गयी। यह दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस का एक हिस्सा पूरी तरह से कुचल गया। बस के पैनल काटकर शवों को निकाला गया। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95000 रु./प्रति किलो |




## केंद्र पर बकाये पैसों को लेकर झारखंड की राजनीति गर्म, सबके अपने-अपने सुर

# बकाया दिलाने में भाजपा सांसद आवाज उठायें : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड सरकार का केंद्र के विभिन्न उपक्रमों पर 1.36 लाख करोड़ बकाये को लेकर भाजपा सांसदों को आवाज बुलंद करने की अपील की है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भाजपा सांसदों से बकाये की वसूली के लिये आवाज उठाने की बात कही है। उन्होंने लिखा है कि झारखंड के भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारे इस जायज मांग को दिलवाने में अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे। झारखंड के विकास के लिये इस बकाये राशि की नितांत जरुरत है।

**राष्ट्रपति से भी आग्रह :** इसके साथ ही सीएम ने बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता कुणाल षाडंगी के एक्स पोस्ट को भी शेयर किया है। इसमें कुणाल षाड़ंगी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित करते हुए लिखा है कि आप झारखंड की चुनौतियों से वाकिफ हैं। आप झारखंड की राज्यपाल भी रही हैं। बकाया राशि पर केंद्र सरकार का यह रुख बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आपसे आग्रह है कि झारखंड की बकाया 1.36 लाख करोड़ की राशि को वापस दिलायें।

## झामुमो ने चेताया, ...तो रोक देंगे कोयला

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करती है। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूछा था कि कोयला समेत माइंस से प्राप्त 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार पर झारखंड का बकाया है। केंद्र सरकार पैसे क्यों नहीं दे रही। केंद्र सरकार के जवाब के बाद झामुमो के केंद्रीय महासचिव



सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बड़ी चतुराई से कह दिया कि कोई बकाया नहीं है। यह नाटक नहीं चलेगा। हमारा बकाया तो केंद्र सरकार को देना ही होगा। पार्टी नेता ने चेतावनी दी कि राजमहल से राजहरा तक एक भी कोयला खदान नहीं चलेगा। एक ढेला भी कोयला बाहर नहीं जाने दिया जायेगा। उन्होंने भाजपा सांसदों की नीयत पर भी सवाल खड़े किये। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि भू-राजस्व विभाग ने आदेश जारी कर कोल इंडिया से 15 दिन के भीतर बकाये पर जवाब देने को कहा है।

(शेष पेज 11 पर)

### केंद्र को नहीं हड़पने देंगे पैसा : कांग्रेस

कांग्रेस का कहना है कि इंडिया गठबंधन को प्रचंड जनादेश मिलने से भाजपा बेचैन हो गयी है। अब 1.36 लाख करोड़ हड़पना चाह रही है। कांग्रेस ने धमकी भरे लहजे में कहा कि हलक में हाथ डालकर वो पैसा राज्य की जनता को सौंपा जायेगा। लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन होगा। कोर्ट का भी सहारा लेंगे। जन आंदोलन करेंगे, लेकिन पैसा ले कर रहेंगे।

### सरकार कर रही है राजनीति : भाजपा

वहीं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद का कहना है कि यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह दो सरकारों के बीच का मामला है। भाजपा नेता ने कहा कि इस विषय पर राजनीति करना हेमंत सरकार का काम है। राज्य सरकार का खजाना खाली है। पैसे जुटाने का कोई संसाधन नहीं है। ये सरकार सिर्फ फ्री में बांटने का एजेंडा बनाती है। उन्होंने पूछा कि क्या केंद्र सरकार के भरोसे हेमंत सरकार ने योजनाओं की घोषणा की है।

# एक देश एक चुनाव बिल लोकसभा में हुई स्वीकृत

## पहली वार इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से करायी गयी वोटिंग

- पक्ष में 269, विपक्ष में 198 वोट पड़े,
- जेपीसी में भेजने का प्रस्ताव



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारी शोरशराबे और हंगाम के बीच वन नेशन, वन इलेक्शन बिल लोकसभा में स्वीकृत हो गया। मंगलवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह बिल पेश किया। बिल को स्वीकार कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से वोटिंग करायी गयी। समर्थन में कुल 269 सांसदों ने वोटिंग की तो वहीं, इस बिल के खिलाफ 198 सांसदों ने मत दिया। इस दौरान कोई भी सांसद गैर-हाजिर नहीं रहा। विपक्ष के सांसदों ने इस बिल को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। इन सब के बीच इस कांग्रेस, सपा और एनसीपी ने इस बिल को जेपीसी के पास भेजे जाने की मांग की। बिल को अब विचार-विमर्श के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जायेगा।

उल्लेखनीय है कि पहली बार लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वोट डाले गये। वोटिंग के बाद कुछ सांसदों ने आपत्ति जतायी। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जिन्हें ऑब्जेक्शन है वे पर्ची दे दें। स्पीकर ने भी कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के माध्यम से भी अपने वोट में संशोधन कर सकता है। वोटिंग से पहले स्पीकर ओम बिरला ने सभी को प्रक्रिया भी बतायी।

**जेपीसी में चर्चा होगी :** स्पीकर ओम बिरला ने सासंदों को आश्वस्त करते हुए कहा, जेपीसी में व्यापक चर्चा की जायेगी, उसमें सभी दलों के सदस्य शामिल होंगे। इसके बाद जब बिल आयेगा तो सभी को पूरा समय मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)

# जेएसएससी-सीजीएल के फाइनल रिजल्ट पर रोक

## हाइकोर्ट ने मांगी पूरे मामले की जांच रिपोर्ट, अगली सुनवाई 22 जनवरी को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा ली गयी सीजीएल परीक्षा की सीबीआइ जांच कराने की याचिका पर मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने रिजल्ट के अंतिम प्रकाशन पर रोक लगा दी है। अब मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी 2025 को होनी है। परीक्षा में धांधली को लेकर राजेश कुमार द्वारा एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। इस पर चीफ जस्टीस एमएस रामाचंद्र राव और जस्टीस दीपक रोशन की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने सभी दलीलों को सुनने के बाद रिजल्ट के प्रकाशन पर रोक लगायी। साथ ही अदालत ने सरकार से पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआइआर दर्ज करने और अनुसंधान कर रिपोर्ट मांगी। पूरे मामले की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है।



**कोर्ट के आदेश तक रिजल्ट नहीं :** झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई की जानकारी देते हुए अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि अदालत ने कहा है कि जब तक कोर्ट आदेश नहीं देता तब तक रिजल्ट जारी न किया जाये। गौरतलब है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में प्रार्थी राजेश कुमार की ओर से याचिका दाखिल की गयी है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई, जो पहले से निर्धारित थी। सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रार्थी की ओर से अजीत कुमार ने पक्ष रखा है।

**छात्रों ने फैसले का किया स्वागत :** हाईकोर्ट के द्वारा सीजीएल परीक्षा के फाइनल रिजल्ट पर रोक लगाने का छात्रों ने स्वागत किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### छात्र संपूर्ण जांच पर अड़े हैं

छात्र नेताओं का कहना है कि इस परीक्षा की संपूर्ण जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हैं उस पर कार्रवाई हो। गौरतलब है कि यह परीक्षा विगत आठ वर्षों से आयोजित होती रही है, जो किसी न किसी वजह से रद्द होती आयी है। गत 21 और 22 सितंबर को परीक्षा आयोजित की गयी थी। इसके बाद फिर पेपर लीक का मामला सामने आया । इससे विवाद बढ़ता चला गया। छात्र सीबीआई जांच की मांग को लेकर सड़क से लेकर न्यायालय तक गुहार लगाते रहे।

## राजधानी में बच्चियों से छेड़खानी , कई अफसरों पर गिरी गाज

# लापरवाही बरतने वाले चार पुलिसकर्मी निलंबित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** शहर के कन्या पाठशाला स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ मामले में लापरवाही बरतने वाले चार पुलिसकर्मियों को रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बताया जा रहा है छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की शिकायत करने कन्या पाठशाला के शिक्षक महिला थाना गये, जहां कहा गया कि यहां पति-पत्नी के मामले का निपटारा होता है। इसके बाद बिना शिकायत दर्ज किये कोतवाली थाना भेज दिया गया। जब शिक्षक कोतवाली थाना पहुंचे, तो वहां के मुंशी ने आवेदन लेकर किसी वरीय पुलिस पदाधिकारी को इसकी जानकारी नहीं दी और न ही समय रहते कोई कार्रवाई की।

इस मामले में आइजी अखिलेश झा ने कोतवाली थाने के एक मुंशी अविनाश कुमार, एएसआई सनातन हेम्ब्रम, महिला थाने की एक कर्मचारी उर्मिला कोरबा एवं एएसआई उषा कुमारी को सस्पेंड कर दिया है। आइजी ने बताया कि चार पुलिसकर्मियों को मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड किया गया है। उल्लेखनीय है कि कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी मामले के आरोपित फिरोज अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**बरियातू जमादार भी निलंबित :** इससे पूर्व भी 14 दिसंबर को बरियातू थाना के जमादार शंकर ठाकुर और मुंशी शशि कुमार को इसलिए निलंबित किया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने मोबाइल गुम होने की शिकायत लेकर थाना पहुंची आवेदिका लालपुर थाना जाने की सलाह दी थी।

### राष्ट्रपति की फेक आइडी बना ली, रांची में केस दर्ज

**रांची।** साइबर अपराधी अक्सर किसी भी व्यक्ति की फेक आइडी बनाकर ठगी के चक्कर में लगे रहते हैं, लेकिन इस बार तो साइबर अपराधियों ने हद ही कर दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ही फेक आईडी बनाकर फर्जीवाड़ा करने का प्रयास किया। मामले में संज्ञान लेते हुए रांची पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर अपराधियों के द्वारा आम लोगों से ठगी करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है. झारखंड के एक नागरिक के द्वारा इस मामले को लेकर पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिसके बाद रांची पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ठाकरे ने फडणवीस की भेंट, तरह-तरह की चर्चा



एजेंसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र में महायुति 2.0 सरकार के गठन के बाद नागपुर में विधानसभा का विशेष सत्र चल रहा है। तमाम विधायक और प्रमुख नेता नागपुर में है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों ने एक दूसरे का स्वागत किया। उनके साथ विधायक आदित्य ठाकरे भी थे। इस मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी है। फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात पर चर्चा शुरू हो गयी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और फडणवीस के बीच लंबी बातचीत हुई। इस दौरान उद्धव ने फडणवीस को सीएम बनने और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत की बधाई दी।

रिपोर्ट के अनुसार, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। सीएम से मुलाकात के बाद उद्धव ने विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर से भी मुलाकात की। शिवसेना (यूबीटी) के पास 20 विधायक है और पार्टी विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद की मांग कर रही है। हाल के विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन एमवीए का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। एमवीए के तीन प्रमुख घटक दल 50 सीट भी जीत नहीं पाये और कांग्रेस को 16, शिवसेना (यूबीटी) को 20 तथा एनसीपी को 10 सीटें मिलीं। वहीं, भाजपा अकेले 132 सीटें जीतने में कामयाब रही, जबकि उसकी सहयोगी पार्टियों शिवसेना को 57 सीट और एनसीपी को 41 सीटें मिलीं।

# संविधान लहराने का नहीं, विश्वास का विषय है : शाह

## झारखंड में जीते तो तुरंत शपथ, महाराष्ट्र में हारे तो इवीएम दोषी

एजेंसी



नयी दिल्ली। राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 5 नवंबर 1971 को इंदिरा गांधी की सरकार ने 24वें संशोधन में नागरिक अधिकारों को कर्टेल करने का संसद को अधिकार दे दिया। शाह ने 39वें संविधान संशोधन को लेकर कांग्रेस पर हल्ला बोला। साथ ही कहा कि यह संविधान संशोधन इसलिए किया गया क्योंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्वाचन अमान्य कर दिया और उन्होंने प्रधानमंत्री पद की न्यायिक जांच पर भी संशोधन से रोक लगा दी थी। विपक्ष के हारने को लेकर शाह ने कहा, वे हारने पर इवीएम ले लेकर घूमते हैं। महाराष्ट्र में सूपड़ा साफ हो गया तो इवीएम पर दोष। उसी दिन झारखंड में जीत गये तो हैं तो टप से नये कपड़े पहनकर जाकर शपथ ले ली। एक जगह ईवीएम सही, एक जगह उनके लिए ईवीएम खराब, ऐसा होता है कहीं।

**संविधान से इतना बड़ा छल :** श्री शाह ने कहा, महाराष्ट्र चुनाव में संविधान बांटे गये। एक पत्रकार के हाथ में आ गया। कोरा था। प्रस्तावना तक नहीं थी। 75 साल के इतिहास में संविधान के नाम पर इतना बड़ा छल हमने नहीं देखा है, न सुना है। हार का कारण ढूंढते हैं, बता दूं कि लोग जान गए कि संविधान की प्रति फर्जी लेकर घूमते हो तो लोगों ने हरा दिया।

श्री शाह ने आरोप लगाया कि वोटबैंक की राजनीति के लिए मुस्लिम बहनों के साथ इतने साल तक अन्याय करने का काम कांग्रेस ने किया है।

(शेष पेज 11 पर)

### चुनाव में अजीव नजारा दिखा

श्री शाह ने कहा, इस चुनाव में अजीबोगरीब नजारा देखा। किसी ने आम सभा में संविधान को लहराया नहीं। पर कांग्रेस नेताओं ने संविधान लहराकर, झूठ बोलकर जनादेश लेने का कुत्सित प्रयास किया। संविधान लहराने का विषय नहीं है, संविधान तो विश्वास का विषय है, श्रद्धा का विषय है। अमित शाह ने कहा, एक देश, एक चुनाव बिल पर संसद और विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ाने की बात पर कह रहे कि यह नहीं कर सकते। इन्होंने इमरजेंसी में विधानसभाओं का कार्यकाल ही बढ़ाकर पांच से छह साल कर दिया कि चुनाव हुए तो हार जायेंगे। इस पर विपक्ष के सदस्यों ने इस पर हंगामा शुरू कर दिया। गृह मंत्री शाह ने कहा कि खड़गे जी आपने किया है तो सुनना पड़ेगा। हिम्मत रखिए सुनने की। संविधान का सम्मान सिर्फ बातों में नहीं, कृति में भी होना चाहिए।

# जामताड़ा के रामेश्वर राइस मिल पर प्रशासन का छापा, अनियमितता के आरोप में सील

## एफसीआई का अवैध चावल बांग्लादेश भेजने का गोरखधंधा उजागर

- जामताड़ा में प्लास्टिक चावल रैकेट का पर्दाफाश
- रांची की टीम करेगी जांच, बांग्लादेश लिंक खंगालने की तैयारी
- जल्द हो सकती है गिरफ्तारी प्रशासन ने कसा शिकंजा
- कितनों की जिंदगी से खेल रहा था यह खतरनाक सिस्टम
- जांच में सामने आ सकते हैं कई चौंकाने वाले खुलासे



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। साइबर अपराध के लिए कुख्यात जामताड़ा अब अंतरराष्ट्रीय चावल तस्करी के मामले में सुर्खियों में आ गया है। जामताड़ा जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बेना स्थित रामेश्वरम राइस मिल में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में एफसीआई का चावल और बांग्लादेशी पैकेट बरामद किया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) राजशेखर के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में मिल के अंदर रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश लिखे बोरे में चावल पैक किया जा रहा था। प्रशासन ने राइस मिल को सील कर दिया है और 32 क्विंटल जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल समेत अन्य सामग्री को जब्त कर लिया है।

**सिंडिकेट का पदार्फाश :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि यह राइस मिल संगठित सिंडिकेट की तरह काम कर रहा था। चावल की तस्करी इतने गुप्त तरीके से की जा रही थी कि आसपास के लोगों को भी इसकी भनक नहीं लगी। जांच में यह सामने आया है कि यहां एफसीआई का चावल अवैध रूप से बांग्लादेश भेजा जा रहा था। इतना ही नहीं, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल को भी अन्य बोरों में पैक कर बाजार में खपाया जा रहा था।

**पुलिस की तत्परता से बड़ा खुलासा :** प्रशासन और पुलिस की टीम को पहले से गुप्त सूचना मिली थी कि जन वितरण प्रणाली के चावल का दुरुपयोग हो रहा है। लेकिन छापेमारी के दौरान बांग्लादेशी पैकेट में चावल बरामद होने से प्रशासन भी चौंक गया। इसके पीछे लंबे समय से तस्करी के रैकेट के सक्रिय होने की बात सामने आ रही है।

**जिले में मचा हड़कंप, तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत :** प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस ने संकेत दिया है कि जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है और सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

**प्रशासन की अपील :** जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें ताकि इस तरह के गोरखधंधे को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। इस मामले की गहन जांच जारी है और आने वाले दिनों में बड़ा खुलासा होने की संभावना है।

### मिल मालिक ने की उलझने की कोशिश

कार्रवाई के दौरान मिल मालिक संजय परसुराम का और उनके लोगों ने पदाधिकारियों से बहस करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता से मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है और चावल तस्करी की चर्चा जोरों पर है।

### नेपाल से नकली दवा तस्करी में भी था संलिप्त

सूत्रों के अनुसार, इस राइस मिल के मालिक संजय परसुराम का पहले भी अवैध कारोबार में नाम सामने आ चुका है। नेपाल पुलिस द्वारा नकली दवा सप्लाई करने के मामले में इन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब चावल तस्करी के मामले में उनके गिरोह का पदार्फाश होने से बड़े नेटवर्क के उजागर होने की संभावना है।

### लोगों की जान से किया जा रहा था खिलवाड़

जांच में यह भी आशंका है कि तस्करी किए गए चावल में प्लास्टिक चावल भी मिलाया जा रहा था, जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। यह गिरोह वर्षों से लोगों की जान और स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा था। सवाल यह है कि कितने लोगों को नुकसान पहुंचा होगा और किस हद तक यह तस्करी का खेल खेला जा रहा था।

## किसी के जीवन से खेलने का हक किसी को नहीं : डॉ इरफान

### चावल तस्करी पर सख्त हुए मंत्री, दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा में चावल तस्करी का मामला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। यह न केवल सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का प्रश्न है, बल्कि आम लोगों के हक के चावल की तस्करी कर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हमारी सरकार ऐसे गोरखधंधे को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। मैंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

पूरे मामले की गहराई से जांच होगी और इसमें शामिल बड़े सिंडिकेट का पूरी तरह से पदार्फाश किया जाएगा। मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की तस्करी या अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। यदि इस तस्करी में किसी भी स्तर पर प्रशासनिक या अन्य अधिकारियों की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि जो जानकारी मेरे संज्ञान में आई है, उसके अनुसार इस गिरोह के तार बांग्लादेश से जुड़े होने की आशंका है। इस दिशा में भी गहराई से जांच की जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### झामुमो के बयान पर भाजपा का पलटवार

# हेमंत सरकार वर्ष वार बकाया राशि का जारी करे ब्यौरा : प्रतुल शाहदेव



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो को बकाया राशि का वर्षवार ब्यौरा जारी करना चाहिये। यह बताना चाहिये कि जिस समय शिबू सोरेन कोयला मंत्री थे, उस समय अगर कोयला की रॉयल्टी का कोई बकाया राशि बचा था, तो उन्होंने कितना पैसा झारखंड को दिलवाया। उन्होंने हेमंत सरकार के गठबंधन दलों से यह भी जानना चाहा कि 10 वर्ष तक यूपीए सरकार जब शासन कर रही थी तो उस समय का कितना बकाया था। उन्होंने कहा कि अब झामुमो ने चुनाव पूर्व जिन योजनाओं की घोषणा की है उसके लिए शायद ढाई लाख करोड रुपए से भी ज्यादा की जरूरत हो। आंतरिक स्त्रोत से पैसा हो नहीं पा रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण मईया सम्मान राशि की 2500 की किस्त अभी तक नहीं जारी होना है। तो अब झामुमो जनता से सहानुभूति बटोरने के लिये बहाने बना रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंडियों के हित के लिये उचित कदम उठाने को तैयार है। बकाये का भुगतान करने के लिये भाजपा भी सकारात्मक कदम उठायेगी। लेकिन, सरकार को फर्जी नॉरेटिव और आंकड़ों की बाजीगरी का खेल बंद करना चाहिये। सरकार को सबसे पहले यह सार्वजनिक करना चाहिये कि यह जो 1,36,000 करोड़ का दावा कर रही है। वह किस वर्ष में किस विभाग से संबंधित है। उन्होंने कहा कि कर और रॉयल्टी के भी अंतर को झामुमो समझने की कोशिश करें।सांसद पप्पू यादव के पत्र में कोयले पर लगे कर का बकाया राशि का उल्लेख था। जबकि राज्यों को कोयला की रॉयल्टी मिलती है।

**वन नेशन, वन इलेक्शन के मुद्दे पर झामुमो का दोहरा मापदंड :** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो बाबा साहब अंबेडकर के संविधान में दिये गये राज्यों और लोकसभा के चुनाव एक साथ करने के कांसेप्ट का विरोध कर उनका अपमान कर रही है। 1951 से 1967 तक निर्बाध रूप से चुनाव होता रहा है। लेकिन, जब कांग्रेस की राज्यों में सरकारी जाने लगी तो धारा 356 का दुरुपयोग शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद कमेटी ने झामुमो से वन नेशन वन इलेक्शन पर उनकी राय जानना चाहा था, तो झामुमो ने कोई जवाब नहीं दिया था। आज झामुमो इसका विरोध कर रहे है।

## पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज, मॉनिटरिंग के लिए 23 जिलों में आइजी, डीआइजी और कमांडेंट प्रतिनियुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में बुधवार,(18 दिसंबर) को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 23 जिलों में 23 आईजी, डीआईजी और कमांडेंट रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी व कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है या नहीं, आम जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सम्मानजनक है या नहीं और जिले के एसपी द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। हालांकि रांची में किसी अधिकारी को प्रतिनियुक्त नहीं किया गया है।

**23 जिलों में प्रतिनियुक्त किये गये आईजी, डीआईजी और कमांडेंट :** आईजी अखिलेश झा। रामगढ़ः आईजी प्रभात कुमार। खूंटीः आईजी एवी होमकर। सिमडेगा : आईजी असीम विक्रांत मिंज। बोकारो : आईजी माइकल राज एस। पलामू : आईजी नरेंद्र सिंह। लातेहार : आईजी राजकुमार लकड़ा। हजारीबागः आईजी ए विजयलक्ष्मी। जामताड़ाः आईजी शैलेंद्र सिन्हा। देवघर : आईजी क्रांति कुमार गड़देसी। लोहरदगाः डीआईजी अनूप बिरथरे। गिरिडीहः डीआईजी सुनील भास्कर। कोडरमाः डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल। चतराः डीआईजी इंद्रजीत महथा। धनबादः डीआईजी सुरेंद्र झा। गढ़वाः डीआईजी वाई एस रमेश। पाकुड़ः डीआईजी संजीव कुमार। गोड्डाः डीआईजी शैलेंद्र वर्णवाल। सरायकेलाः डीआईजी संध्या रानी मेहता। गुमलाः डीआईजी कार्तिक एस। चाईबासाः डीआईजी मनोज रतन चौथे। साहेबगंजः कमांडेंट अंबर लकड़ा। दुमकाः कमांडेंट मो. अर्शी का नाम शामिल है।

## झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक में लिए गए कई निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। झारखण्ड राज्य युवा आयोग के आगामी वित्तीय वर्ष के लिए गठित कार्य-योजना एवं बजट के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है, ताकि इसपर सरकार की स्वीकृति प्राप्त कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयोग के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। आयोग का प्रयास यह होगा कि स्वीकृत बजट का 10 प्रतिशत युवाओं के हित में कार्यरत अन्य संस्थानों से सी.एस.आर., सहायता, दान, आदि के रूप में प्राप्त हो सके।

झारखण्ड राज्य युवा आयोग के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु युवा कल्याण, खासकर नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले राज्य में सक्रिय स्वयंसेवी संस्थाओं को आयोग के साथ सम्बद्धता की कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया है। सुयोग्य स्वयंसेवी संस्थाओं का आयोग के साथ निबन्धन उनकी सलाहकारी भूमिका के लिए होगी, उनसे मिलने वाले युवाहित के व्यवहारिक परामर्श के आलोक में आयोग सरकार के समक्ष स्वीकृति के लिए कार्ययोजना रख सकेगा। इस कार्य के लिए आयोग से सम्बद्धता प्राप्त स्वयंसेवी संस्थाओं को किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

खासकर असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए झारखण्ड राज्य के युवाओं को कौशल विकास के प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों, उपभोक्ता एवं प्लेसमेट एजेंसी के साथ आयोग समन्वयक की भूमिका, नवीनतम सूचना तकनीक के साथ एक ऑनलाईन प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य करेगा। बैठक में तत्सम्बन्धी कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रारंभ करने के लिए आयोग के द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया है।

आयोग के कार्यकलापों को सुगम और नियमसंगत बनाने के लिए निविदा समिति के गठन, आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण के द्वारा सुगम रेल-यात्रा हेतु अनुमान्य एच.ओ.आर. जारी करने, समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने, वाहन की स्वीकृति, आदि बिन्दुओं पर निर्णय लिए गए। बैठक में आयोग के सदस्यगण विशाल तिर्की एवं सुनील टुडू तथा आयोग के सदस्य सचिव वेद रत्न मोहन उपस्थित रहे।


समाहरणालय, चतरा
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

For and on behalf of the DISTRICT SPORTS OFFICER, CHATRA, JHARKHAND, e-tender are invited on item rate basis from the reputed manufacturers or their authorized distributors/dealers or registered suppliers/Agencies for **Procurement of Basic Facilities Items/Equipments for Residential Sports Training Centre at Jawahar Lal Nehru Stadium in CHATRA, JHARKHAND :-**

| S. No. | Particulars | Cost of Earnest Money |
|---|---|---|
| 1. | Procurement of Basic Facilities Items/ Equipments for Residential Sports Training Centre at Jawahar Lal Nehru Stadium in CHATRA, JHARKHAND :- | Rs.- 1,00,000/- |

| | |
|---|---|
| Date of Publishing of tender | 17-12-2024 |
| Bid submission end date (online documents) | 30-12-2024 |
| Date & (Time of opening of Bids online) | 30-12-2024 or subsequent date in the office of DISTRICT SPORTS OFFICER, CHATRA, JHARKHAND |

The tender documents along with other Terms and Conditions of the NIT and relevant documents can be downloaded from the website https://chatra.nic.in/ The Tender shall be uploaded in Gem Portal. The bidders shall have to upload scanned copies of all necessary documents like PAN/GST Number/ Demand Draft/ registration certificate duly renewed.


**Complete Tender Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: - https://chatra.nic.in/**

District Sports Officer, Chatra

PR 342178 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(24-25)#D


## ग्रामीण सड़क मरम्मती में अनियमितता की जांच हो : साहु

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने आज ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता श्रवण कुमार को पत्र लिखकर कर सड़क मरम्मती में बरती गयी अनियमितता की जांच करने की मांग की है। पत्र की कॉपी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भेजा गया है। श्री साहु ने आज ई-मेल और वॉट्सअप के जरिए पत्र भेज कर कहा है कि रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड के रांची-पतरातू मार्ग पर स्थित रत्न-2 बेंती मोड़ से सुथरपुर भाया- हरिहरपुर, बीचा के बीच मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत मरम्मत किये गये पथ को देखने साफ पता चलता है कि भारी अनियमितता बरती गई है। चूंकि एक दैनिक अखबार में पढ़ा था कि करीब साढ़े चौदह करोड़ की लागत से कुछ माह पूर्व ही इस सड़क की मरम्मती की गई थी। सच में सड़क की हालत देख कर बहुत आश्चर्य हुआ कि करोड़ों की राशि खर्च करने के बाद भी सड़क निम्न और घटिया स्तर का बनाया गया था, जिस कारण हर 50-60 मीटर के बाद सड़क धस गया है। बड़े- बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे साफ पता चलता है कि सड़क बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। और प्राक्कलन के अनुसार बनाया भी नहीं गया है। यह पूरी तरह से सरकारी पैसे की लूट है। चूंकि यह पूरी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में बनाया गया है, तो यह मान कर बनाया गया है कि किसी भी तरह काम करके राशि की निकासी कर लेना है। कोई देखने और बोलने वाला तो होगा नहीं। कई ग्रामीण से चर्चा में पाया गया कि दबंग और दलालों का सहारा ले कर इस तरह का काम किया गया है जो काफी गंभीर मामला है। आश्चर्य की बात तो यह है कि बेंती मोड़ के पास जो शिलापप्त लगाया गया है, उसमें वर्तमान सांसद मनीष जायसवाल एवं निवर्तमान विधायक अंबा प्रसाद का नाम अंकित है, जो किसी ने उसे अभी सफेद पेंट या चुने से पोत दिया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने इस सड़क निर्माण में हुई अनियमितता और सरकारी पैसे की लूट की जांच की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र की कॉपी दिया है। अगर अनियमितता करने वाले अभियंताओं, एजेंसी पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो बाध्य हो कर आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही आप पर होगी।

## खबर एक नजर में

### झारखंड में पानी की किल्लत नहीं होगी : योगेंद्र

रांची। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मंगलवार को विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें राज्य सस्तर के सभी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में चापाकल की स्थिति और उनकी मरम्मत के बारे में भी चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाए जायें और इस पर तुरंत कार्रवाई की जाये। समीक्षा बैठक में यह भी बताया गया कि विभाग की सभी योजनाओं की वन टू वैन मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि योजना के कार्यान्वयन में कोई कमी न हो और आम जनता को जल और स्वच्छता संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए कि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और सभी योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन किया जाये।

### जेएसएसी सीजीएल के परीक्षा परिणाम पर हाईकोर्ट की रोक स्वागतयोग्य : आजसू

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उच्च न्यायालय से जेएसएससी-सीजीएल के परिणाम पर रोक पूरे छात्र समुदाय की जीत है। यह फैसला छात्रों के संघर्ष की और आंदोलन की जीत है। राज्य सरकार के द्वारा छात्र समुदाय को दिग्भ्रमित करके आनन फानन में रिजल्ट जारी कर दिया। छात्रों की आवाज को लाठी डंडा और एफआईआर के माध्यम से दबाना चाहती थी। उच्च न्यायालय के द्वारा इस सरकार को सही आईना दिखाया गया है। पूरे आजसू सहित छात्र समुदाय की ओर से उच्च न्यायालय धन्यवाद एवं आभार उच्च न्यायालय से आग्रह है कि इस पूरे प्रकरण का सीबीआई जांच करवाने की कृपा करें ।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर रोक, छात्रों के संघर्ष की जीत : बाबूलाल मरांडी



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा परिणाम पर उच्च न्यायालय के रोक का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय का यह निर्देश संघर्षरत हजारों छात्रों की जीत और राज्य सरकार की हठधर्मिता की पराजय है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर न्यायालय द्वारा रोक लगाना स्वागतयोग्य निर्णय है। यह फैसला छात्रों के संघर्ष की जीत और हेमंत सोरेन सरकार के अहंकार की हार है। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों और भाजपा के कार्यकताओं को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्ताधारी नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और आयोग की भूमिका संदिग्ध है। इसलिये, पारदर्शी परिणाम के लिये सीबीआई जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है उच्च न्यायालय सीबीआई जांच का आदेश देकर छात्रों को न्याय दिलाने की पहल करेगी।

### तस्करी के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

रांची। एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में जेल में बंद आरोपी सत्येंद्र प्रसाद की जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी को पुलिस ने 29 नवंबर को गिरफ्तार किया था। जब से वह जेल में है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 13 दिसंबर को याचिका दाखिल की थी। आरोपी को इटकी थाना क्षेत्र से 205 किलो डोडा के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले में आरोपी के खिलाफ इटकी कांड संख्या 34/23 एन के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### ठोस साक्ष्य के अभाव में हिट एंड रन का आरोपी रिहा

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की अदालत ने हिट एंड रन मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी खलारी निवासी महेंद्र महतो को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। उस पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप था। वाहन के धक्के से अशोक कुमार महतो नामक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतक के छोटे भाई मुकेश कुमार महतो ने 17 जनवरी 2023 को बुड़मू थाना में कांड संख्या 08/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लेकिन, अदालत में सुनवाई के दौरान एक भी गवाह केस को साबित करने नहीं पहुंचा। जांच अधिकारी भी नहीं पहुंचा। अदालत ने गवाहों को लाने के लिये एसएसपी को भी लिखा था। बावजूद इसके एक भी गवाह नहीं प्रस्तुत किया जा सका। इसका लाभ आरोपी को मिला।

सुप्रभात

बुधवार 18.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 237

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

### पारंपरिक वस्त्र क्षेत्र में कौशल विकास योजनाओं का विस्तार

# केंद्र ने झारखंड को दिये 223.95 करोड़: ढुल्लू महतो

**विशेष संवाददाता**



**धनबाद।** केंद्र सरकार ने झारखंड में कौशल विकास और पारंपरिक उद्योग को बढ़ावा देने की विविध योजना के लिए बीते तीन वर्षों में 223.95 करोड़ रुपया दिया है। केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो को बताया कि झारखंड में समथथ योजना के तहत 21 प्रशिक्षण केंद्र कार्यरत हैं, जहां पिछले तीन वर्षों में कुल 3,263 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें महिलाओं की संख्या 3,049 है, जबकि अनुसूचित जाति के 490 और अनुसूचित जनजाति के 1,173 लोग लाभान्वित हुए हैं। इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक वस्त्र क्षेत्र में कौशल विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। इस योजना में वंचित सामाजिक समूहों जैसे महिलाओं, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को प्राथमिकता दी जाती है।

संसद सदस्य ढुलू महतो ने पारंपरिक वस्त्र क्षेत्र में कौशल विकास के मुद्दे को सदन के समक्ष रखा है। उनके द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवालों पर सरकार ने अहम जानकारी साझा की है। वस्त्र मंत्रालय ने 'समथथ योजना' के अंतर्गत झारखंड में कौशल विकास और पारंपरिक उद्योगों के लिए किए गए कार्यों का ब्योरा दिया है।

वित्तीय जानकारी साझा करते हुए सरकार ने बताया कि झारखंड में समथथ योजना के तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल 223.95 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वर्ष 2021-22 में 85.69 करोड़ रुपये, 2022-23 में 23.27 करोड़ रुपये, 2023-24 में 114.99 करोड़ रुपये खर्च किये गए। योजना के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म और बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रमों की निगरानी की जाती है ताकि अधिक पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

## सरिया बनाने वाली बाबा हाईटेक पर गंभीर प्रदूषण फैलाने की शिकायत

# ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लिखा सामूहिक पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** मैथन ओपी क्षेत्र के मेंढ़ा ग्राम के पास चल रहे सरिया बनाने वाली बाबा हाईटेक पर वही के ग्रामीणों ने गंभीर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सामूहिक पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि मेढा ग्राम स्थित बाबा हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गंभीर प्रदूषण फैलाया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के साथ-साथ दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है इसलिए इस कंपनी की जांच कर उचित कार्रवाई किया जाए पत्र में यह भी उल्लेख है कि कंपनी द्वारा बिना समुचित उपाय किए ही कच्चा धुआं निकला जाता है



जिससे क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारी होने की संभावना है कई लोगों में खांसी की शिकायत भी मिली है पत्र की कॉपी मैथन ओपी प्रभारी के साथ-साथ अन्य विभागीय अधिकारियों को भी भेजा गया है जिसमें कंपनी की गहन जांच पड़ताल करने एवं प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने का अनुरोध किया गया है। मेढा ग्राम के समाजसेवी उपेंद्र राय ने कहा है कि संध्या होते ही कंपनी से गंभीर काला धुआं निकलने लगता है जिससे आसपास के क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिए रहना काफी मुश्किल हो रहा है इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए जिससे कि लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सके। वहीं उक्त मामले पर मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि बाबा हाईटेक मामले की शिकायत पत्र मिला है जिसे प्रदूषण नियंत्रण विभाग को भेज दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय लटानी में डालसा के बैनर तले प्ले कार्ड के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसका लक्ष्य 90 दिवसीय आउटरीच अवेयरनेस प्रोग्राम रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जा रही निशुल्क विधिक सहजता एवं सरकार द्वारा चलाई जारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभों के बारे में बताया गया। छात्राओं को चाइल्ड राइट्स के अधिकारों के विषय पर सभी कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। जिनमे बाल श्रम, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी बढाओ के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम पीएलबी ओमप्रकाश दास तथा विक्रम मोदी के द्वारा किया गया। मौके पर शिक्षिका कविता कुमारी, रचना कुमारी, वह सुमन कुमारी, मौजूद रही।

### भाजपा नेता का निधन

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड भाजपा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जीटी रोड कौवाबांध निवासी हरेराम सिंह 40 वर्ष का निधन हो गया। वह पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। परिवार में धर्मपत्नी, एक पुत्र ज्ञानवर्धन एवं पुत्री विजया लक्ष्मी है। खुदिया घाट में अंतिम क्रिया में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### बीपीआरओ की विदाई



**गोविंदपुर।** बीडीओ जहीर आलम ने कहा कि आज के दौर में भी समाज में अच्छे पदाधिकारियो की कद्र है। वे प्रखंड सभागार में सेवानिवृत्त बीपीआरओ सह जेएसएस वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा की विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बीपीआरओ कर्मठ एवं मेहनती पदाधिकारी रहे। प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने कहा कि श्री विश्वकर्मा का सभी से मित्रवत व्यवहार रहा। मौके पर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी के सहयोग से ही उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह करने में सफलता मिली।

### केनरा बैंक में कृषि महोत्सव

**गोविंदपुर।** केनरा बैंक की गोड़तोपा शाखा ने मंगलवार को कृषि महोत्सव का आयोजन किया। मंडल प्रबंधक नीरज कुमार, प्रबंधक जितेंद्र कुमार और जेएसएलपीएस के रमेश कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों को बुला समूह के पांच सूत्रों के बारे में जानकारी दी। कृषि महोत्सव में समूह को 48 लाख ऋण वितरित किया गया। शाखा प्रबंधक अनिल कुमार मल्लिक ने सभी समूहों की दीदियों को कृषि से जुड़े व्यवसाय की जानकारी दी। स्वावलंबी होने के तरीके बताए।

### जिले में 18 को 5 स्थान पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

# पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत करने वाले की पहचान रखी जायेगी गोपनीय

**व्हाट्सएप नंबर तथा ईमेल आईडी के माध्यम से भी की जा सकती है शिकायत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शिकायत जिस किसी के खिलाफ जो चाहे पुलिस ही क्यों न हो इसका निबटारा 18 दिसंबर को जिले के पांच स्थानों में होने वाले जन शिकायत समाधान केंद्र में होगा। शिकायत करने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। सोए के डीजीपी के आदेश पर धनबाद में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिन 5 स्थानों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का होगा उसमें बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत सभी थानों के लिए शिविर कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला में, सिंदरी अनुमंडल के लिए जोरापोखर स्थित टाटा कम्युनिटी हॉल डिगवाडीह, निरसा अनुमंडल के लिए निरसा पॉलिटेक्निक कॉलेज, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 एवं 2 के क्षेत्र की जनता के लिए अल इकरा कॉलेज टुंडी-गोविंदपुर रोड तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के अंतर्गत सभी थानों के लिए शिविर का आयोजन अभय सुंदरी बालिका उच्च विद्यालय हीरापुर में किया जाएगा।

उक्त जानकारी मंगलवार को सीटी एसपी अजीत कुमार ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 तथा ईमेल आईडी जनशिकायत-धनबाद एट दी रेट ऑफ जेएचपुलिस डॉट जीवोभी डॉट इन पर भी सीधे दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम सुबह दस बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाली शिकायतों का पंजीकरण कर उसका निपटारा उसी वक़्त किया जाएगा। मौके पर डीएसपी मुख्यालय टू धीरेन्द्र नारायण बंका भी मौजूद थे।



#### शिविर में नये कानून की दी जायेगी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, नये कानून के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जीरो एफआईआर, ऑनलाइन एफआईआर, डायल 112, डायल 1930 इत्यादि की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही संपत्ति मूलक अपराध, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध, नॉन बैंकिंग फाइनेंस, मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव के द्वारा अत्याधिक लाभी दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इस कार्यक्रम के दौरान शिविर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि आम जनता को इसकी जानकारी दी जा सके।

#### स्तरीय विशेष सेल का गठन

सिटी एसपी ने कहा कि जन शिकायत समाधान शिविर के तहत शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा वरीय पदाधिकारी के माध्यम से उसका निवारण किया जाएगा। शिकायतों के त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा लिगल वॉलेंटियर भी उपस्थित रहेंगे।

## हेक्सागन इंडिया और टेक्समिन, आईआईटी ने मिलाया हाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** हेक्सागन इंडिया और टेक्समिन, आईआईटी कि संयुक्त साझेदारी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का शुभारंभ हुआ। पद्म भूषण डॉ वी के सारस्वत (सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार) ने सेंटर का उद्घाटन किया। हेक्सागन इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद कौशिक ने कहा कि हेक्सागन इंडिया में हम अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नए आईडिया को बढ़ावा देने और उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टेक्समिन, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के साथ यह साझेदारी एआई, आईओटी और भू-स्थानिक विश्लेषण जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ खनन क्षेत्र में कई अत्याधुनिक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा लक्ष्य एक साथ मिलकर एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जो न केवल खनन में मौजूदा



चुनौतियों का समाधान करता है, बल्कि भारत को टिकाऊ और प्रौद्योगिकी-संचालित खनन समाधानों में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करता है। आईआईटी (आईएसएम) के उप निदेशक और टेक्समिन फाउंडेशन के परियोजना निदेशक प्रो. धीरज कुमार ने कहा, टेक्समिन-हेक्सागन सीओसी की पहल का उद्देश्य खनन 4.0 के युग की नींव रखना है, जिससे खनन क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक और कम्प्यूटेशनल शक्ति लाई जा सके। यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो यह सहयोग खनन में क्रांति लाने, दक्षता, सुरक्षा और स्थिरता को पहले से अकल्पनीय तरीकों से आगे बढ़ाने में एक आधारभूत कदम होगा।

मौके पर मनोज शर्मा (निदेशक विपणन और बिक्री उत्कृष्टता, हेक्सागन इंडिया), प्रो. सुकुमार मिश्रा (निदेशक, आईआईटी (आईएसएम), प्रो. धीरज कुमार (उप. आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के निदेशक और टेक्समिन फाउंडेशन के परियोजना निदेशक) मौजूद रहे।

## गोपीनाथपुर कोलियरी में धारा 163 लागू



**पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी के एमडीओ मोड परियोजना में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर सोमवार को इंडी गठबंधन एवं भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प व मारपीट मामले में निरसा पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए दो समर्थकों को गिरफ्तार किया है। बाकी नामजद व अन्य अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। मंगलवार की सुबह इंडी गठबंधन के समर्थकों द्वारा दोबारा कोलियरी परिसर में धरना-प्रदर्शन करने का प्रयास किया गया, लेकिन निरसा सीओ रमेश दास ने उन्हें कोलियरी परिसर में जाने से रोक दिया गया। सीओ ने इंडी समर्थकों को बताया कि कोलियरी परिसर में धारा 163 लागू कर दिया गया है। इसलिए कोलियरी परिसर में धरना प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। इंडी समर्थकों को कोलियरी परिसर से 3 सौ मीटर की दूरी पर जगह चिन्हित कर पंडाल बनाने की सलाह दी। मौके पर उपस्थित निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि कल पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है, जब तक प्रबंधक 9 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता नहीं करती है, तब तक कार्य भी बंद रहेगा।

### डीसी के जनता दरबार में पहुंचा एसबीआई में गड़बड़ी का मामला

# पेंशन व ग्रेच्युटी की मूल प्रति बैंक से हुई गुम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में गड़बड़ियां रूकने का नाम नही ले रही है। जगजीवन नगर ब्रांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्र के जनता दरबार में डुमरा मोड़ ब्रांच का एक मामला पहुंचा। भुक्तभोगी ने बैंक से न्याय दिलाने कि गुहार लगायी।

भुक्तभोगी रिटायड कर्मी ने बताया कि वर्ष 2017 में एसबीआई की डुमरा ब्रांच को पुनरीक्षित पेंशन एवं ग्रेच्युटी की मूल प्रति भूगतान के लिए भेजी गई थी। लेकिन बैंक कर्मियों की लापरवाही की वजह से वह प्रति गुम हो गई। काफी दिन बीत जाने के बार इसकी जानकारी दी गई। अब जब बैंक से प्राधिकार पत्र की द्वितीय प्रति या गुम होंने की जानकारी मांगी जा रही है, तो बैंक ने चुप्पी साध रखी है। न कागजात खोने का प्रतिवेदन भे जा जा रहा है और न ही पुनरीक्षित पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा रहा है।

इसके अलावा जनता दरबार में सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, बेड़ा नियामतपुर से सुवरियां तक के कम गुणवत्ता वाली सड़क निर्माण की जांच कराने, जबरन जमीन हड़प लेने, दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा कर रास्ता बंद कर देने, बारंबार दाखिल खारिज आवेदन रद्द कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सभी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया।



**खास बातें:** उपायुक्त ने मामले कि गंभीरता को देखते हुए एसबीआई के चीफ मैनेजर से फोन पर बात कर शीघ्र ही कागजात उपलब्ध कराने और पीड़ित व्यक्ति की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि हालहीं में एसबीआई के जगजीवन नगर ब्रांच में बीसीसीएल के एक कर्मी द्वारा लोन कि राशि जमा करने के बाद भी उक्त ब्रांच द्वार बार बार नोटिस भेजा जा रहा था। भुक्तभोगी के विरोध के बाद भी बैंक के कर्मी अपनी गलती मानने को तैयार नही हो रहे थे।

## एक नजर में

### बीएसके कॉलेज में नए भवन का भूमि पूजन



**मैथन।** सोमवार को बीएसके कॉलेज मैथन में कॉलेज के नए शैक्षणिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीबीएमकेयू के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह उपस्थित थे। इस दौरान विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन किया गया। मालूम रहे कि महाविद्यालय में बनने वाले स्टूडेंट रिसर्च भवन का निर्माण रूषा द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीपी सिंह और सभी शैक्षणिक और गैर-शिक्षण कर्मचारी, एनएसयूआई से रितिक चटर्जी, सज्जाद हुसैन, शिवम भगत, रवि कुमार, आशीष सिंह, आलोक यादव इत्यादि मौजूद थे।

### सड़क चौड़ीकरण योजना को लगी 'ठंड'

**गोविंदपुर।** सर्द मौसम ने गोविंदपुर बाजार क्षेत्र में जीटी रोड चौड़ीकरण कार्य में लगी स्काईलार्क कंपनी को भी सर्द बना दिया है। स्काईलार्क कंपनी को एनएचएआई की ओर से हर हाल में 20 दिसंबर तक बाजार क्षेत्र में सर्विस लेन का कार्य पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया था। कार्य की समीक्षा के लिए धनबाद समाहरणालय में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार क्षेत्र में कार्य पूरा करने के लिए 20 दिसंबर की तारीख तय कर दी थी। बैठक में एनएचएआई के अधिकारी भी मौजूद थे। उपायुक्त के आदेश के बाद गोविंदपुर बाजार में जोर-शोर से कार्य शुरू हुआ। अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे की निगरानी में कार्य चल रहा था। अंचलाधिकारी 20 दिसंबर तक बाजार क्षेत्र में कार्य पूरा कर लेने की बात बार-बार दोहरा रहे थे। चौड़ीकरण कार्य से बाजार गर्म था और लग रहा था निर्धारित तिथि के अंदर ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा लेकिन अब ऐसा नहीं दिखता।

### चिकित्सक के आवास से 10 लाख की चोरी



**जोड़ापोखर।** झरिया थाना क्षेत्र के भागा 4 नम्बर के रहने वाले डॉक्टर अभिलेन्द्र पासवान के घर को चोरो ने निशाना बना कर 80 हजार रुपए नगदी सहित लगभग 10 लाख रुपए की सम्पति चुरा ले गए। घटना के समय डॉक्टर सपरिवार शादी में गये हुए थे। डॉक्टर पासवान ने बताया है की दो वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई हैं। सोमबार की रात में पूरा परिवार के साथ बस्ताकोला शादी समाहरोह में गये थे,12 बजे रात को घर लौटने पर दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। घर के अन्दर रखा गया अलमीरा को तोड़कर चोरो ने 80 हजार रुपये नगद सहित शादी का गहना जिसमें शामिल है सोने का चैन 5 पीस, माला नेकलेस, मांगटीका, नथिया, अंगूठी, मंगलसूत्र, कान का तीन सेट झुमका, दो टॉप, बाला दो पीस, चांदी का छला, बिछिया आदि चोरो ने चोरी कर लिया है। घटना की जानकारी झरिया पुलिस को दिया गया है, पुलिस जांच कर रही हैं।

### विद्यालय में लगी पुलिस पाठशाला



**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह स्थित न्यू एंजेल्स होम स्कूल के प्रांगण में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें जोड़ा पोखर थाना प्रभारी श्री राजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्कूल के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर और प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। थाना प्रभारी ने बच्चों को अनुशासन में रहकर अपने जीवन का लक्ष्य को प्राप्त करने की सलाह देते हुए कहा कि 18 साल से पहले मोटर बाइक और मोबाइल का उपयोग ना करें जब भी अभिभावक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो तो हेलमेट का उपयोग जरूर करें। मोबाइल में पठन-पाठन से संबंधित चीजें अगर देखना हो तो वह भी अभिभावक की निगरानी में ही करें।

### धनबाद में ईसीआईसी के 150 बेडेड अस्पताल की मांग : ढुलू महतो

**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने श्रमिकों के स्वास्थ्य और उनके परिवारों की भलाई के लिए एक अहम कदम उठाते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 150-बेडेड अस्पताल स्थापित करने की मांग की है। मंत्री को लिखे अपने पत्र में सांसद ने उल्लेख किया है कि धनबाद, जिसे 'कोल कैपिटल ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है, झारखंड का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहाँ के श्रमिक खतरनाक कार्य परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे वे श्वसन संबंधी रोग, चोटें और अन्य व्यावसायिक बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। वर्तमान स्वास्थ्य सेवाएँ उनकी जरूरतों को पूरा करने में नाकाफी साबित हो रही हैं। ढुलू महतो ने बताया कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और सीएमपीडीआई जैसी प्रमुख कंपनियों के हजारों श्रमिक धनबाद में कार्यरत हैं, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि एक आधुनिक अस्पताल की स्थापना से श्रमिकों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जिससे उनकी सेहत में सुधार होगा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकेगा। सांसद ने यह भी कहा कि यह अस्पताल केवल श्रमिकों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी स्वास्थ्य सुविधाओं का एक नया आयाम साबित होगा। उन्होंने सदन में भी इस विषय को उठाया है और केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करने की अपील की है। सांसद महतो ने विश्वास जताया कि यह अस्पताल धनबाद के विकास में एक नया मील का पत्थर साबित होगा और श्रमिक समुदाय को एक सुरक्षित व स्वस्थ जीवन प्रदान करेगा।

## स्पीड न्यूज

### उप प्रमुख-मुखिया ने किया ड्रेस वितरण




**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ स्थित नेताजी सुभाषचंद्र आवासीय विद्यालय में 147 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस, ट्रैक शुट, जूता चप्पल का वितरण किया गया। उप प्रमुख शीतल सिंह व मुखिया दुलारी देवी ने बच्चों को स्कूली ड्रेस देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप प्रमुख शीतल सिंह ने कहा कि बच्चों को स्कूल ड्रेस मिलने से बच्चों में समानता की भावना आयेगी। मौके पर स्कूल के वार्डेन अनिल कुमार ठाकुर, शिक्षक राजेंद्र प्रजापति, शिक्षक सतीश कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने चतरा में रेल मार्ग की मांग को संसद में उठाया



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** सांसद कालीचरण सिंह ने संसद में चतरा लोकसभा क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग उठाया है। लोकसभा में नियम-377 के तहत सांसद ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर रेल लाइन का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने यह तर्क रखा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के नागरिकों का व्यापार, यात्रा, एवं अन्य कार्यों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आवागमन होता रहता है। ऐसे में रेल सेवाओं का विस्तार नागरिकों के लिए सहूलियत के साथ विकास का द्वार भी खोलेगा। चतरा को रेल नेटवर्क से जोड़ने पर बिहार दिल्ली और मुंबई के लिए एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में संत मरियम का शानदार प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** जिला +2 स्कूल में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में संत मरियम आवासीय विद्यालय के कई छात्रों ने भाग लिया। इसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें भाषण, चित्रकला, हस्तकला, नाटक, कविता, कहानी लेखन, विज्ञान मेला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्रावासी बच्चों ने अपनी मेहनत से सभी को प्रभावित कर विद्यालय का नाम रौशन किया। मौके पर अनस जमाल, आर्ट प्रशिक्षक दीपक कुमार भी थे।

### छह मुहान पर चला सघन जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें कई बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। 11 बाइक पकड़ कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। मंगलवार को कुल चालान फाइन राशि के रूप में 63050 हजार रुपये आये हैं।

### गला रेतने का आरोपी भेजा गया जेल




**पड़वा, पलामू।** थाना क्षेत्र के बुची लामी में सोनू भुइयां का गला रेत कर जान मारने का प्रयास किया गया। इस संबंध में पड़वा थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान में बुची लामी के सोनू भुइयां की पत्नी पूनम देवी और उसके साढ़ू जोगेंद्र शर्मा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों पर सोनू का गला रेतने का आरोप है। पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया को दोनों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपी पूनम देवी पति सोनू भुइयां, ग्राम बुची लामी, थाना पड़वा व जोगेंद्र शर्मा पिता स्वर्गीय कृत शर्मा पता मझगांव, दोनों थाना पड़वा, पलामू के रहने वाले हैं।

### निजी वाहन में भूसे की तरह बच्चों को भरकर ढो रहा गुरुकुल विद्या निकेतन




**चैनपुर (पलामू)।** अस्पताल चौक स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूली बच्चों को क्षमता से अधिक वाहनों पर बैठाकर ले जाता है। जबकि नियमानुसार वाहन के सीट से अधिक बच्चों की संख्या नहीं होनी चाहिए। स्कूली टेंपो पर बच्चों से इतने भरे होते हैं कि चालक को हैंडल मोड़ने में भी दिक्कत होती है। सात सवारी वाले टेंपो पर 10 से 15 बच्चे बैठाये जा रहे हैं। अधिक बच्चे होने से दुर्घटना घटने की हर समय संभावना बनी रहती है। प्रबंध निदेशक सिकंदर जी ने बताया कि मेरा स्कूल ऑटो दो किमी तक 15 बच्चे बैठाकर ले जाती है। ज्यादा दूरी नहीं होने से टेंपो पर क्षमता से अधिक बच्चे को बैठाया जाता है।

### मनातू के धनकाही में पोस्ता खेती नष्ट



**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के धनकाही के समीप जंगल में पोस्ता की खेती को मनातू पुलिस ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। वहां 15 एकड़ वन भूमि पर पोस्ता की खेती हो रही थी। जिसकी गुप्त सूचना एसपी रीष्मा रमेसन को प्राप्त हुई। उन्होंने अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट करने का निर्देश मनातू थाना प्रभारी को दिया। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने सदल बल के साथ धनकाही जंगल पहुंच ट्रैक्टर से लहलहाती खेती को पूरी तरह नष्ट कर दिया। एसपी ने बताया कि मादक पदार्थों की खेती कर तस्करी करने की योजना तस्करों की थी। जिसे पुलिस ने समय रहते ही नष्ट कर दिया है।

### प्रथम उप महापौर और नगर आयुक्त ने ऑटो चालकों का अनशन तोड़वाया



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन शाखा पलामू व ऑटो चालक महासंघ के अध्यक्ष रामाकांत दुबे व संयोजक सह केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश सिंह के नेतृत्व में पलामू जिला प्रशासन के रवैया के खिलाफ अनिश्चितकालीन ऑटो हड़ताल किया गया था। इसके तहत जिला समाहरणालय परिसर में आमरण अनशन प्रारंभ किया गया। ऑटो हड़ताल से जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से आनेवाले लोगों को काफी कठिनाइयां हो रही थी। ऑटो चालक संघ ने सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों से अपनी मांगों को रखा था। जिसपर वित्त मंत्री ने पहल कर जिले के अधिकारियों को हड़ताल समाप्त कराने व जांच कमेटी बनाने को कहा था।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण का फैसला स्वागत योग्य : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



अरुणा शंकर, प्रथम महापौर।

**मेदिनीनगर।** कई दिनों से चल रही टेंपो हड़ताल समाप्त करने को लेकर पदाधिकारी को निर्देश देने के लिए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के फैसले का मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं चेंबर सदस्यों ने स्वागत किया है। श्रीमती शंकर ने बताया कि इस हड़ताल से जहां ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी वही सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे थे। साथ ही शहरी क्षेत्र में भी कई तरह के आवागमन में दिक्कत आ रही थी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन टेंपो चालकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। शहर में कई जगह नगर निगम द्वारा वाहन स्टैंड के नाम पर ठेका कर दिया गया है फलस्वरूप हर जगह रंगदारी की तरह पैसा वसूली जा रही है। निगम एक माहवारी शुल्क तय करें ताकि वाहन मालिकों को रंगदारी शुल्क का सामना न करना पड़े।

# सांसद बीडी राम ने लोकसभा में गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने का मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



बिष्णुदयला राम, लोकसभा सांसद पलामू।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित करने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन के तहत (अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित करने का निर्णय केंद्र सरकार ले चुका है एवं राज्य सरकार को सूचित भी किया जा चुका है। परंतु दुर्भाग्यवश राज्य सरकार पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित न कर बोकारो में स्थापित कराना चाहती है, परंतु ध्यान देने योग्य बात यह है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है जो भविष्य में यदि इस आईएमसी का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो सके। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और प्रधानमंत्री का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ सके। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार से मांग किया है कि गढ़वा जिला के भवनाथपुर में (आईएमसी) स्थापित करने से संबंधित निदेश राज्य सरकार को देने की कृपा की जाय। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे : राधाकृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने प्रखंड कार्यालय परिसर में ओपन जिम का उद्घाटन और ऊर्जा स्तंभ समेत अन्य योजनाओं का किया शिलान्यास
- विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

मनीष दुबे



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड कार्यालय परिसर में सूबे के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर का स्वागत किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ने मंगलवार को कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें ओपन जिम का उद्घाटन, ऊर्जा स्तंभ सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मौके पर युवा नेता प्रशांत किशोर, डीडीसी सबीर अहमद, पाटन प्रमुख शोभा देवी, ईश्वरी पांडेय, अरुण सिंह, पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव, मुखिया राकेश दुबे, पुर्व मुखिया अखिलेश पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। वित्त मंत्री ने कहा कि पहली बार पाटन प्रखंड कार्यालय का ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है। उन्होंने भी इस कार्य के लिए पाटन बीडीओ की सराहना की। कहा कि पाटन से हमारा पुराना नाता रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने 45 साल तक राजनीतिक जीवन पाटन के लोगों से मिलकर विताया है। जिस तरह साफ सफाई से प्रखंड परिसर कि खुबसूरती दिखाई पड़ रही है उसी प्रकार विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसी सोच हम सभी को रखना होगा और कार्यपालिका एवं विधायिका दोनों को टीम वर्क के साथ काम करना होगा। पाटन अंचल में जमीन किसी का और उसी जमीन को किसी और को कर दिया गया है जो शर्म की बात है। मेरे कार्यकाल में ऐसी शिकायत नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने मइयां सम्मान योजना को सराहा और कहा कि इस योजना से महिला अपने पर्सनल कार्य कर रही है।

# जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद पहले की तरह शहर में चलेगा ऑटो

- सूबे के वित्त मंत्री ने टेंपू हड़ताल समाधान को लेकर की बैठक
- बैठक में जांच कमेटी का किया गया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय में ऑटो चालक संघ द्वारा प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया। इसके बाद संघ के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर में आमरण अनशन किया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को परिसदन में उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद अहमद के साथ उच्चस्तरीय बैठक किया। बैठक में ऑटो चालकों की समस्या एवं ट्रैफिक व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की कठिनाईयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए एक जांच कमिटी बनाई जाये। जिसमें क्षेत्रीय सांसद, जिले के सभी विधायक, चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि के साथ संबंधित हितधारकों को शामिल किया जायेगा। यह कमिटी ऑटो संचालन से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार करते हुए उचित समाधान निकालने का प्रयास करेगी। जिससे कि ट्रैफिक व्यवस्था में भी कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। मंत्री श्री किशोर ने बैठक में निर्देश दिया कि जब तक जांच कमिटी का रिपोर्ट नहीं आता है तब तक शहर में ऑटो पूर्व की भांति संचालन किया जायेगा। शहर के विकास व जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही कोई निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में बैठक की जायेगी जिसमें यातायात प्लान के तहत ऑटो रिक्शा के लिए मार्ग निर्धारित किया जायेगा।

# पलामू के एकमात्र औद्योगिक संस्थान ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजन रेहला को मिला राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता




**बिश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजन रेहला को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बीईई (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी) के द्वारा संचालित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। इस बार ग्रासिम, रेहला इकाई को क्लोर अल्कली के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह पुरस्कार ग्रासिम क्लोर अल्कली के सीईओ मयंक शर्मा और ग्रासिम, रेहला के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी को दिया। इसमें ग्रासिम, रेहला के पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा जी और एनर्जी मैनेजर सूरज पांडे भी शामिल थे। विदित हो कि इस पुरस्कार हेतु सभी औद्योगिक कैटेगरी एवं सेक्टर में कुल मिलाकर 752 औद्योगिक इकाइयों के आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें क्लोर अल्कली के क्षेत्र में ग्रासिम, रेहला ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। ग्रासिम, रेहला इकाई ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है एवं उसी का परिणाम है कि आज इस इकाई को यह प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। औद्योगिक क्षेत्र के लिए ऊर्जा से संबंधित यह पुरस्कार सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाता है। ग्रासिम, रेहला कारखाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रासिम रेहला की वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष इस पुरस्कार से संबंधित मुख्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को मांग पत्र सौंपा



**सतबरवा।** पूर्व जिप सदस्य मेदिनीनगर सदर सह वर्तमान जिप सदस्य प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने भाजपा शिष्टमंडल के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली में मुलाकात कर अपने क्षेत्र की समस्या गिनाते हुए 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जो सड़क, सिंचाई, मनरेगा, जलाशय से संबंधित है। वहीं जमूने, लहलहे, मलय नदी पर चेक डैम निर्माण तथा चुकरू, कुनडेलवा, लहलहे, केडिया, सुआ, सरजा पोलपोल में सड़क निर्माण की मांग शामिल है। मौके पर हिरदा सिंह, भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता देवेश तिवारी भी मौजूद थे।

### मनातू पुलिस ने किया पोस्ता की खेती को नष्ट



**मेदिनीनगर।** मनातू थाना पुलिस और वन विभाग, मनातू ने खरीकदाग स्थित इटवाही जंगल में लगभग 15 एकड़ में पोस्ता की खेती को नष्ट किया। मनातू पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे मादक पदार्थों की खेती न करें और न ही दूसरों को करने दें। पोस्ता की खेती करनेवालों की जानकारी पुलिस को दें ताकि कार्रवाई हो सके।

### अंचल में अमीन नहीं रहने से बढ़ रहे जमीनी विवाद



**हरिहरगंज पलामू।** अंचल में अमीन नहीं रहने से क्षेत्र के दर्जनों मापी वाद लंबित हैं। लोग महीनों से नापी का आवेदन देकर जमीन की पैमाइश के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। परंतु नापी नहीं हो पा रही है। इससे क्षेत्र में जमीनी विवाद बढ़ रहा है। गांव तथा शहरी क्षेत्रों में अधिकतर विवाद जमीन संबंधित ही होता है। इस संबंध में सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि अमीन नहीं रहने से मापी संबंधित कई मामले लंबित हैं। अमीन उपलब्ध कराने के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा गया है।

### वित्त मंत्री ने किया नौडिहा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन व झरीनिमियां में धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास



**पाटन पलामू।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को पाटन प्रखंड के मेराल पंचायत के झरीनिमिया गांव में धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच जनजाति समाज के संस्कृति को संरक्षित करना है। इस भवन में आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को समेट कर रखा जायेगा। आदिवासी समुदाय धुमकुड़िया में ही बैठकर सभी के लिए संस्कार तय किये जाते हैं।

## जन शिकायत को लेकर प्रचार-प्रसार शुरू

- थाना प्रभारी राजु गुप्ता गांव गांव में घूम कर लोगों को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** जिले में 18 दिसंबर को एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किया जायेगा। इसे सफल बनाने के लिए लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता और उनके पुलिस बल थाना क्षेत्र के गांव-गांव में घूम कर तथा बैंक बाजार साप्ताहिक बाजार में लोगों से संपर्क कर एवं अलाउंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। वहीं चौक-चौराहों और अन्य प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगा रहे हैं एवं ध्वनि विस्तारक के यंत्र से लोगों को कार्यक्रम के बारे में बताया जा रहा है ताकि अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। पोस्टरों से आमजन को जागरूक कर रहे हैं कि वे अपने नजदीकी शिकायत केंद्र पर पहुंच अपनी शिकायतें दर्ज करायें। इसके तहत विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना जायेगा और जल्द समाधान होगा। पुलिस को उम्मीद है कि इसके माध्यम से सरकार और नागरिकों के बीच संवाद बेहतर होगा और जन समस्याओं का समाधान भी तेजी से किया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस का यह कदम नागरिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## ऑनलाइन और ऑफलाइन किसान रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं : बीडीओ

- सतबरवा प्रखंड मुख्यालय में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने अपने सहयोगी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार, पैक्स अध्यक्ष कमलेश प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि युगल किशोर राम, जिप सदस्य प्रतिनिधि अजय उरांव, आशीष सिन्हा संजय यादव ने किया। क्रय पदाधिकारी विशाल कुमार, अखिलेश्वर मेहता तथा कंप्यूटर ऑपरेटर भास्कर पाठक ने बताया कि तीन किसानों से 200 क्विंटल से ज्यादा की धान पहले दिन खरीदे जाने का लक्ष्य है। सभी किसानों को ओटीपी के माध्यम से सूचित कर दी गई है। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि जिला से लॉगिन प्राप्त नहीं हुआ है, इसके चलते धान खरीदी के वेरीफाई करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि अब ऑनलाइन तथा ऑफलाइन किसान रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले पूर्व जिप सदस्य अर्जुन और हृदया सिंह

# सदर प्रखंड में पथ और चेकडैम निर्माण की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी लेते मंत्री राधाकृष्ण किशोर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह व समाजसेवी हृदया सिंह ने नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री) शिवराज सिंह चौहान सिंह से मुलाकात किया। नेताद्वय ने सदर प्रखंड मेदिनीनगर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण के लिए आग्रह किया। इसमें ग्राम पंचायत सुआ के हरैया टोला पिच रोड से गढ़ टीला नवका आहर होते हुए 2 नंबर टाउन तक, ग्राम गणके (कौड़िया पंचायत) मैन चाना से गुड़ियादामर होते हुए मिडिल स्कूल झाबर (झाबर पंचायत) तक, ग्राम हिसरा उर्फ पोखराहा (सरजा पंचायत) पिच रोड से खूरचीकवा टोला, धोरही होते धमधमवा (पोलपोल पंचायत) ओरंगा नदी तक, सुआ डीटीस टोला रेलवे फाटक से कोयल नदी शमशान घाट तक, कौड़िया तिनकोनीया टोला (कौड़िया पंचायत) पिच रोड से जोरकट बस्ती एवं राजेन्दर बांध होते चुकरू होते हुए अंबिका सिंह के घर तक, अंजनी बालिका उच्च विद्यालय, लहलहे से कसीया गांव होते हुए किशनपुर टोला, एनएच 39 तक, झाबर पंचायत, गांव कुनडेलवा संजय सिंह के घर से दिनेश सिंह के घर होते हुए मलय नदी तक पथ निर्माण शामिल है। इसके अलावे मंत्री से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मनरेगा के अंतर्गत इन जगहों पर मलय नदी के ऊपर चेक डैम निर्माण की मांग की गयी। इसमें बिचला टोला ग्राम लहलहे पंचायत लहलहे मलय नदी के ऊपर, ग्राम कुंडेलवा, पंचायत झाबर देवी मंडप के सामने मलय नदी के ऊपर, ग्राम जमूने पंचायत जमूने, मलय नदी पर शामिल है। नेताद्वय ने केंद्रीय मंत्री को पत्र के माध्यम से भी पथ निर्माण व चेकडैम निर्माण की मांग की है। कहा कि बेहतर पथ निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुलभ होगा।

# अभिकर्ता संघ ऑल इंडिया लियाफी ने पलामू उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



ज्ञापन सौंपते अभिकर्ता संघ के सदस्य।

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ (ऑल इंडिया लियाफी) द्वारा डालटनगंज शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने ऋषिकेश दुबे की अध्यक्षता में मंगलवार को अपनी मांगों से संबंधित प्रधानमंत्री के नाम जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे ने बताया कि ज्ञापन में जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं के हितों में की गई कटौती सहित अन्य मांगे शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी धारकों सहित अभिकर्ताओं के साथ दोषपूर्ण रवैया अपनाई जा रही है।

**खास बातें :** पॉलिसी धारकों के बोनस के साथ अभिकर्ताओं की रोजी-रोटी पर निगम और बीमा नियामक विकास प्राधिकरण अंकुश लगा रहा है। अभिकर्ताओं का कहना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम को संप्रभुता रक्षित बीमा कार्य करने की जिम्मेदारी भारत सरकार ने एक सितंबर 1956 में दी थी। इसके बाद लगातार बीमा के क्षेत्र में इससे जुड़े अभिकर्ता उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। अभिकर्ताओं का कहना है कि जब से एलआईसी कार्य कर रहा है तब से जो अभिकर्ताओं के लिए बोनस निर्धारित की गयी थी उसके अनुपात में इसमें काफी कटौती कर दी गयी है। इससे अभिकर्ताओं की रोजी-रोटी पर संकट आ गया है। उनका कहना है कि अभिकर्ताओं के कमीशन में कटौती के साथ-साथ एक विशेष काला कानून भी लागू किया गया है जिससे अभिकर्ताओं का हित बुरी तरह प्रभावित है। प्रधानमंत्री से पॉलिसी धारकों के बोनस वृद्धि को देखते हुए फिजूलखर्ची पर रोक लगाने एवं अभिकर्ताओ के हितों की रक्षा की मांग की गयी है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे के साथ सचिन राम, लखन चौरसिया, मनोज पाठक, नरेंद्र पांडेय, सतेंद्र पाण्डेय, बसंत प्रसाद, सतेंद्र ठाकुर, अंजलि सहाय, विजय विश्वकर्मा, कमेश झा, संज्ञान शुक्ला आदि भी उपस्थित थे।

# किसानों से औने-पौने में धान लेने वाले बिचौलियों पर होगी कार्रवाई : मंत्री योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** किसानों से औने-पौने दर पर धान खरीद पर बाहर के मंडियों में ले जाकर बेचने वाले बिचौलियों को चिह्नित कर चेतावनी दी जायेगी। अगर बाज नहीं आये तो सख्त कार्रवाई होगी। उक्त बातें सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कसमार प्रखंड के हिसीम एवं सिंहपुर पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कही। उन्होंने हिसीम पैक्स में 500 एमटी क्षमता का गोदाम एवं मार्केट सेंटर भवन का भी शिलान्यास किया। मंत्री श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों को पैक्स के माध्यम से सरकार को धान बेचने की अपील किया जा रहा है। जिले में कुल 2 लाख क्विंटल धान की खरीदारी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हिसीम पैक्स में धान अधिप्राप्ति के बाद भंडारण हेतु गोदाम नहीं रहने से दिक्कत हो रही थी ?जिसको लेकर गोदाम भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। गोदाम के निर्माण पैक्स को सुविधा होगी। इस गोदाम निर्माण कार्य के संवेदक को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में गड़बड़ी होने पर नपे जाओगे। मौके पर बोकारो डीसीओ शालिनी खलको कसमार प्रखंड प्रमुख प्रमुख नियोती कुमारी बीडीओ नम्रता जोशी सीओ प्रवीण कुमार बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम बीसीओ राणा रमेश कुमार सिंह आनंद महतो भरत किशोर साव विमल जायसवाल बिनोद महतो शेरे आलम बैजनाथ महतो संजू देवी गीता देवी कल्पना देवी राजेश टूडू श्याम लाल मांझी लालदेव महतो आनंद महतो संजय महतो आदि किसान मौजूद थे।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने जांबाज सैनिकों को किया सम्मानित, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो इकाई द्वारा स्थानीय सिटी पार्क स्थित शहीद उद्यान में अपने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ उस युद्ध में शामिल जांबाज सैनिकों को सम्मानित करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर सेवा विभाग के सीजीएम कुंदन कुमार के साथ जीएम एके सिंह बेहतर झारखंड के संयोजक विवेक जी अशोक कुमार वर्मा महानगर कार्यवाह रतन सहित अन्य संगठनों के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में परिषद के अतिरिक्त विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती, संकल्प सृजन एवं अन्य संगठनों के अलावा एस के सिंह दिनेश्वर सिंह राकेश मिश्रा सुरेश बाबू शत्रुघ्न सिंह संजीव कुमार राजहंस नीरज तिवारी विनय कुमार परमहंस राजकुमार मनोज कुमार विवेक सिंह रतन कुमार महतो सुधीर कुमार जैनेंद्र कुमार नीरज कुमार एवं सीमा सिंह सहित नगर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में 1971 के युद्ध में शामिल बिहारी सिंह एसके सिंह एवं बृन्दा सिंह को संगठन की तरफ से सम्मानित किया गया। इन युद्ध वीरों ने भी अपने संबोधन में युद्ध काल के संस्मरण सुनाते हुए पुरानी बातों को याद किया। मौके पर कुंदन कुमार ने उस युद्ध में शामिल सभी सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के साथ ही सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य अतिथियों ने भी सभी पूर्व सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उनके योगदान को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह ने किया। सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया।

## एक नजर में

### झामुमो फुसरो नगर कमेटी ने किया बेरमो विधायक सह कांग्रेस के मुख्य सचेतक का स्वागत



बेरमो। झामुमो फुसरो नगर कमेटी के पदाधिकारीयो ने बेरमो विधायक सह कांग्रेस के मुख्य सचेतक कुमार जयमंगल सिंह को लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने पर शुभकामनाएं दी। साथ ही अंगवस्त्र, बुके व तीर धनुष देकर सम्मानित किया। मौके पर फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो, युवा नेता भोलू खान, चास नगर निगम के सिटी मिशन मैनेजर महेंद्र महतो, उपाध्यक्ष टीकू महतो, महताब खान, संगठन मंत्री रोहित महतो, रवि कुमार महतो, राजू कुमार महतो, गुड्डू यादव, मुन्ना चौहान, राहुल चौहान, दानिश, आनंद, हेमंत कुमार, गोल्डन, इमरान, रोहित आदि लोग मौजूद थे।

### साहिबगंज : झामुमो केंद्रीय सचिव और राजमहल व बोरियो विधायक का हुआ नागरिक अभिनंदन



साहिबगंज। शहर के बड़ी धर्मशाला में मंगलवार को साहिबगंज नागरिक गण ने नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमहल विधायक एमटी राजा व बोरियो विधायक धनंजय सोरेन ने शिरकत की। इस दौरान अतिथियों का भव्य स्वगत किया गया। नागरिकों ने खासमहाल से मुक्ति, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुधारने व शहर एवं जिला की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने कहा कि जनता के दिये जनाधार का सरकार सम्मान करेगी। साहिबगंज में हवाई अड्डा, राजमहल में गंगा पुल का निर्माण होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य बुनियादी जरूरतों पर सरकार पूरा ध्यान केंद्रित करेगी। साहिबगंज का सम्पूर्ण विकास किया जाएगा। समारोह को विधायक एमटी राजा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन व अन्य ने भी संबोधित किया। मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, डॉ रिजवी, प्रो नजरुल इस्लाम, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, एसडीपीओ किशोर तिर्की, सीओ बासुकीनाथ टुडू, चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, शमीम अख्तर उर्फ चांद भाई सहित कई लोग मौजूद थे।

### बेरमो विधायक के विरोध के बाद केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सीएमओ डॉ आर एन झा हटाये गये

बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी के सीएमओ डॉक्टर आर एन झा के स्थान्तरण को लेकर क्षेत्र का ट्रांसपोर्टिंग ठप कराया। कहा कि हमारे आवासीय कार्यालय मे बीडीए इन्टर कॉलेज के प्रिंसिपल सुनील सिंह आये थे, इसी बीच उनका हार्ट अटैक हो गया। विधायक ने उन्हें केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी इलाज हेतु भेजा। जहां उनका देहांत हो गया। सिंह ने कहा कि आज केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी के सीएमओ डॉक्टर आर एन झा के द्वारा मृतक को शव को ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं दिया गया। इसके विरोध में विधायक सिंह ने ढ़ोरी क्षेत्र का कोल ट्रांसपोर्टिंग ठप करा दिया। सूचना पाकर सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह और ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा ने विधायक के साथ सम्मानजनक वार्ता कर तत्काल केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी के सीएमओ के पद से डॉ आर एन झा को हटा दिया। इसके बाद ढ़ोरी क्षेत्र का ट्रांसपोर्टिंग को चालू कर दिया गया है।

### साहिबगंज : अनुमंडल पेंशनर समाज का वार्षिक पेंशनर मिलन समारोह आयोजित



तीनपहाड़। 32 वां राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर अनुमंडल पेंशनर समाज का मंगलवार को वार्षिक पेंशनर मिलन समारोह बाबुपुर पंचायत भवन में आयोजीत किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि राजमहल विधायक एम टी राजा जी उपस्थित थे। जिनका स्वागत माला पहना कर और शॉल ओढाकर किया गया इस दौरान पेंशनर समाज के लोगो ने विधायक से राजमहल और तीनपहाड़ में अनुमंडल पेंशनर समाज के कार्यालय के लिये एक भवन उपलब्ध कराने की मांग किया। साथ ही कहा की पेंशन खैरात नही है पेंशनरों का कमाया हुआ वेतन है साथ ही हम सब लोगो को मिल कर पेंशनर समाज के संगठन को बढ़ाना होगा। विधायक एम टी राजा ने कहा कि के आप सभी के आशीर्वाद से ही वह यहां तक पहुंचे है। अभी आप सभी से बहुत कुछ सीखना है। राजा ने कहा कि राजमहल ब्लाक परिसर में एक पेंसनर समाज के लिये एक भवन उपलब्ध कराने के प्रयास करेंगे। इसके अलावे आप सभी के सहयोग के लिये हमेशा तैयार है। कार्यक्रम मंच संचालन सीताराम मंडल ने किया। मौके पर कोष प्रभारी झारखंड राज्य पेंसनर समाज रांची चंद्रकांत सिंह, महासचिव महेश कुमार सिंह, काशीनाथ भगत, शोभा यादव, मुलचंद मेहरा, सचिदानंद मधुकर, राम कुमार यादव, सलोमी हांसदा, इसरारुल हक, राम कुमार यादव, मुकुंद लाल मंडल, मो अकुल कयूम, जीवन महलदार, प्रमिला देवी, कल्पना रानी दास, नारायण प्रसाद मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

### राकोमयू सीसीएल रीजनल कमिटि की हुई बैठक



बेरमो। इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल जोन की बैठक ढ़ोरी पांच नंबर यूनियन स्थित यूनियन कार्यालय मे रीजनल अध्यक्ष श्यामल कुमार सरकार की अध्यक्षता मे हुई। मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि कोल इंडिया का अस्तित्व खतरे मे है। सीसीएल रीजनल अध्यक्ष और सचिव दोनो मिलकर संगठन मजबूत करने को लेकर सभी एरिया में बैठक कर वहां के संगठन के साथ साथ ब्रांच को भी मजबूत बनाने का काम करें। सीसीएल इकाई में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन श्रमिक संगठन के रूप में कार्य प्रदान कर मजदूरों का सबसे मजबूत और विश्वसनीय संगठन है। कहा कि काम नहीं करने वाले संगठन के पदाधिकारी को हटाया जाएगा। इसके पूर्व मजदूर नेता गिरिजा शंकर पांडेय के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक मे रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह, वरीय नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, हरेंद्र प्रसाद सिंह, शिवनंदन चौहान, वृज बिहारी पांडेय, गणेश मल्लाह, बिरेन्द्र कुमार सिंह, सुबोध सिंह पवार, जयराम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह, अंजनी त्रिपाठी, संतोष सिंह, रवि शंकर ठाकुर, प्रदीप सिंह, मनोज ठाकुर, प्रताप सिंह, अशोक अग्रवाल, अरुणजय सिंह,साधु बाउरी, करमा तुरी, राणा सिंह, राजेश्वर सिंह, सहित सभी एरिया के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे।

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन में डीपीएस बोकारो के आरूष रंजन ने मारी बाजी



बोकारो। विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन में डीपीएस बोकारो के 10वीं के छात्र आरूष रंजन ने पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर मई 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। धनबाद में आयोजित उक्त परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों से कक्षा 6 से 11वीं के कुल 131 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें से 12 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता के सबसे अंतिम चरण राष्ट्र स्तरीय शिविर के लिए चयनित किए गए। इनमें आरूष रंजन पहले स्थान पर रहा। इसके लिए उसे 5000 रुपए की पारितोषिक राशि प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा तथा सीएसआईआर-एसआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविन्द कुमार मिश्रा ने आरूष को पुरस्कृत किया। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने आरूष की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

### साहिबगंज : मनरेगा जॉब कार्ड बिचौलियों के पास नहीं मजदूरों के पास होना चाहिये : बीडीओ



तालझारी। प्रखंड कार्यालय के सभागार हॉल में मंगलवार को बीडीओ पवन कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, ऐई, जेई, 15 फाइनेंस कोऑर्डिनेटर अभिजीत कुमार आदि शामिल हुए। इस दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, आदि योजनाओ की समीक्षा की गई। साथ ही योजना को सेंसन व पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने पंचायत स्तरीय सभी कर्मी को संबंधित पंचायत में प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थित दर्ज करने का निर्देश दिया। वही बीडीओ पवन कुमार ने मनरेगा में काम कर रहे मजदूरों का जॉब कार्ड के बारे में जानकारी मांग तो पता चला कि मजदूरों का जॉब कार्ड उसके पास नहीं बल्कि बिचौलियों के पास रहता है। बीडीओ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मजदूरों का जॉब कार्ड बिचौलियों के पास नहीं मजदूर के पास रहना चाहिए। इस पर रोजगार सेवक को ध्यान देने को कहा। मौके पर मनरेगा बीपीओ श्वेता, जेईई मिथलेश पांडे, ब्रज मलिक, नेहा कुमारी, पिंकू कुमार यादव, पंचायत सचिव अशोक रजक, मीनाक्षी रागिनी एक्का, पूनम कुजूर, निशा कुमारी, रोजगार सेवक निरंजन ओझा, प्रीयरंजन दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विजिलेंस टीम ने की रोड सेल्स गाइडलाइंस के कार्यान्वयन की जांच



बेरमो। केंद्रीय सतर्कता अधिकारी, सीसीएल के निदेर्शानुसार, मुख्यालय से विजिलेंस टीम ने कथारा क्षेत्र का दौरा किया। इस टीम में ज्ञानीश गौरव, प्रबंधक (ईएंडएम)/विजिलेंस, तथा गौतम चौधरी, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक)/विजिलेंस शामिल थे। विजिलेंस टीम ने स्वांग-गोविंदपुर परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विजय कुमार, एरिया सेल्स मैनेजर, प्रबंधक (स्वांग-गोविंदपुर फेज-2) तथा डिस्पैच अधिकारी (स्वांग-गोविंदपुर फेज-2) उपस्थित रहे। टीम ने रोड सेल्स गाइडलाइंस के क्रियान्वयन की स्थिति का गहनता से निरीक्षण और सत्यापन किया। जांच के आधार पर विजिलेंस टीम द्वारा विस्तृत रिपोर्ट सीसीएल मुख्यालय को सौंप दी जाएगी।

### साहिबगंज : पेड़ से लटका मिला युवक का शव

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मदनशाही छोटा पगड़ों गांव के पास रेलवे लाइन किनारे पॉल संख्या 22622 के समीप सोजीना के पेड़ से लटका एक अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को आशंका है कि मृतक देखने में नेपाली है। यहां रोजगार के सिलसिले से आया होगा। पुलिस जांच में जुट गई है।

### दुमका : बालगृह में डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरिच कैंपेन के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। जागरूकता कार्यक्रम प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा के नेतृत्व में मंगलवार को धधकिया स्थित बालगृह में आयोजित हुई। जहां आवासित बच्चों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस बावत प्राधिकार सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम 90 दिनों तक जारी रहेगा। इसके तहत जिले के सभी प्रखंड व पंचायत में पैरा लीगल वोलिंटियर्स, बाल श्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, स्पॉन्सरशिप योजना से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। उपस्थिति कार्यक्रम में स्थाई लोक अदालत की सदस्य काजल कुमारी, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह, अधिवक्ता नेहा पांडे एवं पारा लीगल वोलंटियर्स उपस्थित थे।

### डीपीएस चास के विजय को विद्यार्थी विज्ञान मंथन में तीसरा रैंक



बोकारो। डीपीएस चास के छात्र विजय कुमार महतो ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में राज्य स्तर पर तीसरा रैंक हासिल कर मई 2025 में में आयोजित होने वाले नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इसके लिए उसे दो हजार रुपये नकद पुरस्कार के साथ-साथ योग्यता प्रमाण पत्र पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन एनसीईआरटी और विज्ञान प्रसार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और सफल छात्र विजय महतो को को बधाई दी।

# दुमका : आकाश में ड्रोन उड़ता देख ग्रामीणों ने कोल सर्वे कंपनी नवेली के कर्मियों को बनाया बंधक

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों के द्वारा बंधक बनाये गये कर्मी।

**दुमका।** उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र सिलंगी गांव के ग्रामीणों के बीच उस समय अफरा-तफरी मच गई जब आकाश में कई ड्रोन एक साथ उड़ता हुआ देखा। ड्रोन काफी नीचे होने के कारण ग्रामीणों को किसी अनहोनी का डर सता रहा था कि इसी बीच कुछ युवक एक ड्रोन को मार गिराया और ड्रोन को मॉनिटर कर रहे स्थान डाक बंगला तक पहुंचा। डाक बंगला परिसर से नवेली उत्तरप्रदेश पावर प्रॉजेक्ट लिमिटेड कंपनी के आधा दर्जन कर्मी ड्रोन उड़ाकर कोल क्षेत्र का सर्वे कर रही थी, लेकिन इसकी जानकारी किसी ग्रामीणों को नहीं दिया गया था। सिलंगी के ग्रामीणों ने ड्रोन उड़ा कर सर्वे कर रहे है आधा दर्जन कर्मियों को चार घण्टे तक बंधक बना लिया। सभी ड्रोन व अन्य सामानों को डाक बंगला परिसर में रख कर सभी कर्मियों को बैठा दिया गया। तीन वाहनों में पहुँचे सात कर्मियों को बंधक बनाया गया था। तीन बजे के बाद टीम में मौजूद एसिस्टेंस इंजीनियर मंजीत कुमार ने ग्रामीणों को लिखित आवेदन दिया जिसमें उन्होंने अपनी गलती मानते हुए अगले दफा सूचना देकर ड्रोन से सर्वे या गांव में आने की जानकारी देंगे, जिसके बाद ही कार्य करेंगे। सर्वे कर रहे टीम में ड्रोन सर्वेयर शांतनु मंडल, विजय महतो, अशोक दास, विकास चंद्र लोहार, श्याम दास और हरीश शामिल थे। ज्ञात हो कि गोपीकांदर के ओडमो पंचायत में करीब एक दर्जन गांव कोयला उत्खनन होने वाली है। कुंडापहाड़ी, चिरुडीह और मोहुलडाबर गांव में नवेली उत्तरप्रदेश पॉवर प्रॉजेक्ट कम्पनी द्वारा कोयला उत्खनन का कार्य करेगी। बताया जाता है कि वन विभाग के आदेश के बाद नवेली ने अपने कर्मियों को सिलंगी गांव से बाकी गांव व पहाड़ों से बहने वाली झरना, तालाब, चेक डैम, पेड़ों की सर्वे करने भेजी थी।

**गोपीकांदर गांव के ऊपर भी उड़ा था ड्रोन :** गोपीकांदर अंचल क्षेत्र के ओडमो पंचायत में अरबिंदो और नवेली कोयला कम्पनी कोयला का उत्खनन करेगी। नवेली कुंडापहाड़ी, चिरुडीह और मोहुलडाबर तो अरबिंदो ओडमो, चिरुडीह, मधुबन, केतोपोका सहित गांव को प्रभावित करेगी। ऐसे में सभी कम्पनी अपने कर्मियों को गांव भेजकर तरह तरह का सर्वे करा रही है। बीते रविवार को गोपीकांदर गांव सहित अन्य गांव के आकाश में ड्रोन को उड़ाकर सर्वे कर रही थी। इस समय भी ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ था और पुलिस प्रशासन को सूचना देने की बात कही जा रही थी। आपको बता दें कि ग्रामीणों को बगैर सूचना दिए ड्रोन उड़ाकर सर्वे करने से ग्रामीणों में डर का माहौल बन जाता है।

**बगैर जानकारी दिये गांव में आयेंगे तो लगेगा जुर्माना**

ग्रामीण सुकल मरांडी ने बताया कि पिछले साल आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों ने ये निर्णय लिया था कि कोयला कम्पनी के कोई भी पदाधिकारी या कर्मी ग्राम प्रधान को कार्य से पहले जानकारी देंगे, जिसके बाद गांव में सर्वे या अन्य कार्य करेंगे यदि बगैर किसी जानकारी का कर्मी कार्य करेंगे तो उन्हें जुर्माना लगाया जाएगा। सोमवार को नवेली के कर्मी बगैर जानकारी के गांव में प्रवेश किया और ड्रोन उड़ाकर सर्वे कर रहे थे। ग्रामीणों ने जब देखा तो डर का माहौल बन गया। हालांकि उन्होंने बताया तीन बजे के बाद कम्पनी के कर्मी द्वारा लिखित आवेदन दिया जिसके बाद सिर्फ सिलंगी गांव का सर्वे करने का आदेश दिया गया। नवेली कम्पनी द्वारा सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे में नदी, नाला, चेक डैम, झरना, तालाब सहित पेड़ों को देखा जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा काम को रोक दिया गया है और एक स्थान पर सभी कर्मियों को बैठाया गया है।-मंजीत कुमार, एसिस्टेंस इंजीनियर, एनयूपीपीएल।

# मारवाड़ी युवा मंच ने किया मंत्री संजय प्रसाद यादव का स्वागत





खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में मंगलवार को गोड्डा विधायक सह श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव का मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने सम्मानित किया। मंच के संस्थापक अध्यक्ष कृष्ण परशुरामका एवं मंच के वर्तमान अध्यक्ष प्रीतम गाडिया ने शाल देकर उनका स्वागत किया। मंच के संस्थापक कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश टेकरीवाल ने गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया। मंच के पूर्व अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल सचिव पियूष प्रियदर्शी और सभी सदस्यों ने मिलकर मंत्री जी को मंच का स्मृति चिन्ह देकर अभार व्यक्त किया। मंत्री यादव ने मंच को धन्यवाद देते हुए बताया कि मारवाड़ी समाज उनके हृदय में वास करता मैं जब गोड्डा की धरती पर आया था उस समय गोड्डा का जो माहौल था उस समय भी मैं मारवाड़ी समाज के प्रत्येक कार्यों में सहभागिता दिया हूं। मंत्री के स्वागत में कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, महेश बजाज, शुभकरण भगत, ललित बजाज, अनिल अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, राकेश बजाज, मुकेश बजाज, रितेश टेकरीवाल, राकेश, सज्जन शिवानीवाला, सुमित, सचिन बजाज, अविनाश गाडिया, पियूष गाडिया, संदीप बजाज, विकास जैन, आशिष, वेंकटेश पोद्दार, मोहित भार्गव, अभिषेक, संजय बजाज, विनीत, दीपक शर्मा, सुरेश, मनिष आदि सदस्य मौजूद थे।

# स्वांग वाशरी की मजदूरों की समस्याओं को लेकर वाशरी प्रबंधक को सौपा गया 21 सुत्री मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** गोमिया-झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय संयुक्त सचिव सह स्वांग वाशरी शाखा सचिव मुमताज आलम ने मंगलवार को अपने यूनियन पदाधिकारियों के साथ परियोजना कार्यालय पहुंचकर वाशरी में कार्यरत मजदूरों एवं कर्मियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु 21सूत्री मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में कहा गया है कि परियोजना के तमाम विभागों में कार्यरत वैसे श्रमिक जो शारीरिक रूप से या लम्बी बीमारी से पीड़ित हैं तथा कार्य करने में अक्षम हैं, वैसे श्रमिकों के आश्रितों को पारा 9.4.0स्कीम के तहत नौकरी पूर्व की भांति दिया जाय,परियोजना अंतर्गत खाली पड़े आवासों में से झा को मजदूर यूनियन के शाखा कार्यालय के नाम से आवंटित किया जाए,एवं परियोजना में कार्यरत मजदूर कर्मचारियों को आवास आवंटन किया जाए एवं मजदूरों के जर्जर आवास के खिड़की,दरवाजा एवं शौचालय आदि की मरम्मती करवाया जाए, सैलरी मजदूरों को नियोजन देने पर बीते दिनों कथारा अतिथि गृह में यूनियन एवं क्षेत्रीय प्रबंधन के बीच हुई वार्ता के बाद भी वाशरी प्रबंधन उक्त मजदूरों को नियोजन देने के लिए सक्रिय नहीं दिख रही है सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

इस अवसर पर आलम ने कहा कि मजदूरों एवं विस्थापितों के समस्याओं को लेकर सी सी एल प्रबंधन गंभीर नहीं है, मजदूरों व विस्थापितों के साथ भेदभाव एवं उपेक्षा पूर्ण नीति के कारण मजदूर एवं विस्थापितों में काफी आक्रोश व्याप्त हो रहा है, जो भविष्य में औद्योगिक अशांति का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि पन्द्रह दिनों के अन्दर अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो निर्धारित समय के उपरांत यूनियन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष रौशन लाल रवि, क्षेत्रीय सचिव इकबाल अहमद, शाखा सह सचिव अरविन्द सिन्हा, स्वांग कोलियरी सचिव सुनील कुमार, अनिल कुमार भुईयां, दीपक भुईयां, धरमू गंझु, महेश रविदास, अशरफ अली, कार्तिक भुईयां, सुनील पासी एवं गौतम भुईयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

# साहिबगंज : संत जेवियर स्कूल के छात्र छात्राओं का साइंस एग्जीविशन लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता





**साहिबगंज।** राजमहल मुरली स्थित सेंट जेवियर स्कूल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं का साइंस एग्जीविशन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर प्रबल गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित कर फीता काट कर किया गया।

कार्यक्रम में दिशा निर्देश दिए गये और स्कूल के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना कर अपने शब्दों से उन सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। स्कूल के शिक्षक मोहम्मद शराफत अंसारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि किस तरह से हम रो मटेरियल या वेस्ट मटेरियल को हम किस तरह दोबारा उपयोग में ला सकें। विज्ञान प्रदर्शन में बच्चे छोटे-छोटे प्रोजेक्ट मॉडल बनाते हैं उसे मॉडल के द्वारा एक संदेश देना चाहते हैं की जो कचरा है उसे कचरे को भी हम किसी ऊर्जा में बदल सकते हैं उसका कुछ उपयोग कर सकते हैं विज्ञान प्रदर्शन का यही एक छोटा उद्देश्य है विज्ञान प्रदर्शन में जितने भी चीज हैं वह सभी चीज पर्यावरण से मिलित है इसी कारण से हमने डीएफओ डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर को मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण दिया ताकि वह हमारे बच्चों को एक संदेश दें ताकि हम अपने पर्यावरण को बेहतर बना सकें।

मौके पर फादर सुनीत कुल्लू, फादर अरुल डॉस, फादर क्रिस्टोफर, लीना एफ सी, एस एस मुंडली फादर मतिहास, मिस्टर रिचर्ड टुडू, सीमा सिंह, एव अन्य लोग उपस्थित थे।

# दुमका : प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान, दोनों ही थे नाबालिक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना के हरलाटांड स्टेशन से आधा किलोमीटर दूर 19 नम्बर पोल के निकट मंगलवार को करीब 11 बजे देवघर से गोड्डा जाने वाली लोकल ट्रेन से नाबालिग प्रेमी युगल कटकर जान दे दिया। शव को कई टुकड़ों क्षत विक्षत अवस्था में देखा गया। इस घटना की जानकारी रेलवे स्टेशन कर्मी ने थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची जानकारी मिली कि उक्त युवक शिवम कुमार मंडल (17), पिता-सुभाष मंडल जो देवघर मोहनपुर थाना के झालर गांव का रहने वाला था। वह अपने नाना मनोहर मंडल के घर सरैयाहाट थाना के कोरदाहा गांव में ही रहकर इंटर की पढ़ाई करता था। वहीं 14 बर्षीय बालिका रूक्मणी कुमारी, पिता जगन्नाथ मंडल, जो इसी थाना के कोरदाहा पंचायत के नावाडीह गांव की रहने वाली थी। सुत्रो की मानें तो उक्त दोनों दोस्ती कोरदाहा में एक ट्यूसन सेंटर से हुई थी। दोनों के परिजनों को इसकी जानकारी थी। लेकिन दोनों की जाति अलग थी और लड़की पक्ष नहीं चाहते थे कि अभी नाबालिग बालिका की शादी हो। लेकिन दोनों प्रेमी युगल शादी के लिए उतावले थे। पर उनके परिजनों द्वारा शादी करने की अनुमति नहीं दी जा रही थी।

# गिग वर्कर का शोर

देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में छोटे और कम वेतन वाले रोजगार माने अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है। ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़ने के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर करीब 2.3 करोड़ हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। लेकिन कृषि क्षेत्र में नौ करोड़ परिवार भी इसी श्रेणी में आते हैं जिन्हें नकारकर गिग ईकोनॉमी को समझना सही नहीं होगा। देश में कम आय वाला वर्ग बढ़ रहा है जबकि अधिक आय वालों की संख्या सीमित है। यह देश के ईकोनॉमी के लिये खतरनाक है। निजी क्षेत्र में कंपनियों की पूंजीवादी सोच और कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान से उनकी खर्च की सीमा लगातार कम हो रही है। एक कमजोर उपभोक्ता वर्ग के सहारे देश विश्व की आर्थिक शक्ति नहीं बन सकता है।






मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# सभी भाषाओं को पुनर्जीवित करना भारतीयता की विशिष्ट पहचान


**भारतीय** भाषा उत्सव, हमारी विविध भाषाई विरासत को मनाने और 11 दिसम्बर को श्रद्धेय महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर 4 से 11 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। एक सप्ताह का उत्सव वर्तमान में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में चल रहा है। ह्लभाषाओं के माध्यम से एकताह्व इस वर्ष के समारोह का मुख्य विषय है, जो भारत की सभ्यता की विशिष्ट पहचान है। अभी कुछ महीने पहले, 3 अक्टूबर, 2024 को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पाँच भाषाओं - मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा देकर एक तरह का इतिहास रच दिया, इस प्रकार तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी पहले से मान्यता प्राप्त छह अन्य शास्त्रीय भाषाओं के दायरे का विस्तार किया। भारत की उत्कृष्ट भाषाई विरासत की गहन स्वीकृति के रूप में, यह घोषणा उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गौरव की बात है जिनकी ये भाषाएं मातृभाषा है।

भारत की विविध भाषाएँ भारतीयता की अभिव्यक्ति हैं और ये हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, सभी भारतीय भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ हैं और वे भारतीयता की आत्मा हैं और इसलिए सम्मान की पात्र हैं। भाषाई विविधता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारतह्व के लक्ष्य को साकार करने में मदद करती है। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को भाषाई गौरव को सम्मान की निशानी के रूप में धारण करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भी इसका उदाहरण दिया जब उन्होंने जोर देकर कहा, ह्लमैं संयुक्त राष्ट्र में भी गर्व के साथ भारत की भाषाएँ बोलता हूँ। अगर श्रोताओं को तालियाँ बजाने में थोड़ा समय लगे, तो लगे।ह्व यह कथन भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है और भाषाई गौरव के मूल्य को उजागर करता है।

भारत एक ऐसी भूमि है जहाँ न केवल अनेक भाषाएँ हैं, बल्कि एक दूसरे का सम्मान भी करती हैं। यह एक से अधिक भाषा के उत्कृष्ट इस्तेमाल का सटीक उदाहरण है। हमारी भाषाई विविधता एक समृद्ध, जटिल ताने-बाने का निर्माण करती है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान को एक साथ बुनती है और साथ ही देश की एकता को विविधता के बीच पोषित करती है। औपनिवेशिक शासन के दौरान इस सांस्कृतिक शक्ति को भारी नुकसान उठाना पड़ा। 2 फरवरी 1835 को, थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसे ₹मैकालेज मिनट ऑन इंडियन एजुकेशन₹ के रूप में जाना जाता है, जिसमें देशी भाषाओं पर अंग्रेजी को प्राथमिकता दी गई थी, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश हितों के प्रति वफादार भारतीयों का एक वर्ग बनाना था, जो पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक और भाषाई जड़ों से अलग कर रहा था। तब से, उपनिवेशवाद का दीर्घकालिक प्रभाव काफी लंबे समय तक रहा, जिसने हमारे सांस्कृतिक और भाषाई गौरव को गंभीर चोट पहुंचाई है।



भारत में भाषाई जनसांख्यिकी समृद्ध और विविध है, जिसमें से अस्सी प्रतिशत आबादी खुद को गैर-अंग्रेजी, मूल भाषा बोलने वालों के रूप में पहचानती है। गहन शिक्षा के मूल में मातृभाषा है। हमारी भाषाएं केवल संचार के उपकरण नहीं हैं - वे इतिहास, परंपराओं और लोककथाओं के भंडार हैं, जो पीढ़ियों के सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करती हैं और एक अद्वितीय विश्वदृष्टि प्रदान करती हैं। रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से भरपूर बच्चे तब फलते-फूलते हैं जब उनकी शिक्षा उनकी मूल भाषा में शुरू होती है। अपनी मातृभाषा में एक प्राइमर घर से कक्षा तक एक निर्बाध पुल का निर्माण करता है, उन्हें 'मातृ' भाषा से 'अन्य' भाषा तक का मार्गदर्शन - बोलने से लेखन, शब्दावली से शब्दार्थ और भाषा से विषय की समझ में परिवर्तन करता है। जैसा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने मार्मिक रूप से कहा था, ₹एक बच्चा पाठ्यपुस्तकों से नहीं, बल्कि अपनी माँ से बोलना सीखता है।ह्व मातृभाषा में शिक्षा बुनियादी समझ से लेकर जटिल विचार तक स्वाभाविक प्रगति को बढ़ावा देती है।


-धर्मेन्द्र प्रधान

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुन: प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनईपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केन्द्र में रखा है, यह स्वीकार करते हुए कि भाषा केवल सीखने का एक साधन नहीं है, बल्कि पहचान को आकार देने, आत्मविश्वास का निर्माण करने और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक मुख्य घटक है।

भारत की भाषाई विविधता बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा का खजाना है। कश्मीर की बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के धूप से सराबोर तटों तक और कच्छ के बंजर विस्तार से लेकर कोहिमा की हरी-भरी पहाड़ियों तक, हमारी भाषाएँ हमारे लोगों को अंदर से जोड़ती हैं। बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाना न केवल उनकी विरासत से जुड़ाव को बनाए रखता है बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करता है। मातृभाषा में एक मजबूत नींव रखकर, हम बच्चों को अधिक आसानी और समझ के साथ अन्य भाषाओं और विषयों में महारत हासिल करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनईपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केन्द्र में रखा है, यह स्वीकार करते हुए कि भाषा केवल सीखने का एक साधन नहीं है, बल्कि पहचान को आकार देने, आत्मविश्वास का निर्माण करने और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक मुख्य घटक है। एनईपी 2020 बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण और अध्?ययन सामग्री तक समान पहुंच को आवश्यक बनाता है।

यह शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से देश की विविध भाषाई विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के संदर्भ में, संयोजन पर विशेष जोर देता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के भाषा संगम कार्यक्रम और मशीन अनुवाद केन्द्र से लेकर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी पुस्तकों सहित पुस्तकों के अनुवाद ऐप आधारित अनुवाद से लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय भाषा समिति द्वारा अस्मिता - अनुवाद और अकादमिक लेखन के माध्यम से भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री का संवर्धन - पहल तक, शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के लिए अच्छी तरह से प्रयास किए गए हैं।

इसके अलावा, 79 भारतीय भाषाओं में प्राइमर तैयार करने की सरकार की अभूतपूर्व पहल एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में शुरूआती वर्षों के दौरान बच्चों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। ये प्राइमर, अन्य शैक्षिक सामग्रियों के साथ, सिर्फ. संसाधन से कहीं ज्यादा हैं - ये रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने के प्रवेश द्वार हैं।भाषा हमारे विचारों को आकार देती है, हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है और हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती है। एनईपी 2020 एक नए युग की शुरूआत है, जहाँ बच्चे अपनी मातृभाषा में सीख सकते हैं और धीरे-धीरे अन्य भाषाओं में महारत हासिल कर सकते हैं। अपनी शिक्षा प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करके, हम विचारकों की एक ऐसी पीढ़ी का पोषण करनाहैं।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है–वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्लमेक इन इंडियाह्व के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**- रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**झारखंड** भाजपा के सांसदों से उम्मीद है की वे हमारे इस जायज माँग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे।

झारखंड के विकास के लिए यह राशि नितांत आवश्यक है।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**महान** तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन का समाचार बेहद दुखद है।

उनका जाना संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद**

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है। **- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# सेवा लेने के लिए उसका भुगतान आवश्यक है



**अजय दीप वाधवा**

आर्थिक

**वैसे** तो रांची में यह समस्या कम है पर भारत के कुछ बड़े शहरों में बहुत ज्यादा है। वहां पर जब भी आप ओला, उबेर या रैपिडो जैसे यात्री ऐप (एग्रीगेटर) से कार बुक करते हैं तो कई बार कार चालक आपको अनुरोध करता है कि बुकिंग कैंसिल कर दीजिए और जो राशि ऐप में दिख रही है वहीं उसे भाड़े के रूप में सीधा देकर वाहन में चलें। इसको ऐसा समझते हैं कि मान लिया आपने कोलकाता में हावड़ा स्टेशन से न्यू टाऊन के लिए ऐप से कार बुक की। बुक करते समय अनुमानित भाड़ा, मान लीजिए 750 रुपए, ऐप में दिखा रहा था। अब आपको कार वाला अनुरोध करता है कि आप कार बुकिंग को ऐप पर कैंसिल कर दीजिए और ड्राइवर को सीधे 750 रुपए दे दीजिए और वह आपको गंतव्य पर पहुंचा देगा। कई बार ड्राइवर आपको ऐप में कार बुकिंग को कैंसिल करने के लिए यह कह कर भी प्रेरित कर सकता है कि आप उसे कुछ कम भाड़ा दे दें, अर्थात हमारे उदाहरण के हिसाब से उसे ऐप में दिखने वाले 750 रुपए न देकर 700 रुपए ही बढ़ा दे दें और कार बुकिंग को ऐप में कैंसिल कर दें। इस लालच में कई यात्री फंस जाते हैं और वे ऐप में कार कैंसिल कर कम भाड़े में उसी कार का उपयोग कर लेते हैं। इस में ड्राइवर का लाभ तो यह है कि उसको ऐप का कमीशन नहीं देना पड़ता है और पूरा पैसा उसकी जेब में जाता है। पर यह प्रवृति भविष्य के लिए कितनी खतरनाक है इसके हमेशा अंदेशा नहीं है। अगर हम बार बार ऐप से कार कैंसिल करते रहेंगे तो ऐप को फायदा नहीं होगा। ऐसी स्थिति में संभवतः वह ऐप आपके शहर में अपनी सेवा बंद कर दे। अगर उसने ऐसा कर दिया तो यात्री और कार चालक दोनों को नुकसान है। ऐप नहीं होगा तो यात्री रात बेरात गाड़ी कैसे बुक करेंगे?? और अगर ऐसे ऐप नहीं होंगे तो



वाहन चालक की कार बुक कैसे होगी?? दोनों को नुकसान है। मुझे याद है कि जब कुछ वर्ष पूर्व ओला, उबेर आदि नहीं थे तो कहीं जाने के लिए हमें पहले ही अपने आस पास के टैक्सी स्टैंड में जाकर ऊंचे दाम पर कार बुक करनी थी। अगर आपके अगल बगल में टैक्सी स्टैंड नहीं है तो बहुत परेशानियां आती थी। फिर मान लिया कि आप को देर रात किसी के घर जाना पड़े और आपके पास अपना वाहन न हो तो आप जा हीं नहीं सकते थे क्योंकि देर रात गाड़ी मिलती नहीं थी। आज भी गोवा में पर्यटकों को बहुत परेशानी होती है। वहां ऐसे वाहन ऐप न होने के कारण पर्यटक को पूरे दिन के लिए अधिक दर पर कार बुक करनी पड़ती है, एक दो घंटे के लिए आपको गाड़ी नहीं मिलती है। इसी कारण गोवा जाना आसान है पर वहां घूमना बहुत ही महंगा। इस कारण आज हमें सोचना है कि क्या हमें एक या दो बार के बहुत थोड़े से अपने फायदे के लिए भविष्य में मिलनी वाली अच्छी सुविधाएं से स्वयं को वंचित करना चाहिए?

आज इन वाहन संबंधित ऐप के कारण भारतीयों शहरों में आंतरिक यात्रा करना बहुत आसान हो गया है। घर बैठे हम जब चाहें कार बुक करते हैं और आराम से आवागमन कर पाते हैं। अगर हम चालकों के कहने पर या अपने थोड़े से आर्थिक लाभ के लिए इस प्रकार की गलत हरकत करते रहेंगे तो ये वाहन ऐप हानि के कारण अपनी सेवा बंद कर देंगे और हम फिर उस पुराने समय में चले जाएंगे। हम सबको ये ध्यान रखना है कि कोई भी सुविधा निशुल्क नहीं आती है और अगर हमें किसी भी सेवा का आनन्द या लाभ उठाना है तो उसका थोड़ा मूल्य चुकाना ही होगा।

**(मोटीवेटर, रांची 9431107515)**

**विश्व ध्यान दिवस (21 दिसंबर) पर विशेष**

# आधुनिक जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता

**गिरीश्वर मिश्र**

धर्म-कर्म

**ध्यान** किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं। तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वंदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। ध्यान मानसिक कोलाहल हटा कर संतुलन लाने का काम करता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है।

ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान (माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है।

वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फा तरंगें अधिक होती हैं।

ध्यान के लिए जरूरी है कि शांत स्थान पर आराम से स्थिर बैठने का अभ्यास किया जाए। तब श्वांस को सहज बना कर साक्षी भाव अपनाते हुए मन में आ-जा रहे विचारों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। स्वीकार करने की मनोवृत्ति के साथ केंद्रित और अविचलित बने रहना ध्यान की बड़ी उपलब्धि होती है। कहते हैं कि ध्यान एक मानसिक झाड़ू जैसा होता है जो मन के सभी कोनों में सफाई कर देता है। ध्यान मन की स्थिति है जिसके लिए एकाग्रता का अभ्यास जरूरी होता है। वस्तुतः ध्यान हमारी चेतना का अंतरण है। यह एक व्यवस्थित और पद्धतिबद्ध प्रक्रिया है। अभ्यास के साथ शरीर, स्वांस, इंद्रियाँ और मन इन सभी पर हम क्रमशः केंद्रित होते चलते हैं। आमतौर पर योगासन, स्ट्रेचिंग, आराम (रिलैक्सेशन), श्वांसन अभ्यास के बाद ज्ञान मुद्रा के साथ सुखासन या पद्मासन में बैठ ध्यान किया जाता है। ऐसे में अहं को चेतना के केंद्र की ओर ले जाना सम्भव हो पाता है। शांति, आनंद, स्वतंत्रता ही हमारी मूल प्रकृति है। जीवन और मृत्यु, आगमन-प्रस्थान सरीखे होते हैं। आंतरिक विकास तथा आत्मा और स्व के प्रति जागरूकता ध्यान की श्रेष्ठ उपलब्धि है। ध्यान के सतत अभ्यास से तनाव का प्रतिरोध संभव होता है और मानसिक शांति की अवस्था में वृद्धि होती है। ध्यान से आनंद में वृद्धि तथा अनुभव में संतुष्टि, स्पष्टता और सजगता आती है। तब शरीर विश्रांत, मन केंद्रित और स्वास्थ्य अच्छा होता है। ध्यान का उपचारात्मक प्रभाव पड़ता है और अभ्यास करने वाला व्यक्ति आत्मनिर्भर और आंतरिक बल से सम्पन्न होता है।

ध्यान का अभ्यास करने के दौरान कई तरह की बाधाएँ आती हैं। ध्यान करने वाले को साक्षी भाव अपनाते हुए इन बाधाओं की उपेक्षा करनी चाहिए। चूँकि मन बड़ा चंचल होता है, ध्यान को लेकर अक्सर प्रतिरोध भी अनुभव किया जाता है जो निरंतर अभ्यास से नियंत्रित होता है। धीरे-धीरे ध्यान की अवधि और गहनता बढ़ाई जाती है। इसी जटिलता के कारण गुरु की आवश्यकता पड़ती है। ध्यान समूहों और अन्य साधक जनों से सहायता ली जानी चाहिए। मन में स्वीकार की भावना के साथ अभ्यास लाभप्रद होता है। आधुनिक जीवन शैली जिस तरह सूचनाओं के प्रवाह से आक्रांत हो रही है उसमें हमारा अवधान न केवल खंडित हो रहा बल्कि उसकी अवधि संक्षिप्त और गहनता घट रही है। ऐसे में ध्यान का अभ्यास विद्यार्थियों, व्यवासाय में लगे लोगों सबके लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है। इसकी सहायता से हम जीवन की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं और देश व समाज को योगदान कर सकेंगे।

# बिना चिकित्सक व प्रशिक्षित टेक्नीशियन के जिले में चल रहे सैकड़ों पैथोलॉजी सेंटर

## सदर में है फार्मेसी एवं जन औषधि केंद्र, फिर भी दवा के लिये भेजा जाता है बाहर



ब्यूरो प्रमुख

**कोडरमा।** जिले में नियमों को ताक पर रखकर सैकड़ों पैथोलॉजी सेंटर संचालित हैं। जिले में मात्र 30 पैथोलॉजी सेंटर ऐसे हैं जो, स्वास्थ्य विभाग से निबंधित हैं, जबकि यहां 300 से भी अधिक पैथोलॉजी सेंटर धड़ल्ले से संचालित हैं। 30 को छोड़ सभी मापदंडों पर खरे नहीं उतरते हैं। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे अनिबंधित सेंटर बेखौफ होकर धड़ल्ले से जांच कर रहे हैं। इसे लेकर जिले का स्वास्थ्य महकमा और ना ही जिला प्रशासन गंभीर है, क्योंकि पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित ऐसे जांच घरों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है और ना ही जांच की गई है। अवैध रूप से संचालित जांच घरों का निबंधन तो दूर बिना चिकित्सक व बिना प्रशिक्षित टेक्नीशियन के ही पैथोलॉजी सेंटर चलाए जा रहे हैं। ऐसे में यहां के जांच रिपोर्ट के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है। उससे भी बड़ी बात है कि उसी जांच रिपोर्ट पर चिकित्सकों द्वारा दवा भी दी जाती है। इस तरह खुले तौर पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सदर अस्पताल परिसर में (पीपीपी मोड) एसआरएल जांच घर एवं सरकारी जांच घर भी है, जिसमें सभी प्रकार के जांच उपलब्ध हैं, इसके बावजूद भी डॉक्टरों द्वारा कुछ मरीजों को छोड़कर अधिकांश मरीजों को जांच के लिए अस्पताल से बाहर के जांच घरों में भेजा जाता है। इससे साफ होता है कि जांच घरों द्वारा डॉक्टरों को कमीशन की मोटी रकम मिलती है, वहीं जांच के आधार पर दवा लिखी जाती है। यदि जांच रिपोर्ट गलत दे दिया जाए और इसपर गलत दवा चला दी जाए तो मरीज के स्वास्थ्य का क्या होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

**सदर में है फार्मेसी एवं जन औषधि केंद्र फिर भी दवा के लिए भेजा जाता है बाहर :** सदर अस्पताल परिसर में फार्मेसी एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित है, जहां विभिन्न प्रकार की दवाइयां अन्य दवा दुकानों के अपेक्षाकृत काफी कम मूल्य पर मिलती हैं, साथ ही अस्पताल के फार्मेसी काउंटर में जरूरी दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसके बावजूद भी सदर अस्पताल के कुछ डॉक्टरों के द्वारा मरीजों को बाहर से दवा लेने को कहा जाता है, जिससे गरीबों को महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। बहरहाल दवाइयों में भी कमीशन का खेल जबरदस्त चल रहा है।

## ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेटी बचाओ अभियान चलाकर लोगों को लिंगानुपात के प्रति करें जागरूक : डीसी

- पीसी पीएनडीटी के जिला सलाहकार समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सबसे पहले पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर डीसी ने कई निर्देश दिए। वहीं सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में हरहाल में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का कड़ाई से पालन हो, एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करें। डीसी ने सिविल सर्जन को टास्क फोर्स गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में लिंगानुपात की जानकारी लेते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेटी बचाओ अभियान चलाने और लोगों को लिंगानुपात के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में श्री अल्ट्रासाउंड, तथागत अल्ट्रासाउंड, निदान अल्ट्रासाउंड, डॉ. सीमा डायग्नोस्टिक को अल्ट्रासाउंड सेंटर के लिए नए रजिस्ट्रेशन व आशादीप डायग्नोस्टिक के साइड शिफ्टिंग तथा नव प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर में चिकित्सक से संबंधित चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएसपी रतिभान सिंह, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार आदि मौजूद थे।

### गृह सचिव और डीजीपी ने चतरा में की विधि-व्यवस्था की समीक्षा

## 34 थाना प्रभारियों को दिये सख्त निर्देश

- गृह सचिव ने थानाध्यक्षों को जन समस्याओं के त्वरित समाधान और अपराध नियंत्रण पर जोर देने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता मंगलवार को चतरा पहुंचे। जिला मुख्यालय में उन्होंने विधि-व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में चतरा, हजारीबाग और लातेहार जिलों के 34 थाना प्रभारियों से उनके कामकाज की रिपोर्ट ली गई और उनके कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान गृह सचिव वंदना डाडेल ने थानाध्यक्षों को जन समस्याओं के त्वरित समाधान और अपराध नियंत्रण पर जोर देने का निर्देश दिया।

वहीं डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नक्सल गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने और पुलिस गश्ती को और मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति का आकलन करते हुए अधिकारियों ने जिले में पेंडिंग केसों के जल्द निपटारे, अवैध गतिविधियों पर रोकथाम और जनसुनवाई को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही, अपराध पर नियंत्रण के लिए थानों के कार्यों की नियमित समीक्षा करने पर बल दिया गया। डीजीपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ाने और स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की उपस्थिति से नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगेगी और आम जनता का भरोसा बढ़ेगा। गृह सचिव ने थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखें, जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें और पुलिसिंग में पारदर्शिता लाएं। इस समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य तीनों जिलों में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाना और पुलिस प्रशासन को जवाबदेह और प्रभावी बनाना था। अधिकारियों के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस महकमे में चुस्ती और सतर्कता बढ़ने की उम्मीद है।

### सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में चतरा रेलमार्ग विस्तार की मांग उठायी

**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में नियम-377 के तहत चतरा लोकसभा क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग उठाई। संसद में उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि चतरा क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए विभिन्न मार्गों पर रेल लाइन का विस्तार किया जाए। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के नागरिकों का व्यापार, यात्रा और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार आवागमन होता है। ऐसे में रेल सेवाओं का विस्तार नागरिकों को सहूलियत के साथ-साथ व्यापारिक और आर्थिक विकास के नए अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी तर्क रखा कि चतरा को रेल नेटवर्क से जोड़ने पर बिहार, दिल्ली और मुंबई के बीच एक वैकल्पिक रेल मार्ग उपलब्ध होगा। यह मार्ग न केवल सैन्य दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को सुगम परिवहन और व्यापार के लिहाज से भी लाभकारी सिद्ध होगा। सांसद श्री सिंह की इस पहल से चतरा क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में उम्मीद जगी है। रेल नेटवर्क का विस्तार क्षेत्र में समग्र विकास को गति देने के साथ-साथ व्यापारिक और सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। चतरा रेलमार्ग की यह मांग सिर्फ एक सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और समृद्धि का आधार है।

स्पीड न्यूज

### स्वयंसेवी संस्था सेवा भारती ने किया पेंशनरों को सम्मानित

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्वयं सेवी संस्था सेवा भारती के तत्वावधान में शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर ब्लॉक रोड में पेंशनर दिवस के अवसर पर पांच पेंशन धारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में सेवानृवित्त शिक्षक नारायण सिंह, मो.. मुस्तफा आलम, नंदकिशोर मिश्रा, रामजी महाराज, देवंती देवी शामिल थीं। वहीं कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने किया। सर्वप्रथम सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सुभाष प्रसाद बर्णवाल, सिद्धि प्रसाद, अरविंद चौधरी के द्वारा पेंशनरों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं यह सम्मान पाकर नारायण सिंह ने कहा कि पेंशनरों के लिए यह एक विशेष दिन होता है, जब वह अपनी सेवा समाप्त कर जब वापस होते हैं तब ऐसे समय में उनको याद कर उनको सम्मान देने से लगता है कि आज भी वह समाज से जुड़े हुए हैं। समाज के लिए पेंशनर धरोहर के रूप में होते हैं। मौके पर सिद्धि प्रसाद, अरविंद चौधरी, संजय वर्मा, कृष्णचन्द्र कन्हैया, नितिन मिश्रा, नीतीश मिश्रा, गौरव कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित टाटा मोटर्स सर्विस सेंटर के समीप ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान गंगाधर यादव डूमरगढा निवासी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार बरियारडीह स्थित पौधशाला में कार्यरत गंगाधर यादव पौधशाला से अपनी मोटरसाइकिल जेएच11के-9458 से वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान देवीपुर मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक जेएच09वी-9872 ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे गंगाधर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और ट्रक व मोटर साईकिल को कब्जे में लेकर नवलशाही थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## नये पंचायत सचिवालय बनाये जाने का मुखिया ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मूर्कमनाय पंचायत की मुखिया उषा देवी ने अपने लेटर पैड पर एक विज्ञप्ति जारी कर नये पंचायत सचिवालय बनाये जाने का विरोध किया है। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पंचायत सचिवालय मूर्कमनाया के नये भवन का शिलान्यास मंगलवार को हो गया, जिसमें मैं उपस्थित नहीं हूं। उनका कहना है कि जिस स्थान पर शिलान्यास कार्यक्रम हो रहा है वह स्थान जनहित में उचित नहीं है। मूर्कमनाया पंचायत की जनता ने 15 दिसम्बर को डीडीसी से सैकड़ों की संख्या में हस्ताक्षर कर खाता नंबर 119, प्लॉट नंबर 1360, ग्राम बरियारडीह में पंचायत भवन निर्माण करवाने का आग्रह किया था। जिसका भूमि प्रतिवेदन भी सीओ के पत्रांक 90 दिनांक 5 फरवरी 2024 को निर्गत है। साथ ही उक्त स्थान पर 1978 के पूर्व से ही पंचायत सचिवालय संचालित है एवं वर्तमान में जर्जर भवन है। नये भवन की मांग मेरे द्वारा एक वर्ष पूर्व की गयी थी, जिस पर सरकार द्वारा स्वीकृति मिली, परंतु आज जिला परिषद द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ स्थानीय जनता की जायज मांग को ठुकरा कर दूसरे स्थल पर शिलान्यास किया गया है, जो गलत है। उन्होंने यह भी बताया है कि जब राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को शपथ लेना होता है तो खरमास का विशेष ध्यान रखा जाता है। खरमास में कोई शुभ कार्य नहीं होता है लेकिन जब गांव की सरकार को बैठने की सर्वोच्च सदन का निर्माण होना है तो इसका शिलान्यास खरमास में हो रहा है जो बिल्कुल ही उचित नहीं है। वहीं 9 मार्च 2024 को जीपीडीपी 2024-25 के तहत हुई ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्राम बरियारडीह के खाता नं. 119 प्लॉट नं. 1360 रकबा 2.27 एकड़ में पंचायत भवन निर्माण हेतु पारित किया गया है। जबकि आज जहां पंचायत भवन का शिलान्यास किया गया, वह स्थान ग्राम बरियारडीह खाता न. 120 प्लॉट नं. 1310 में हुआ जो एक खेल मैदान बनाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है।

## डोमचांच पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब किया बरामद, एक बोलेरो वाहन जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना प्रभारी के नेतृत्व में जांच अभियान चलाकर एक बोलेरो वाहन से 12 पेटी अंग्रेजी शराब को बरामद किया। मिली जानकारी अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक फोर व्हीलर में अवैध रूप से शराब तस्करी कर सपही के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना अंतर्गत सपही मुख्य मार्ग में वाहन चेकिंग किया जाने लगा। चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग का बोलेरो वाहन को रूकने का ईशारा किया गया तो वाहन चालक वाहन छोड़ कर जंगल की ओर भाग गया एवं बोलेरो वाहन बीआर27सी-8609 को जांच करने पर अवैध रुप से 12 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें रॉयल स्टैग 750 एमएल 55 पीस व 375 एमएल 10 पीस, इम्पीरियल ब्लू 375 एमएल 112 पीस वाहन से बरामद किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या 111/24 उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार, सउनि रमेश मरांडी, सपही पिकेट प्रभारी, डोमचांच व सशस्त्र बल, डोमचांच थाना के जवान शामिल थे।

### सरिया लदा ट्रक नाला में धंसा, बड़ा हादसा टला

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय विंडोमोह के समीप मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे सरिया लदा ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे नाला का स्लैब तोड़ते हुए धंस गया। हालांकि घटना में चालक व उप चालक बाल-बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 09एस-3886 गिरिडीह की ओर से सरिया लेकर बिहार के सासाराम जा रहे थे। उक्त स्थल के समीप ट्रक ड्राइवर अपने गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर शौचालय जाने के लिए रोक रहा था। इसी दौरान ट्रक नाले के स्लैब तोड़ते हुए धंस गया और बड़ा हादसा टल गया।

### एक नजर में

### इटखोरी में सरकारी भूमि अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, 26 दिसंबर तक हटाने का निर्देश



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी अंचलाधिकारी सविता सिंह ने सरकारी भूमि अतिक्रमण मामले में सख्त कदम उठाते हुए इटखोरी चौराहा से चतरा मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस भेजा है। अतिक्रमणकारियों को बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा-3 के तहत निर्धारित समय पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद वह स्वयं अगर सरकारी जगह को नहीं छोड़ते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित अतिक्रमण को 26 दिसंबर 2024 तक स्वयं हटाया जाए। यदि निर्धारित अवधि के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा इसे बलपूर्वक हटाया जाएगा, और संबंधित खर्च अतिक्रमणकर्ता से वसूला जाएगा। प्रशासन ने यह भी उल्लेख किया है कि यदि अतिक्रमण हटाने में असहयोग किया जाता है, तो इसके तहत बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के साथ-साथ दंड संहिता (धारा-188) के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी ने सभी अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि समय रहते भूमि खाली कर दें अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। प्रशासन के इस सख्त रुख के बाद इटखोरी क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। सरकार की इस पहल से सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

### केपीएल टूर्नामेंट फाइनल : पिंक पैंथर टीम बनी चैंपियन, श्रीराम फाइटर उपविजेता



**कुंदा (चतरा)।** जनता उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पिंक पैंथर और श्रीराम फाइटर्स के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में पिंक पैंथर ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहली पारी में श्रीराम फाइटर की टीम 95 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में पिंक पैंथर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 100 रन बनाकर जीत दर्ज की। पिंक पैंथर की शानदार पारी में टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जबकि श्रीराम फाइटर की गेंदबाजी में कमजोरी दिखी। विजेता टीम पिंक पैंथर को आयोजकों की ओर से बड़ी शील्ड और 15,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं, उपविजेता श्रीराम फाइटर को शील्ड और 11,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। केपीएल टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम के प्रायोजकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का आयोजन कुंदा के मुखिया मनोज कुमार साहू ने किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, प्रायोजकों और दर्शकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्व उप मुखिया सतेंद्र सिंह, जितेंद्र सौंडीक, हरिओम वर्मा, नगीना सिंह भोक्ता समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। कमेंट्री की जिम्मेदारी सुरेंद्र यादव ने संभाली, जबकि पंकज गुप्ता और अरविंद साहू (छोटू) अंपायर की भूमिका में रहे।

## भद्रकाली महाविद्यालय में स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम और सेमिनार आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** भद्रकाली महाविद्यालय, इटखोरी में यूजीसी के निदेशानुसार स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर सरिया महाविद्यालय, गिरिडीह और भद्रकाली महाविद्यालय के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान किया गया। सरिया महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों का भद्रकाली महाविद्यालय में स्वागत किया गया, जहां दोनों महाविद्यालयों के शिक्षकों ने एक-दूसरे के छात्रों को अध्यापन कराया। छात्रों ने विभिन्न शैक्षणिक और सामाजिक विषयों पर जानकारी साझा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने कहा कि एनएएसी प्रत्यायन की दृष्टि से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है।

**महात्मा गांधी पर सेमिनार का आयोजन :** कार्यक्रम के साथ-साथ महात्मा गांधी के 'सत्याग्रह' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह के महत्व और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार रखे।

**छात्राओं को सम्मानित किया गया :** शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा राखी कुमारी और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली जूली कुमारी को प्रशस्ति पत्र और पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित मोहन सिन्हा और डॉ. संदीप कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भी प्रो. ललित मोहन सिन्हा द्वारा दिया गया।

इस कार्यक्रम में सरिया महाविद्यालय के प्रो. अरुण कुमार, डॉ. आशीष कुमार सिंह, प्रो. जानकी प्रसाद दांगी, प्रो. सकेंद्र मिस्त्री, प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद सहित कई शिक्षकों और छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### साइबर ठगों ने लगभग 9 लाख खाते से उड़ाये

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत निवासी मनोज मेहता के साथ साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मनोज मेहता से लगभग 9 लाख की साइबर ठगी कर ली गई है। इस संबंध में मनोज मेहता ने बताया कि मेरे मोबाइल पर फॉरवडिंग का मैसेज आ रहा था। जब यह मैसेज आया तो मैं मोबाइल को रिसेट मारने और कॉल फॉरवडिंग हटाने का प्रयास करने लगा तभी पैसा कटने लगा तो मैंने सिम कार्ड खींचकर निकाल लिया। खींचने बाद भी मेरे अकाउंट से एक बार 4 लाख 76 हजार 600 और दुबारा 3 लाख 99 हजार 811 रुपया एनएफटीई और आईएमपीएस के माध्यम से कट गया। उन्होंने कहा इसे लेकर मैंने पुलिस को आवेदन दिया है।

### जिला सीबीएसई स्कूलों के बीच इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

## बालक वर्ग में ग्रिजली व बालिका में केआर सविमं बना विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्कूल्स सहोदया कॉम्प्लेक्स के बैनर तले आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में जिला सीबीएसई स्कूलों के बीच इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में बालक वर्ग से कुल आठ विद्यालय एवं बालिका वर्ग से पांच विद्यालय की टीमों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। वहीं मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, केदारनाथ यादव, जिला सहोदया कॉम्प्लेक्स के चेयरमैन सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद सिंह, नेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक मुश्ताक खान, बीआर. इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओपी. रॉय, मेजबान स्कूल आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव, गणपत यादव, संदीप सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह, विनोद यादव, सकलदेव राम, मुन्ना प्रसाद यादव, कुन्दन प्रसाद यादव उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव, उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर की। वहीं उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के साथ साथ जीवन में खेल भी बहुत जरूरी है। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर फाइनल मैच की विजेता एवं आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय उपविजेता रही। इसी तरह बालक वर्ग में सेक्रेड हार्ट स्कूल तिलैया एवं ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम फाइनल में प्रवेश किए। फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा और ग्रिज्जली विद्यालय ने सेक्रेड हार्ट स्कूल को फाइनल में हराकर कबड्डी टूर्नामेंट का विजेता बना। मौके पर रवींद्र कुमार रवि, अर्जुन चन्द्र यादव, महेन्द्र कुमार राणा, गोपाल कुमार यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, सीताराम यादव, रामचंद्र यादव, नरेश सिंह, फुलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, मुकेश राणा, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, शाहिद हुसैन, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन समेत सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## टंडवा : कोयला खदानों में मौत का खेल, 1000 से अधिक जानें गईं, स्वास्थ्य और जल संकट गहराया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के टंडवा क्षेत्र में कोयला खदानों से जुड़ी अराजकता और अव्यवस्थित हालात ने गंभीर संकट पैदा कर दिया है। भाजपा सांसद काली चरण सिंह ने नियम 377 के तहत इस मुद्दे को संसद में उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया और त्वरित समाधान की मांग की है। कोयला माफिया के बढ़ते दबदबे और अव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था के कारण अब तक 1000 से अधिक लोग हाईवा ट्रकों की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं। प्रशासन की उदासीनता के चलते पीड़ित परिवारों को मुआवजा तक नहीं मिल पाया है। वहीं, सीसीएल (कोल इंडिया) प्रबंधन ने अपनी जिम्मेदारी ट्रांसपोर्ट कंपनियों पर डाल दी है, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। कोयला खदानों से उड़ते धूल और गंदगी ने क्षेत्र में दमा, अस्थमा और टीबी जैसी बीमारियों को जन्म दिया है। इसके साथ ही खदानों की वजह से जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का संकट बढ़ गया है। वाहन मालिक कर्ज में डूब रहे हैं और कई लोग आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

**सांसद की सरकार से मांग**

भाजपा सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि टंडवा और आसपास के क्षेत्रों में हालात बेहद खराब हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कोयला खदानों में अव्यवस्था को दूर करने और स्वास्थ्य व जल संकट का समाधान निकालने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं।

स्पीड न्यूज

## पेशेवरों के लिए पुटिंग प्रतियोगिता गगनजीत भुल्लर ने जीती

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आयोजित पेशेवर पुटिंग प्रतियोगिता गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने जीता है, जो टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप के मौजूदा चैंपियन भी हैं। दूसरे स्थान शौर्य भट्टाचार्यी और तीसरा स्थान उदयन माने रहे। गगनजीत भुल्लर को अपने जमाने के मशहुर क्रिकेटर कपिल देव, समाजसेवी डेजी ईरानी और टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स डिवीजन के उपाध्यक्ष और जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन सुंदर रामम से पुटिंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार पाया।

## स्वर्ण के लिए भिड़ेंगी अंकिता व कोमालिका




**जमशेदपुर।** झारखंड आर्चरी एसोसिएशन 31वीं एनटीपीसी सीनियर इंडियन राउंड, 44वीं सीनियर रिकर्व और 20वीं सीनियर कंपाउंड नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप 16 से 20 दिसंबर के बीच गोपाल मैदान में करवा रहा है। इसको भारतीय आर्चरी एसोसिएशन, एनटीपीसी और टाटा स्टील का समर्थन प्राप्त है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन इंडियन आर्चरी राउंड के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, साथ ही टीम और मिक्स रिकर्व इवेंट्स भी आयोजित किये गये। महिलाओं के टीम इवेंट में झारखंड ने फाइनल में जगह बना ली है और 20 दिसंबर को स्वर्ण पदक के लिए मध्य प्रदेश का सामना करेगी। झारखंड महिला टीम में टाटा आर्चरी एकेडमी की दो एथलीट, अंकिता भगत और कोमालिका बारी शामिल हैं। कंपाउंड आर्चरी के टीम और मिक्स्ड इवेंट्स का आयोजन कल होगा।

## अधिवक्ता सुनील लिख रहे छोटानागपुर के आदि बुनियाद पुस्तक

**जमशेदपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता वृहद छोटानागपुर को व्यापक अर्थ में समझने हेतु पुस्तक लिख रहे हैं जो लगभग पूरी हो चुकी है और दिसंबर के अंतिम सप्ताह में पाठकों के हाथ में होगी। यह पुस्तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही शोधार्थी के लिए लाभप्रद साबित होगी। पिछले कई सालों से अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर इस काम में लगे हुए हैं। पुस्तक को समग्र रूप से पूरा करने के लिए झारखंड को करीब से समझने की कोशिश अधिवक्ता ने ईमानदारी से की तथा समाजशास्त्रियों, मानव विज्ञानविद और इतिहासविद के साथ ही सुदूर गांव में रहने वाले लोगों से मिलकर वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। झारखंड राज्य के आदिवासी, अनुसूचित जनजाति, 1941 की जनगणना में आदिवासियों को हिंदू बताने की साजिश, आदिवासी महासभा बनाम सनातन आदिवासी महासभा के बीच का वैचारिक संघर्ष, आदिवासी धर्म, लोकुर कमेटी, छोटा नागपुर के आदि बुनियाद, आदिम कुड़मी, राड़ क्षेत्र की लिपि, झारखंडी संस्कृति पर प्रकाश डाला है। सुनील गुलिआर के अनुसार वृहद छोटानागपुर की संस्कृति ग्राम में जीवित है और वहां जो बुजुर्ग हैं ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तीन दिवसीय आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव, 2024 का आगाज 20 से

■ हिन्दी महोत्सव साहित्य शिक्षा संस्कृति एवं सृजन का वैश्विक संगम : सुखदेव महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के भव्य परिसर में 20, 21 एवं 22 दिसंबर, 2024 को आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह महोत्सव न केवल हिन्दी भाषा और साहित्य का उत्सव है, बल्कि यह संस्कृति,सृजन और शिक्षा के वैश्विक मंच पर हिंदी के महत्व को स्थापित करने का एक समर्पित प्रयास भी है।

जानकारी देते हुए श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने पत्रकारों को बताया कि सम्मेलन का आगाज 20 दिसंबर को दिन के 10.30 बजे श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के आदित्यपुर कैंपस में होगा ।इस दिन चर्चा का विषय रखा गया है- युवाओं के भावी जीवन को सशक्त बनाने में हिन्दी की भूमिका। इस सत्र में दिल्ली विवि के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो कुमुद शर्मा, बीएचयू में हिन्दी के विभागाध्यक्ष डा सदानंद शाही, काशी हिन्दू विवि के प्रध्यापक डॉ प्रभाकर सिंह, शासकीय महिला महाविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश की सहायक प्रध्यापक मोजुम लोयी और जमशेदपुर के साहित्यकार ब्रजेंद्र नाथ मिश्र अपने विचार व्यक्त करेंगे। दूसरे दिन 21 दिसंबर को हिन्दी भाषा और प्रशासनिक कार्य : संप्रेषण का सशक्त माध्यम विषय पर चर्चा की जायेगी जिसे सरायकेला-खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला, पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल और पाकुड़ के एसपी प्रभात कुमार संबोधित करेंगे। अंतिम दिन 22 दिसंबर को चर्चा का विषय रखा गया है-न्याय को आम जन जीवन तक पहुंचाने की प्रक्रिया में हिन्दी की भूमिका। इस सत्र को झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन एवं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता श्रीमती सीमा समृद्धि कुशवाहा संबोधित करेंगी।

संयोजक रचना रश्मि ने बताया कि इस बार विश्वविद्यालय स्तरीय 25 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 850 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इनमें से आधे छात्र-छात्राएं झारखंड से बाहर के हैं।



प्रेस मीट में कुलाधिपति सुखदेव महतो, डीन जे राजेश, संयोजक रचना रश्मि व अन्य पदाधिकारी।

## हिन्दी महोत्सव : एक प्रेरक यात्रा

यह महोत्सव आठ वर्ष पहले एक छोटे से आयोजन के रूप में शुरू हुआ था, जिसमें केवल कोल्हान क्षेत्र के नौ महाविद्यालयों के प्रतिभागी शामिल हुए थे। सीमित प्रतियोगिताओं और छोटे स्वरूप में आरंभ हुआ यह आयोजन आज झारखंड की सीमाओं को पार कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। यह महोत्सव हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसके साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए एक सशक्त मंच बन गया है। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और प्रशासन की दूरदर्शिता और हिन्दी के प्रति समर्पण इस आयोजन की आधारशिला है। यह महोत्सव हिन्दी भाषा और उसके सृजनात्मक स्वरूप को न केवल संरक्षित कर रहा है, बल्कि उसे नई तकनीक और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ सशक्त भी कर रहा है।

**महोत्सव के उद्देश्य :** इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति से जोड़ना है। आज जब वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति के कारण क्षेत्रीय भाषाएं चुनौतियों का सामना कर रही हैं, यह महोत्सव युवाओं के बीच उनकी मातृभाषा के प्रति गर्व और आत्मीयता का भाव पैदा करता है। श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव हिन्दी प्रेमियों और सृजनशील व्यक्तियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे अपनी कला, कौशल और सृजनात्मकता का प्रदर्शन कर सकते हैं। यह आयोजन न केवल हिन्दी के प्रचार-प्रसार का एक साधन है, बल्कि भाषा के प्रति लोगों के भीतर जागरूकता और गर्व का भाव उत्पन्न करता है।

# सरयू राय हैं झूठ के सौदागर, मुझ पर थोप रहे हैं अपनी करतूत : बन्ना गुप्ता

■ मानगो नगर निगम का गठन 2017 में और कचरा उठाने का टेंडर 2017 में हुआ था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो नगर निगम गठन और कचड़ा उठाने का टेंडर के बारे में खुलासा करते हुए विधायक सरयू राय की झूठ का पदार्फाश कर दिया हैं। उन्होंने प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए सरयू राय को झूठ का सौदागर कहा हैं। उन्होंने कहा कि सरयू राय की दुकानदारी झूठ पर निर्भर हैं, वो सुबह से शाम तक सिर्फ झूठ बोलते हैं, झूठ बोलकर चुनाव जीतने वाले सरयू राय अब अपनी नाकामी को छुपाने के लिए अपने कुकर्मो का आरोप मुझपर लगा रहें हैं जो हास्यास्पद हैं।

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने नगर विकास विभाग का 17 अगस्त 2017 का संकल्प पत्र जारी करते हुए सरयू राय से सवाल पूछा हैं कि 2017 में विधायक कौन था?उस समय किसकी सरकार थी और मंत्रीपरिषद में कौन शामिल था?

उन्होंने पूछा कि 22 अगस्त 2017 में विधायक कौन था मंत्री कौन था?और जो साफ सफाई हेतु जो टेंडर हुआ था किसके इशारे पर हुआ था? जिन ठेकेदारों को काम मिला वे कौन थे?



पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता।

बन्ना गुप्ता ने आगे कहा कि सच तो ये हैं कि सरयू राय जी पर उम्र भारी पड़ने लगा हैं, यादाश्त उनकी कमजोर होने लगी हैं इसलिए वे या तो भूल जा रहें हैं या भूलने का नाटक कर रहें हैं, सच तो ये हैं कि सोनारी मरीन ड्राइव में कचड़ा डंपिंग कार्य उनके इशारों पर उनके पसंदीदा ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा हैं वो भी 2017 से, लेकिन अपने पाप को वो छुपा रहें हैं लेकिन विधायक जी पाप और झूठ छुपता नहीं हैं, सामने आ ही जाता हैं सच।

बन्ना गुप्ता ने सरयू राय पर पलटवार करते हुए कहा कि मैं मरीन ड्राइव के कचड़े का निष्पादन करने के लिए कई वैकल्पिक व्यवस्था पर कार्य कर रहा था, वहां पार्क बनाने की योजना प्रस्तावित थी, मानगो नगर निगम में सफाई हेतु कई उपकरण और गाड़ी मेरे कार्यकाल में आयी, लेकिन सरयू राय ने मानगो की जनता को कचड़ा के ढेर में धकेलने का कार्य किया हैं, बिना सोचे समझें और वैकल्पिक व्यवस्था कर एनजीटी को पत्र लिखकर एक तरफ डंपिंग बंद करवा दिया जिससे मानगो की जनता को कूड़ा और गंदगी में रहना पड़ रहा हैं , दूसरी तरफ सोनारी की जनता को भी बदबू और कूड़े का भंडार का सामना करना पड़ रहा हैं, मुझे डर हैं कि सरयू राय जी की इस बचकानी हरकत के कारण जमशेदपुर में बीमारी और महामारी ना फैल जाए। इसको लेकर वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात कर समस्या का निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

## पूर्व क्रिकेटर कपिलदेव ने गोल्फ का लिया आनंद



जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आयोजित पेशेवर गोल्फ पुटिंग प्रतियोगिता और टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप गोल्फ में भाग लेने आज पूर्व क्रिकेटर कपिलदेव जमशेदपुर में थे। इस दौरान उन्होंने अपने एक नन्हें प्रशंसक को ऑटोग्राफ देने से पूर्व प्यार से बात किया।

एक नजर में

## जाम मुक्त शहर बनाने में शहरवासियों का भी मिल रहा है भरपूर सहयोग : एसडीओ



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जमशेदपुर शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में छठवें दिन भी साकची व बिष्टुपुर क्षेत्र के नो पार्किंग जोन में सड़कों के अतिक्रमण को लेकर जांच अभियान चलाया गया तथा नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले चालकों से जुमार्ना वसूला गया। एसडीओ, धालभूम शताब्दी मजुमदार ने कहा कि इस अभियान में शहर वासियों का भी सहयोग अब प्राप्त हो रहा है, स्थिति पहले से बेहतर हुई है। सड़कों को शत प्रतिशत जाम मुक्त रखने में आगे भी शहरवासियों से सहयोग अपेक्षित है।उन्होने अपील किया कि शहरवासी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क न करें, इससे जाम होती है। जांच के क्रम में पकड़े जाने पर जुमार्ना वसूलने की कार्रवाई की जायेगी। जांच अभियान में कार्यपालक दंडाधिकारी चंद्रजीत सिंह, एमवीआई सूरज हेंब्रम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज कुमार व अन्य पदाधिकारी, कर्मी शामिल थे।

## हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण जारी



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था हर हर महादेव सेवा संघ के तत्वाधान में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम निरंतर जारी है। इस कड़ी में जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु बांवरी बस्ती, लकड़ी टाल, कानू भट्ठा, नंदनगर, भुइंयाडीह, गड्ढा बस्ती, रोड नं 1, 2, 3, 5 बागूनहातु सहित अन्य कई क्षेत्रों में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि जब तक हम अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करेंगे, तब तक हम समाज में सच्चे बदलाव की उम्मीद नहीं कर सकते। इस कार्यक्रम के जरिए हमारा प्रयास है कि बुजुर्गों और अन्य जरूरतमंदों को राहत मिल सके और हम उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकें।

## 10.18 करोड़ की लागत से होगी छह सड़कों की विशेष मरम्मत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत चांडिल व ईंचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में 6 सड़कों का भूमि पूजन मंगलवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक नें चांडिल प्रखंड क्षेत्र के फोदलोगोड़ा से साही झरना जामडीह रामगढ़ होते हुए एन एच 33 तक, एन एच 33 से काटीया तक, पीडब्लूडी रोड पालगम मोड़ से छातारडीह तक, ईचागढ़ में पीडब्लूडी रोड से चिरूगोड़ा तक, कुईडीह से ब्लॉक बॉडर मैसारा तक व कुंदरीलोंग से घटिया तक सड़क का विशेष मरम्मत कार्य का भूमि पूजन किया। 6 सड़कों का विशेष मरम्मत 10 करोड़ 18 लाख रुपये कि लागत से कुल 19.33 किमी होगी। विधायक सविता महतो नें कहा 6 सड़को का विशेष मरमती होने से ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी। मौके पर झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र कार्यालय में विधायक मंगल ने की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में जन समस्याओं को देखते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने नगर परिषद, पयजल विभाग एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक की और समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न जन समस्याओं के मुद्दों पर बातचीत हुई।

विधायक ने कहा कि कुसुम घाट इंटक वेल में पर्सनल फीडर का निर्माण एवं चार नए मोटर की आवश्यकता। सोनकर मोहल्ला में नाला निर्माण की आवश्यकता है। सभी पानी टंकी में पानी का लेबल देखने के लिए मीटर की आवश्यकता है। आर पी पटेल स्कूल के पीछे दीवाल निर्माण की आवश्यकता है। होल्डिंग टैक्स का भुगतान जब से घर बनेगा उसके बाद से ही होगा (2016 से नहीं होगा। आर पी पटेल टंकी का लीकेज का रिपेयरिंग आवश्यकता है। गणगौर के पास नाली का समय-समय पर सफाई करने का आवश्यकता है। फिल्टर प्लांट से जितना स्क्रैप है उसको हटाना है और उस जगह का सुंदरीकरण करना है। स्ट्रीट लाइट का रिपेयरिंग करना है और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना।



बैठक के दौरान समीक्षा करते विधायक व उपस्थित अन्य।

## जमशेदपुर रौनियार वैश्य समिति का वनभोज 5 को





**जमशेदपुर।** जमशेदपुर रौनियार वैश्य समिति के सदस्यों ने एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज करने पर सार्वजनिक निर्णय लिया है। समिति का वार्षिक मिलन व वनभोज नये साल के 5 जनवरी दिन रविवार को सुबह 10 बजे से एग्रिको क्लब हाउस के प्रांगण में आयोजित होगा। समिति की बैठक मानगो क्षेत्र स्थित अविनाश नगर में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान कवि कुमार एवं अशोक कुमार गुप्ता ने रौनियार वैश्य बंधुओं से विनम्र आग्रह किया है कि सभी लोग उक्त समारोह में सपरिवार शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाकर संगठन को सबल बनायें। सदस्यों से आग्रह किया कि आप कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना 8210535329 (कवि कुमार), या 9204652670 (अशोक गुप्ता) पर कर सकते हैं। कार्यक्रम में अधिक समाज के लोग शामिल हो इसके लिए समिति भी प्रयासरत है। समिति के द्वारा मिलन समारोह के अंतर्गत जमशेदपुर रौनियार वैश्य समिति नामक स्मारिका भी भी विमोचन किया जायेगा।

# शौर्य भट्टाचार्य और टीम ने टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 का प्रो-एम इवेंट जीता

### पूर्व क्रिकेटर कपिल देव और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने भी गोल्फ में अजमाया हाथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 का प्रो-एम इवेंट दिल्ली स्थित पेशेवर शौर्य भट्टाचार्य और उनकी टीम ने जीता। शौर्य ने 52 के कुल स्कोर के साथ प्रो-एम इवेंट में अपनी टीम को जीत दिलायी। शौर्य की टीम में एमेच्योर शांतनु वर्मा, तमन्ना जीत सिंह और मोनिका लुकटुके शामिल थे। फरीदाबाद स्थित पेशेवर अभिनव लोहान की टीम 52.7 के कुल स्कोर के साथ उपविजेता रही। अभिनव की टीम शौकिया डॉ बलजीत सिंह, धीरज झा और निपम मेहता से बनी थी। होल नंबर 1 पर निकटतम पिन प्रतियोगिता सरजीत झा ने जीती, जिनका टी शॉट पिन से तीन फीट की दूरी पर गिरा। होल नंबर 17 पर निकटतम पिन प्रतियोगिता डॉ रीता झा ने जीती, जिनका टी शॉट पिन से 14 फुट आठ इंच दूर गिरा। होल नंबर 8 पर स्ट्रेट ड्राइव प्रतियोगिता एम ने जीती


## टाटा स्टील यूआईएसएल को डेंगू प्रकोप प्रबंधन के मॉडल के लिए मिला अवार्ड

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने वेक्टर-जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में उभरती चुनौतियां पर आयोजित तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिक पेपर प्रस्तुति के लिए दूसरा पुरस्कार जीता है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम, जिसे नई दिल्ली की एब्सोल्यूट ह्यूमन केयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, चेन्नई के लोयोला कॉलेज में संपन्न हुआ। इसमें दुनियाभर के विशेषज्ञ, शोधकर्ता और संगठन वेक्टर-जनित रोगों से निपटने के लिए नवाचारी रणनीतियों को साझा किया गया।

## नव ज्योति विद्या मंदिर में मना वार्षिक खेल दिवस



**जमशेदपुर।** 17 दिसंबर 2024 को जगन्नाथपुर गम्हरिया के नव ज्योति विद्या मंदिर में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में झारखंड ताइक्वांडो अकादमी के निदेशक श्री रविशंकर, राधेश्याम ट्रस्ट के अध्यक्ष यूएन श्रीवास्तव और संजय पांडे अतिथि के रूप में उपस्थित थे। छात्र विभिन्न प्रकार की दौड़ और ड्रिल में भाग लेकर बहुत खुश थे। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया और छात्रों को हमेशा किसी भी प्रकार की शारीरिक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ताकि न केवल उनका शरीर फिट रहे बल्कि दिमाग भी स्वस्थ रहे क्योंकि हमारा असली धन हमारा स्वास्थ्य है। कार्यक्रम में स्कूल सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव, प्राचार्य अनामिका श्रीवास्तव, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा... जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु

■ आदित्यपुर में श्याम भटली परिवार कीर्तन महोत्सव आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर के आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान स्थित स्काई रेजिडेंसी में आयोजित बाबा श्याम के कीर्तन महोत्सव में देर रात तक श्रद्धालुगण झूमते रहे। इस कीर्तन के यजमान क्रमशः सूरज भदानी, मनीष सिंघानिया, राहुल अग्रवाल, अनिकेत अग्रवाल, दैविक गुप्ता और तरुण डोकानिया सह पत्नी शामिल होकर पूजा की। पंडित रामजी पारिक ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया था। ज्योत प्रज्जवलित होने के बाद श्री गणेश वंदना से भजनों का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। आमंत्रित कलाकारों में बन्टी चंगील, मोनी शर्मा, रोहित गुलाटी और प्रेरणा शर्मा ने कीर्तन में अपनी सुमधुर प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। कलाकारों द्वारा बाबा श्याम के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खुब झूमे। मौके पर भजन गायकों ने बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा..., शरण तुम्हारी जो मिल गयी हैं सांवरे..., मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., श्याम धणी को आयो रे बुलावा...., श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार..., सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया.... काली कमली वाला मेरा यार हैं...., कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., लाखों पापी तार दिये सुनते हैं सरकार... आदि भजनों की प्रस्तुति दी। कीर्त्तन महोत्सव का मुख्य आकर्षण भटली वाले श्याम बाबा का भव्य दरबार, छप्पन भोग, अखंड ज्योत तथा श्याम रसोई प्रसाद था। कार्यक्रम में गगन रुस्तगी, सुधीर अग्रवाल, ललित डाँगा, संदीप बजाज, प्रवीण भालोटिया, आशीष अग्रवाल, पंकज छावछरिया, बिमल अग्रवाल, मनोज पुरिया, अभिषेक अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, मदन अग्रवाल, महेश सिंघानिया, मनोज पलसानिया, बिस्सू नरेडी, नरेश अग्रवाल, बसंत हरलालका, देवासिस चौधरी, धीरज चौधरी, मनोज खेमका भी मौजूद थे।




## स्पीड न्यूज

### डीसी ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का किया आयोजन, सुनी ग्रामीणों की समस्या


समस्या सुनते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आपदा प्रबंधन मुआवजा को लेकर बरवाडीह प्रखण्ड की निवासी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पिता जी की मृत्यु हो जाने के बाद 2 वर्षों से आपदा प्रबंधन मुआवजा के लिए नियमानुसार दस्तावेज देने के उपरांत भी अभी तक कोई मुआवजा राशि नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### सुशासन सप्ताह के तहत बैंक अकाउंट ओपनिंग और आधार कार्ड बनाने के लिए लगाया गया कैंप


कैंप में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** सुशासन सप्ताह के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर सखी मंडल की दीदियों के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया। इसी के तहत आज लातेहार के नेवाड़ी पंचायत में सुशासन सप्ताह (प्रशासन गांव की ओर) कार्यक्रम के तहत बैंक अकाउंट ओपनिंग और आधार कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। तथा लोगों को सुशासन सप्ताह के बारे में जानकारी दी गई। सुशासन सप्ताह (प्रशासन गांव की ओर) कार्यक्रम के तहत 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जिले अंतर्गत प्रखंड स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले भर में सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना और विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। वहीं आयोजित जागरूकता शिविर में लोगों के बीच शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के बारे में जानकारी दिया जाएगा।

### अवैध खनन को लेकर डीएमओ की कड़ी कार्रवाई, दो ओवरलोड हाइवा और एक ट्रैक्टर जब्त



**गारू।** लातेहार जिले के उपायुक्त के निर्देश पर खनन विभाग के द्वारा अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन और भंडारण को लेकर लगातार कारवाई की जा रही है।इसी क्रम में मंगलवार को गारु प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम अंसारी ने स्वयं सघन जांच अभियान किए। जिसमें की जांच में दो ओवरलोड हाइवा वाहन पकड़ा गया। दोनों हाइवा क्षमता से ज्यादा लोड लेकर पकड़ा गया है। साथ ही एक बिना नंबर प्लेट लगा बालू लोड ट्रैक्टर वाहन भी जब्त किया गया है। सभी वाहनों को गारु थाना में जब्त कर सुरक्षित रखा गया है। जब्त हाइवा वाहनों में वाहन संख्या JH 03AJ 2760 और JH 03AK 3271 दोनों हाइवा वाहन ओवर लोड चिप्स लदा और बिना नंबर प्लेट के बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी नदीम अंसारी ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कारवाई निरंतर जारी रहेगा। इस कारवाई से बिना नंबर प्लेट लगे बालू उठाव करने वाले ट्रैक्टर मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने लोगों से अपील किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन होते हुए कहीं भी देखते हैं तो त्वरित संबंधित विभाग को सूचना दें ताकि अवैध खनन,भंडारण ओर परिवहन पर रोक लगाया जा सके।

## पंसस की बैठक में किसी भी विभाग ने नहीं दिया संतोषजनक जवाब

# शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है सरकारी राशि का गबन

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य व अन्य।

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों और प्रोसेडिंग पर चर्चा किया गया। बारी-बारी से सभी विभाग में खामियां एवं होने वाली परेशानियां पर चर्चा की गई। इसके बाद बिजली विभाग से पूछा गया कि पिछली बैठक में पीएचडी फिटर में लगे सभी ट्रांसफार्मर का जम्फर अलग- अलग करने का प्रस्ताव रखा गया था इसमें अब कितना कार्य हुआ। जिसपर विद्युतकर्मी पंकज कुमार ने बताया सभी जगह का तार को बदल कर केबलिंग करना है, जिसका सर्वे होने के बाद टेंडर भी हो गया है। जल्द ही काम शुरू होने वाला है। उम्मीद है कि अगले दो माह इस कार्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। वहीं बैठक में शिक्षा विभाग से बीईईओ नागेंद्र प्रसाद सिंह ने अपनी जगह बीआरसी कर्मी मनोहर यादव को भेजा था इस पर भी सदन में सवाल खड़ा हो गया इस पर मनोहर यादव ने कहा कि बीईईओ सर हेरहंज प्रखंड के प्रभार में प्रभार में ही। जिसके कारण वो बैठक में नही आ पाए और मुझे भेजे है। सवाल उठा कि वर्ष 2023-24 में सभी स्कूल में खेल सामग्री के लिए पैसा आया था पर इसमें बड़ी पैमाने में पैसा का गबन हुआ है ऐसा क्यों हुआ है। जिस पर शिक्षा कर्मी ने बताया कि इसका जवाब लेखापाल और बीईईओ ही देंगे ये मेरे से ऊपर की चीज है, पैसा का लेनदेन लेखापाल और बीईईओ ही करते है। शिक्षा विभाग द्वारा किसी भी सवाल का जवाब संतोषजनक नही दिया। इसलिए अगले बैठक में बीईईओ को उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। वहीं बरवाडीह भारतीय स्टेट बैंक, बेतला पंजाब नेशनल बैंक और छिपादोहर इलाहाबाद बैंक से किसी भी कर्मी का उपस्थित नही होने के कारण तीनों बैंक के शाखा प्रबंधक को शौकोज किया गया है। बैठक में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, उपप्रमुख बीरेंद्र जसवाल, पंसस आरती देवी, सुनीता देवी, राज महेंद्र सिंह, असमीना बीबी, प्रेमलता मिंज, रीना देवी, तेतरी देवी और दिलीप सिंह के अलावा अन्य पंसस के साथ सभी विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## बरवाडीह: जतरा मेला का विधायक रामचंद्र सिंह ने किया उद्घाटन


फीता काटकर मेले का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

- हमारी संस्कृति व धार्मिक आस्था का प्रतीक है जतरा मेला रामचंद्र सिंह
- आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मेले का आनंद उठाने की अपील

**बरवाडीह।** छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी ग्राम में आहूत तीन दिवसीय ऐतिहासिक वार्षिक जतरा मेला का उदघाटन मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, माले जिला सचिव बिरजू राम, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह और मेला समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह समेत अन्य लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना और फीता काटकर किया। जहां विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह मेला हमारी संस्कृति और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यह आयोजन हमारे सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं को संजोने का भी एक अहम जरिया है। उन्होंने मेला में शामिल लोगों से आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद उठाने की अपील की। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि मेला के आयोजन से स्थानीय समाज में उत्साह का माहौल रहता है। और यह पर्व क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बता दें कि इस ऐतिहासिक मेला में विशेष रूप से लखठो, गटोरी और बुंदिया की मांग देखने को मिली, जो इस मेले की प्रमुख मिठाई मानी जाती है। स्थानीय लोग और दूर-दराज से आए पर्यटक इस मीठी और स्वादिष्ट मिठाई का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। इसके अलावा, मेला में व्यापारिक स्टॉल्स, पारंपरिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस जतरा मेला में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, दीपू तिवारी, रंजित कुमार राजू, अवधेश मेहरा, रविंद्र राम और नजाम अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## लातेहार जिला के विभिन्न प्रखंडों के जन सेवक स्थानांतरित होने के बाद भी नहीं दे रहे अपना योगदान

### एक ही प्रखंड में कई वर्षों से जमे हुए हैं जनसेवक

राजेश प्रसाद

**लातेहार।** लातेहार जिला के विभिन्न प्रखंडों में पद स्थापित जन सेवकों का स्थानांतरित होने के बाद भी अपने पद स्थापना में योगदान नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद लातेहार के द्वारा लातेहार जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जन सेवकों का स्थानांतरित करने के लिए 4 अक्टूबर को पत्रांक जारी किया गया था। जिसमें जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के कुल 45 जन सेवकों का स्थानांतरित किया गया है, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव का आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण उन्हें विरमित नहीं करने का निर्देश दिया गया था, वर्तमान में विधानसभा चुनाव का आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद लातेहार के द्वारा 16 अक्टूबर को फिर से पत्रांक जारी कर स्थानांतरित किए गए सभी जन सेवकों को अपने पदस्थापन प्रखंडों में योगदान देने का निर्देश दिया गया। वहीं सूत्रों से पता चला कि जिला अधिकारी के निर्देश होने के बाद भी जन सेवक प्रकाश कुमार जिन्हें बरियातू से लातेहार, प्रभात भगत महुआडांड़ से गारु, साकेत कुमार लातेहार से गारु,लव पासवान चंदवा से महुआडांड़, अंकित एक्का गारू से चंदवा समेत विभिन्न प्रखंडों के कई ऐसे जन सेवक जिनका स्थानांतरित किया गया था वे अपने पूर्व में पदस्थापित प्रखंडों में ही जमे हुए हैं और यह लगातार एक ही जगह पर लगभग 5 से 6 वर्षों से कार्यरत हैं। वहीं जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश जारी होने के बाद भी इन जनसेवकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है या कह सकते हैं कि अधिकारियों के आदेशों का उक्त जनसेवक खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। वहीं इस बावत उप विकास आयुक्त सुरजित कुमार सिंह ने कहा कि दो तीन दिन पहले आदेश निकला है पुनः संभवतः एक दो दिन में प्रभार ले लेंगे।

## चंदवा: डीटीओ ने वाहन जांच के दौरान कंटेनर से 35 पशुधन को किया जब्त, चालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार की देर रात्रि चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर गोवंशीय पशु तस्करी के एक बड़े खेप में पकड़ने में सफलता मिली है। अभियान के दौरान लोहरदगा की ओर से आ रही कंटेनर यूपी-21-सीटी-6960 से जांच के क्रम में 35 पशुधन (भैस) लोड पकड़ा गया है। जांच के क्रम में कंटेनर वाहन के चालक राजू खान (गया बिहार) से पूछताछ किए जाने पर उनके द्वारा कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद बिना लाइसेंस के ही गौवंशीय पशुधन का तस्करी करने का मामला सामने आने के बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में चालक राजू खान ने बताया पशुधन तस्करी को लेकर 35 भैस को लोहरदगा के व्यपारी टिंकू के पास लोड किया गया था जिसे बिहार ले जाना था। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 201/24 में बीएनएस के विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार चालक राजू खान, लोहरदगा के पशु व्यापारी टिंकू व कंटेनर वाहन के मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। विदित को पूर्व में भी जांच के दौरान कई बार पशु तस्करी का बड़ा खेप चंदवा में पकड़ा गया है। सूत्र बताते हैं कि एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अवैध रूप से पशु तस्करी के मामले में हब बनाता जा रहा है। पशु तस्कर उक्त रूट का इस्तेमाल अवैध रूप पशु तस्करी के लिए करते हैं।

## एसडीपीओ ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था की कमान, रात्रि गश्त व्यवस्था का किया मॉनिटरिंग


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएसपी।

विभिन्न जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर की पूछताछ

**बरवाडीह।** बरवाडीह बाजार के ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना के बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखाई दे रहे है। सोमवार की देर रात 12 बजे एसडीपीओ ने खुद ही बस स्टेंड बाजार, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन मार्ग आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और रात्रि गश्ती में लगे रक्षक वाहन में शामिल पुलिसकर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज भी मौजूद रहे। रात्रि भ्रमण के दौरान उन्होंने कई जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर गहन पूछताछ की। जिसके बाद छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी ग्राम में लगने वाले दो दिवसीय जतरा मेला का भी जायजा लिया। इधर बीते रविवार की शाम व्यवसायिक वर्ग के साथ प्रशासनिक पदाधिकारियों की बैठक होने के बाद एसडीपीओ भरत राम ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद ही संभाल ली है। एसडीपीओ ने रात्रि गश्त व्यवस्था को और भी प्रभावी बना दिया है। रक्षक वाहन से रात्रि गश्त कर रहे जवानों की मॉनिटरिंग खुद एसडीपीओ कर रहे है। गौरतलब है कि बीते चार दिसंबर की रात्रि को मुख्य बाजार स्थित स्टेट बैंक के समीप दो ज्वेलरी शॉप में अज्ञात गिरोह के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस उस गिरोह की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। इधर एसडीपीओ ने इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे को 24 घंटे चालू रखने तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर एक-एक बल्ब लगाने की अपील दुकानदारों से की है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव की अध्यक्षता में गांव को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए जलसहिया की बैठक का आयोजन हुआ। मौके पर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत हम लोगों का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को खुले में शौच से मुक्ति की स्तिथि को बनाए रखना है। एवं जो गांव ओडीएफ नहीं हुए हैं। उन्हें ओडीएफ करना है। जिनके घरों में अब तक शौचालय का निर्माण कार्य नहीं हो सका है वैसे घरों को चिन्हित करने का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही डाटा तैयार कर तेजी से कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में जलसहिया उपस्थित थी।


बैठक करते लोग।

## विधायक प्रकाश राम ने ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

- हाथी द्वारा किए गए फसल के नुकसान के मुआवजा को लेकर विधानसभा में आवाज उठाने की बात कही

खबर मन्त्र संवाददाता


दौरा करते विधायक प्रकाश राम।

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोईया, हेबना, ओकीया, हुंडरा ताड समेत कई क्षेत्रों का दौरा किया एवं लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुए। विधायक प्रकाश राम सबसे पहले मारंग लोइया ग्राम पहुंचे जहां दो दिन पूर्व जंगली हाथियों के झुंड द्वारा जानकी राणा को पटक कर मार दिए जाने के बाद उसके परिजनों से मिले। जहां परिजनों व ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र से हाथी को खदेड़ा जाए तथा वन विभाग द्वारा होने वाले फसल के नुकसान के लिए प्रति एकड़ मात्र 8000/- देती है। जबकि हम लोगों को 50 हजार से एक लाख तक का नुकसान होता है। वन विभाग के अधिकारी किसी भी प्रकार का कोई रुचि नहीं लेते हैं विधायक श्री राम ने मौके से ही लातेहार उपयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मोबाईल पर बात की वह कहां के किसानों को इतना कम मुआवजा एवं वन विभाग की लापरवाही को आप स्वयं देखें। एवं अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके इसके लिए कोई रास्ता निकाले। विधायक श्री राम ने हेबना ग्राम पहुंचे जहां दो दिन पूर्व बिंदेश्वर महतो के जन वितरण प्रणाली की दुकान तोड़कर हाथियों ने अनाज को चट कर लिया था। वहीं विधायक हुंडरा ताड़ पहुंचकर चरकू उराव के घर पहुच कर हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए घर का जायजा लिया। जहां ग्रामीणों ने जल एवं सड़क की मांग की। विधायक ने कहा एक महीने के अंदर इस गांव में सोलर प्लेट डीप बोरिंग करा दिया जाएगा। विधायक ने तीन दिनों पूर्व भगिया पंचायत के बूथ अध्यक्ष प्रमोद साहू के पिता लखन साहु की आकस्मिक मृत्यु के बाद उसके परिजनों से मिलकर उसे ढांढस बंधाया। प्रकाश राम ने कहा कि इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक पिछले कई वर्षों से जारी है यहां के किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है इसके लिए मैं विधानसभा में आवाज उठाऊंगा एवं किसानों एवं मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, कृष्ण यादव, शैलेश सिंह, अखिलेश भोगता, विजय यादव, मनोज पाठक, रामकुमार गुप्ता, कैलाश साहू, गोपाल चंद्र यादव, बृजेश यादव, सोहराय भगत समेत कई लोग मौजूद थे।

## अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

- सचिव ने अनुसंधान कर्ता पुलिस पदाधिकारियों को साक्ष्य संग्रह में सावधानी बरतने एवं संवेदनशीलता रखने के बारे में दी जानकारी

लातेहार। झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने टाउन हॉल लातेहार में जिला के अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों को प्राशिक्षण दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने सभी अनुसंधान कर्ता पुलिस पदाधिकारियों को साक्ष्य संग्रह में सावधानी बरतने एवं संवेदनशीलता रखने के बारे में बताया। उन्होंने अपराधिक घटनाओं का अनुसंधान सही तरीके से करने और वास्तविक अपराधी को सजा दिलाने के लिए जरूरी तत्वों के बारे में बताया। इसके साथ ही श्री चौरसिया ने पुलिस पदाधिकारियों को पोक्सो एक्ट, मोटर दुर्घटना, एनडीपीएस के विषय में जरूरी विभिन्न साक्ष्य एवं उसके संग्रह के तरीके को विस्तार से बताया। उन्होंने मोटर दुर्घटना में पीड़ितों को कैसे मुआवजा दिलाने में पुलिस आम जनता की कैसे मदद कर सकती है, इसके बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर एएसआई सुभाष यादव, एएसआई पिंटू कुमार, एएसआई अर्जुन सिंह, इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद सिंह, एएसआई कुबेर प्रसाद, एसआई राजन अधिकारी, एएसआई इंदू देवी, एएसआई रीता देवी, एएसआई ललू राम, एएसआई विश्वनाथ राम, एएसआई महेंद्र कुमार रजक, एसआई संतोष कुमार सहित जिला के अन्य अनुसंधानकर्ता अधिकारी मौजूद थे।

### ई साक्ष्य और चुनौतियों पर हुई चर्चा

कार्यक्रम में मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा ने उपस्थिति पुलिस कर्मियों को वर्तमान में ई साक्ष्य ऐप के माध्यम से अनुसंधान करने के तरीके एवं महत्व के बारे में बताया। इसके साथ ही इन्होंने इस प्रक्रिया में होने वाले चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों टीम वर्क करने एवं संवेदनशीलता के साथ काम करने की सलाह दी। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया, मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार के अलावा साइबर थाना प्रभारी एसआई पिंटू कुमार ने साइबर तकनीकि, एएसआई टिंकू कुमार ने कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम, एएसआई अशोक डे ने फिंगर प्रिंट तकनीक के बारे में तकनीकि जानकारी दी।

## बनहरदी कोल ब्लॉक के प्रभावित परिवारों के पुनर्स्थापन कालोनी निर्माण को लेकर ग्रामसभा रही हंगामेदार

# आगामी 8 जनवरी 2025 को पुनः आयोजित होगी आमसभा

- मुआवजा राशि निर्धारण को लेकर अड़े रैयत, ग्रामीणों की उपस्थिति कम होने कारण नही पूर्ण हो सकी ग्राम सभा

खबर मन्त्र संवाददाता


ग्राम सभा में उपस्थित मंचासिन अधिकारी।


ग्राम सभा में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** पीवीयूएनएल बनहरदी कोल परियोजना से विस्थापित हो रहे परिवारों के पुनर्वास एवं पूर्णस्थापन कॉलोनी निर्माण को लेकर मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय किता में विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। उक्त आमसभा जिला भूअर्जन पदाधिकारी लातेहार के पत्रांक 608 के आलोक में आहूत की गई थी, जिसमे कम्पनी प्रबंधन के अधिकारी, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, अंचल निरीक्षक महेश सिंह, पूर्णस्थापना कॉलोनी निर्माण से प्रभावित हो क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व रैयत मौजूद थे। ग्राम सभा के दौरान कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों एवं अंचलाधिकारी के द्वारा विस्थापित हो रहे रैयतों को मिलने वाले लाभ एवं हितार्थ चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। इसी दौरान प्रभावित हो रहे क्षेत्र के रैयतों ने उचित मुआवजा राशि समेत कई मांगो को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का साफ शब्दों में कहना था कि अगर कंपनी प्रबंधन को जमीन लेना है तो वह पहले ग्रामीणों के साथ आकर बैठे व बात करें। ग्रामीणों के बीच से जो रेट तय होगा उसी के आधार पर मुआवजा राशि निर्धारण किया जाए, भारत सरकार द्वारा पारित भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं पूर्णस्थापन में उचित मुआवजा एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अंतर्गत नीति का निर्धारण करने के उपरांत ही जमीन जमीन देने के मुद्दे पर विचार करने की बात ग्रामीणों ने कही। ग्रामीणों के बढ़ते विरोध व उपस्थिति काफी कम होने के कारण आम सभा को बीच में ही स्थगित कर दिया गया साथ ही अगली बैठक आगामी 8 जनवरी 2025 को रखी गई।

इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल निरीक्षक महेश सिंह ने बताया कि आमसभा में प्रभावित हो रहे ग्रामीण उपस्थिति काफी कम थी, जिस कारण अगली तिथि निर्धारित की गयी है। आमसभा में बनहरदी कोल परियोजना के महाप्रबंधक के चंद्रशेखर, एजीएम माइनिंग एम चंद्र शेगर व आरबी सिंह, डीजीएम माइनिंग, अमरेश चन्द्र राउल, सीनियर मैनेजर सुबोध जॉन पूर्ति, विनेश कुमार, अमित द्विवेदी, सासंग मुखिया पुष्पा देवी, रंजीत सिंह, राजन भगत समेत ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पिता के बरसी पर कंबल का वितरण

**रमना।** दिवंगत शिक्षक भागोडीह निवासी बनारसी मेहता की चौथी बरसी पर शिक्षक के पुत्र अजय मेहता ने कड़ाके की ठंड में 150 असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। अजय जरुरतमंदों के बीच पहुंच कर लोगो को कंबल भेट करते हुए कहा कि जरुरतमंदो की सेवा के लिए लोगो के पास हमेशा अवसर है बस उसे उपयोग करने की आवश्कता है। उन्होंने कहा कि समाज के संपन्न लोगों के द्वारा जरुरतमंदों को मदद करने की आवश्कता है। मौके पर रामधारी भूईया, हरिहर मेहता, कुलदीप मेहता, विनोद चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में महिला समेत चार घायल

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरिया गांव में मझिआंव–सुंडीपुर मुख्य सड़क के नहर चौक पर दो मोटरसाइकिल की आमने–सामने की टक्कर में एक बुजुर्ग महिला समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल से गोसांग गांव के कोदवड़िया टोला निवासी रामाधार राम के लगभग 50 वर्षीय पुत्र दिनेश राम अपने फुआ पलामू जिला के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के भदुमा गांव निवासी स्व. मोती राम की 70 वर्षीया पत्नी कबूतरी कुंवर को कोदवड़िया से भदूमा छोड़ने जा रहे थे। वहीं दुसरी मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के चोका गांव निवासी वीरेंद्र कुमार साव पिता सुनील साव, मोनू साव पिता संजय साव और सुमंत साव पिता प्रमोद साव अपने घर से मझिआंव जा रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि दिनेश राम भीमराज की ओर मुड़ चुके थे, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे पल्सर बाइक सवार में जोरदार आमने–सामने की टक्कर हो गई। जिसमें कबूतरी कुंवर, दिनेश राम, वीरेंद्र कुमार साव और मोनू साव बुरी तरह घायल हो गए। सुमंत साव दुर्घटना स्थल से भाग निकला।

## मुखिया ने किया पुलिया का उद्घाटन

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के छपरदागा में इमली नाला पर एक लाख पचास हजार रुपए की लागत से बनी पुलिया का उद्घाटन मुखिया अनीता देवी ने पूजा–अर्चना कर किया। कई साल पहले उक्त पुलिया का निर्माण सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना से किया जा रहा था। लेकिन योजना बंद हो जाने के कारण पुलिया का निर्माण पूरा नहीं हो सका था। ग्रामीणों की समस्या और मांग को देखते हुए अनीता देवी ने 15 वां वित्त आयोग की राशि से अधुरे पुलिया का निर्माण पूरा कराया। पुलिया निर्माण होने से छपरदागा गांव की बड़ी आबादी को बरसात के दिनों में नाला में उतर कर पार होने से राहत मिलेगी। मौके पर वार्ड सदस्य प्रभा देवी, विश्वनाथ यादव, रीना देवी, हल्कनियां देवी, दलेश्वर यादव, प्रदीप यादव, प्रताप यादव, सचिता यादव, आनंद देव यादव, वकील सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जागरूकता प्रभात फेरी निकाली

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में प्रखंड के दुबे मरहटिया के उच्च विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी विद्यालय से चलकर गांव में भ्रमण करते हुए पुनः वापस विद्यालय आयी। कार्यक्रम में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे कई कार्यक्रमों के बारे में बच्चों को जागृत किया। साथ ही डालसा के द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता देने के लिए आम लोगों को जागरूक किया। पीएलवी रमाशंकर चौबे ने बाल विवाह बंद करो, बाल मजदूरी बंद करो, महिला अत्याचार बंद करो, जल ही जीवन है, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ आदि नारो से ग्रामीणों को जागरूक किया। पीएलवी रविंद्र नाथ यादव ने बाल संरक्षण अधिनियम के बारे में बच्चों को जानकारी दी। मौके पर पीएलवी त्रिपता भानू सहित विद्यालय प्रधानाध्यापक, शिक्षक आदि

# छोटू भुईयां हत्याकांड का खुलासा एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

**गढ़वा।** धुरकी पुलिस ने छोटू भुईयां हत्या कांड में एक नाबालिक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर ली है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराध कर्मियों के पास से हत्या के तीन टांगी भी बरामद की है। गिरफ्तार लोगों में धुरकी थाना क्षेत्र के भंडार गांव के कोईल अहरा निवासी स्व. माल कुंवर सिंह का पुत्र अंकित सिंह, रामनाथ सिंह का पुत्र तेतर सिंह व एक नाबालिक का नाम शामिल ह। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 12 दिसंबर को भंडार गांव स्थित गोकुलवा खाड़ जंगल में छोटू भुईयां उर्फ छोटू भगत की हत्या अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा कर दी गई थी। इसके बाद मृतक की बहू राजपतिया देवी ने धुरकी थाना में आवेदन दे कर प्राथमिका कराई। एसपी ने बताया कि दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दी। एसपी ने बताया कि उनके निर्देश पर नगर ऊंटरी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि मृतक छोटू भुईयां झाड़ फूंक का काम करता था। इस कारण उसका पड़ोसी तेतर सिंह एवं अंकित सिंह से उसकी दुश्मनी चल रही थी। छापामारी टीम द्वारा तेतर सिंह व अंकित सिंह से पूछताछ का प्रयास किया गया लेकिन दोनों फरार पाए गए। इसके बाद शक के आधार पर पुलिस ने तेतर सिंह को भंडार से तथा भंडरिया थाना क्षेत्र से मदगरी गांव से अंकित सिंह को गिरफ्तार कर ली। तत्पश्चात नाबालिग सहित तीनों से पूछताछ के दौरान तीनों ने इस कांड में अपनी संलिप्त स्वीकार लिया। उक्त तीनों की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त तीनों तंगी को पुलिस ने बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि अंकित सिंह द्वारा मृतक के ही टांगी का उसकी हत्या करने में प्रयोग किया था। इसके बाद उस टंगी को कुशवाही नदी मे फेंक दिया था। एसपी ने बताया कि छापामारी दल में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार पुलिस और निरीक्षक विकु कुमार रजक सुनील कुमार राम एमन कंडुलना, अजय कुमार, संजय पाठक, फुलेंद्र कुमार बैठा, अजीत कुमार पाण्डेय, महेंद्र मांझी, पिंकू कुमार, उपेन्द्र मोची, श्याम लाल मेहता आदि लोग शामिल थे।

## आवास एवं चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता



निर्माण कार्य दिखाते ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बन रहे आवास और चहारदीवारी निर्माण में संवेदक के द्वारा अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में झामुमों के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष नागेद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मुन्ना पासवान, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, राजीव कुमार, नुरुद्दिन अंसारी, गुड्डू सिंह, लालमन मेहता, संदीप कुमार, कमलेश विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने अनियमितता को लेकर रमना सीओ विकास पांडेय को मांग पत्र सौंपकर जांचोपरांत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मांग पत्र सौंपने के बाद नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड परिसर में बन रहे आवास और चहारदीवारी निर्माण में मानक के विपरीत समाग्री लगाने को लेकर कई बार ग्रामीणों के द्वारा शिकायत किया जाता रहा है। जिसके आलोक में अधिकारी को मांग पत्र सौंप कर निर्माण कार्य को बंद कराने तथा उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई की मांग की गई।

कार्रवाई नही होने की स्थिति में विधायक अनंत प्रताप देव सहित उपायुक्त, विभाग और विभागीय मंत्री को भी मांगपत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## हर घर नल जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के जिरहुल्ला टोला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी एवं अनियमितता बरती गई है। उक्त योजना के संवेदक द्वारा सत्यनारायण यादव के घर के पास जलमीनार तो खड़ा कर दिया गया है, लेकिन टोला के किसी घर में पाईप लाईन से. पानी नही मिल पा रहा है। योजना के ठेकेदार द्वारा भोले भाले लोगो से उनके घरों में नल जल पहुंच जाने से संबंधित कागजात लेकर घरों में बिना कनेक्शन किए ही सरकारी राशि का दुरुपयोग कर लिया गया है। जिससे उक्त योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ते नजर आ रही है। नल जल योजना में संवेदक द्वारा की गई भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत के ग्रामीण रविंद्र वैद्य, प्रणय मेहता, बीरबल मेहता, गोरख ठाकुर, मनोज मेहता, अजित यादव, विनय यादव, दिनेश्वर प्रसाद यादव, भारत भूषण मेहता, राम सुधार ठाकुर, दिनेश मेहता, प्रणय मेहता, रवि मेहता, अखिलेश ठाकुर आदि ने बताया कि जिरहुल्ला में नल जल योजना के तहत पंचायत में जलमीनार लगा हुआ है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सिर्फ जलमीनार खड़ा कर टोला के घरों में पाईप लाईन द्वारा बिना कनेक्शन किए ही छोड़ दिया गया है। कहा कि उक्त टोला में 100 घरों पर पांच सौ आबादी के लिए पांच जल मीनार शुरू होने से पहले ही ठेकेदार के काली करतूत के चलते महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्रामीणों की माने तो जलमीनार के लिए किया गया बोर भी मानक के अनुरूप नहीं कर कहीं 120 फीट तो कहीं 150 फीट ही कर उसमे सोलर जलमीनार फीट कर दिया गया है।



जानकारी देते ग्रामीण

इस संबंध में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना में संवेदक द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है। ऐसे ही सरकारी राशि को लूटने नही देंगे। उन्होंने नल जल योजना में संवेदक द्वारा बरती गई, भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायत गढ़वा उपायुक्त एवं संबंधित विभाग से करने की बात कही।

## आरके पब्लिक ने सीपी मेमोरियल को 41 रनों से हराया
### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग




विजेता टीम के साथ संघ के पदाधिकारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने सीपी मेमोरियल स्कूल सहिजना को 41 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। आरके पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मिथुन के 14 और आफताब के 12 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवरों में सभी विकेट खोकर 83 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीपी मेमोरियल स्कूल की ओर से शिवम ने चार विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल की टीम ने 42 रनों पर ही सिमट गई। आरके पब्लिक स्कूल के ओर से और हिमांशु पाल ने चार विकेट हासिल किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के हिमांशु पाल को संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर आलोक, रंजीत कुमार तिवारी, मंजय पाल, सोनू कुमार, विकास जयसवाल, आकाश, कॉमेंटेटर मनोज तिवारी, प्रिंस खान, धीरज दुबे, मोहसिन अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में जहां भी देखिए अवस्था है : डॉ एसएन



प्रेस कांफ्रेंस करते झामुमो नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अव्यवस्था को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष डॉ एसएन त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता किया। इस दौरान जानकारी देते हुए डॉक्टर एसएन त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जहां भी देखिए अवस्था है।

उन्होंने कहा कि ठंड से लोग परेशान हैं पर किसी भी चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा नहीं किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र में रोड लाइट कहीं जलते हैं तो कहीं अंधेरा भी रहता है, ब्लॉक रोड में नाली का पानी रोड पर बह रहा है लेकिन इस पर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान नहीं है। नगर पंचायत होल्डिंग टैक्स के लिए लोगों को परेशान की किया जा रहा है, जबकि नगर पंचायत द्वारा न तो पानी की व्यवस्था है और न ही नाली गली की सफाई हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शौचालय की व्यवस्था तो की गई है पर सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है और ना ही पानी की व्यवस्था किया गया है।

कार्यालय में दूर दराज से आने वाले लोगों को बाथरूम और सोच के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**एजेंसी**



**पटना।** तीन दिवसीय दौरे पर भारत आये श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोधगया मंदिर सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से लेकर महाबोधि मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उनके आगमन से पहले ही एयरपोर्ट से लेकर बोधगया सड़क मार्ग को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। इस संबंध में गया के जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम ने बताया कि मंगलवार की सुबह श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर साढ़े दस बजे तक आम श्रद्धालुओं को महाबोधि मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति के जाने के बाद आम श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर माह में विभिन्न देशों के बौद्ध श्रद्धालु बोधगया पहुंचते हैं और भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत की तीन दिनों की अधिकारिक यात्रा पर हैं। सितंबर माह में पदभार संभालने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा है। बोधगया आने से पहले वे दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

## खबर एक नजर में

### संविधान निर्माता बाबा साहब के 'एक देश-एक चुनाव' के सपने को पूरा कर रही है मोदी सरकार : सम्राट

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने व्यापक राष्ट्रहित में आवश्यक 'एक देश–एक चुनाव' के लिए लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पेश करने का स्वागत किया। साथ ही कहा कि मोदी सरकार संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर के "एक देश, एक चुनाव" के सपने को पूरा कर रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि 'एक देश–एक चुनाव' की व्यवस्था लागू होने से बार–बार होने वाले चुनाव का खर्च घट जाएगा। हर साल अलग–अलग चुनाव कराने पर जनता के पैसे की बड़ी राशि खर्च होती है। विकास के काम बाधित होते हैं और सुरक्षा बलों पर बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक बार में चुनाव निपट जाने पर केंद्र और राज्य सरकारें कामकाज पर ध्यान फोकस कर सकेंगी। उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल स्वाधीनता दिवस समारोह पर लाल किले से अपने भाषण में 'एक देश–एक चुनाव' की आवश्यकता पर बल दिया था और इस संकल्प से देश को मिलने वाले लाभ गिनाये थे। प्रधानमंत्री ने सबका साथ लेने की लोकतांत्रिक नीति का पालन करते हुए सभी दलों से 'एक देश–एक चुनाव' के लिए समर्थन की अपील की थी लेकिन दुर्भाग्यवश विपक्षी दलों ने देश हित को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस को 1952 से 1967 तक 'एक देश–एक चुनाव' की व्यवस्था से केंद्र और राज्यों की सत्ता में रहने पर कोई आपत्ति नहीं थी, वह आज इसी व्यवस्था को संवैधानिक रूप देने का विरोध कर रही है।

### ट्रक से 403 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त

**पटना।** बिहार के कैमूर जिले में मद्यनिषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक से 403 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त किया है। यह शराब फल के आड़ में छिपाकर ले जाई जा रही थी। मौके पर वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, जिसके आधार पर वाहन स्वामी और इस अवैध शराब तस्करी में शामिल अन्य कारोबारियों की जानकारी जुटाई जा रही है। इसी तरह सीवान जिले में मद्यनिषेध की टीम ने स्कॉर्पियो से 735.4 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त किया। जिला सीवान के मद्यनिषेध विभाग की टीम ने मैरवा थाना अंतर्गत मदैनिया नहर पुल के समीप छापेमारी कर एक स्कॉर्पियो गाड़ी से कुल 85 पेटी यकुल 734. 4 लीटर विदेशी शराब जब्त की। हालांकि, मौके से तस्कर फरार होने में कामयाब रहा।

### लालू के खानदान को जनता नहीं करेगी स्वीकार: चौबे

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया में बीजेपी नेता अश्विनी चौबे ने लालू परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ये कितना भी दौड़ लें, अब लालू के खानदान को जनता स्वीकार करने वाली नहीं हैं। लालू परिवार का अध्याय बिहार में अब जुड़ने वाला नहीं है। ये लोग भ्रष्टाचार की जननी हैं। वही, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपनी यात्रा की कड़ी में कल सीमांचल के अररिया पहुंच रहे हैं और वे टाउन हॉल में कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे। इससे पहले पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने वन नेशन वन इलेक्शन पर कहा कि मुझे उम्मीद है कि देश हित में इस बिल को सदन में बहस के बाद पारित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सारे समीकरण ध्वस्त होंगें, यह सीमांचल का क्षेत्र है। बीजेपी नेता अश्विनी चौबे ने आगे कहा कि मैंने कल भी कहा है कि सीमांचल बचेगा तो देश बचेगा। हमें सीमांचल पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## पेज एक का शेष

### झामुमो ने चेताया...

**सीएम भी कई बार उठा चुके हैं मामला :** इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इसी साल 24 सितंबर को पीएम मोदी को पत्र लिखकर यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने यह भी आग्रह किया था कि केंद्र सरकार झारखंड का 1.36 लाख रुपये बकाये का भुगतान कर दें। तत्कालीन मुख्य सचिव ने भी केंद्र सरकार को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि बकाये की यह राशि कोयला कंपनियों पर बकाया है। नियमानुसार कोयला कंपनियों को इसका भुगतान करना चाहिये। पीएम के नाम सीएम के पत्र के बाद झामुमो ने विधानसभा चुनाव से पहले इसे बड़ा मुद्दा बनाया था।

**हेमंत हर मंच पर उठाते रहे मामला :** मार्च 2022 में सीएम हेमंत सोरेन ने कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी के नाम पत्र लिखकर दावा किया था कि झारखंड का कोयला कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ बकाया है। सीएम के मुताबिक वॉश्ड कोल रॉयलटी मद में 2,900 करोड़, एमडीडीआर एक्ट के सेक्शन 21(5) के तहत 32,000 करोड़ और जमीन मुआवजा मद में 1,01,142 करोड़ यानी कुल 1,36,042 करोड़ का बकाया है। चार पन्नों के पत्र में मिनरल कंसेसन रूल 1960, एमडीडीआर एक्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का भी हवाला दिया गया था। अपने पत्र में सीएम ने आग्रह किया था कि राज्य के आर्थिक हालात को देखते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री पहल करें और सभी कोयला कंपनियों को बकाया राशि लौटाने का निर्देश जारी करें।

### एक देश एक चुनाव बिल ...

जितने दिन आप चर्चा कराना चाहेंगे, उतने दिन का समय दिया जायेगा। इससे पहले कानून मंत्री ने बिल पेश करते हुए इसे जेपीसी में भेजने का प्रस्ताव रखा। बिल को सदन में पेश किया गया। सदन ने इन विधेयकों को बारीकी से समीक्षा के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव पारित किया है। कानून मंत्री ने कहा कि संविधान संशोधन का यह विधेयक संविधान सम्मत है। किसी भी रूप में यह राज्य की शक्तियों कम नहीं करता है। इस विधेयक से संविधान के मूल ढांचे में कोई छेड़छाड़ नहीं होती है। इससे कोई न तो संसद की शक्ति में कमी आ रही है न ही विधानमंडल की शक्ति में कमी आ रही है।

**विपक्ष ने कहा असंवैधानिक है :** लोकसभा में इस बिल को पेश किए जाने का कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, शिवसेना उद्धव गुट समेत कई विपक्षी दलों ने विरोध किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, हम कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। बिल के जरिए राष्ट्रपति को ज्यादा शक्ति दी गयी है। वह अब 82 ए के द्वारा विधानसभा को भंग कर सकते हैं। ये अतिरिक्त शक्ति राष्ट्रपति के साथ चुनाव आयोग को भी दी गयी है। ये असंवैधानिक कानून है। संविधान में लिखा है कि पांच साल के कार्यकाल से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पूरे भारत के चुनाव को प्रभावित करेगा, हम ये नहीं होने देंगे। हम इसका विरोध करते हैं। सपा सांसद ने कहा कि जो एक साथ 8 राज्यों में विधानसभा चुनाव नहीं करा पाये वह पूरे देश में एक साथ चुनाव की बात करते हैं। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बिल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

### जेएसएससी-सीजीएल के ...

छात्र नेताओं ने कहा है कि जिस तरह से इस परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आयी, परीक्षार्थी लगातार शिकायत करते रहे, लेकिन आयोग मानने को तैयार नहीं थी। छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए लगातार लाठीचार्ज होती रही। सोमवार को भी छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज किया गया है। ऐसे में आयोग को चाहिए कि एजेंसी के बजाय खुद परीक्षा आयोजित करें, तभी जाकर प्रश्न पत्र लीक होना बंद होगा।

### संविधान लहराने का ...

हमने तो ट्रिपल तलाक समाप्त कर मुस्लिम माताओं और बहनों को न्याय देने का काम किया है। तत्कालीन सांसद व मंत्री आरिफ मोहम्मद खान का जिक्र किया। कहा कि वे फरार्टेदार अंग्रेजी बोलते थे। उन्होंने कहा कि शाहबानो को मुआवजा देना चाहिए। बिचारे का मंत्री पद भी गया, सांसदी भी चली गयी। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने नयी भारतीय न्याय संहिता के जरिये देश को गुलामी की मानसिकता से आजाद करने का काम इस सरकार ने किया। कई साल तक बजट शाम को 5.30 बजे रखते थे क्योंकि अंग्रेज की रानी की घड़ी में तब 11 बजते थे। उसे किसी ने बदला तो वाजपेयी जी ने बदला।

स्पीड न्यूज

### दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने में मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अभियोजकों ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून, डिफेंस काउंटर इंटेलिजेंस कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल येओ इन-ह्युंग, आर्मी स्पेशल वार फेयर कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल क्वाक जोंग-क्यून और लेफ्टिनेंट जनरल ली कैपिटल डिफेंस कमांड के प्रमुख जिन-वू को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अमेरिका में छात्रा ने की शिक्षक समेत दो की हत्या

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत की राजधानी मैडिसन में सोमवार सुबह एक 15 वर्षीय छात्रा ने पिस्तौल से गोली चलाकर एक शिक्षक और छात्र की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह खूनी खेल एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में खेला गया। गोलीबारी में छह अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने कहा कि छात्रा 15 वर्षीय नताली रूपनोव स्कूल के पास खून से लथपथ मिली, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया। वह इसी स्कूल में पढ़ती थी।

### पाक में पुलिस चेक पोस्ट पर आतंकी हमला, दो मरे

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार तड़के सिंधु नदी के पास गुननगर काराकोरम राजमार्ग पर एक पुलिस चेक पोस्ट पर हुए आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की जान चली गई। जान गंवाने वालों में एक सहायक उप निरीक्षक और एक हेड कांस्टेबल है। इस हमले में तीन अन्य पुलिस कर्मचारी घायल हो गए।

# मॉस्को में धमाका, रूस के न्यूक्लियर डिफेंस चीफ समेत दो की मौत

## यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने विस्फोट की ली जिम्मेदारी

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार सुबह शक्तिशाली विस्फोट में रूस के परमाणु सेना प्रमुख इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौत हो गई। यह विस्फोट राजधानी के दक्षिण पूर्वी हिस्से में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। रूसी जांच समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने इस विस्फोट को अंजाम देने का दावा किया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूसी जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने इसकी पुष्टि



करते हुए कहा कि यह शक्तिशाली विस्फोट मॉस्को में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। प्रवेश द्वार के पास स्कूटर में रखे गए विस्फोटक उपकरण के फटने से रूस के विकिरण, रासायनिक और जैविक सुरक्षा सैनिकों के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौके पर मौत हो गई। पेट्रेंको ने कहा कि समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है।

**मॉस्को के रियाजान्स्की एवेन्यू में हुआ शक्तिशाली विस्फोट और उनके सहयोगी की भी गयी जान**


फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। एक अन्य रिपोर्ट में यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि उसने इस विस्फोट को अंजाम दिया। इस दावे पर प्रवक्ता पेट्रेंको ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और संचालन से जुड़ी सेवा घटनास्थल पर जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी, 2022 में यूक्रेन में शुरू हुए रूस के सैन्य अभियान के दौरान प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के आरोप में यूक्रेन की एक अदालत ने किरिलोव की गैर मौजूदगी में उन्हें 16 दिसंबर को सजा सुनाई थी।

## युद्ध रूकवाने के लिए जेलेंस्की और पुतिन से बात करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए बात करेंगे।

ट्रंप के मुताबिक वो इस नरसंहार को रुकवाने की कोशिश करेंगे। जनवरी में ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश से पहले ही दोनों पक्षों में जंग में बढ़त हासिल करने की होड़ लगी है। हालांकि अमेरिका से समर्थन प्राप्त करने वाले देश यूक्रेन को इस बात की भी चिंता है कि उसे क्षेत्र की शांति के बदले कुछ रियायतें देने को मजबूर होना पड़ सकता है। दरअसल ट्रंप, जो बाइडेन प्रशासन द्वारा मास्को के खिलाफ कीव को

**▸▸ जनवरी में ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश से पहले दोनों देशों से होगी बात**




प्रदान की गई अरबों डॉलर की सहायता को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं। दोनों देश के राष्ट्रपतियों से बात कर नरसंहार को रोकने की बात डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। ट्रंप ने कहा कि हम राष्ट्रपति पुतिन से बात करेंगे साथ ही हम जेलेंस्की और यूक्रेन के प्रतिनिधियों से भी बात करेंगे। उन्होंने युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि हमें इसे रोकना होगा, यह नरसंहार है। टिप्पणी ऐसे समय में की गई है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में अपनी सेना के आगे बढ़ते रहने के कदम की सराहना करते हुए कहा था कि ये वर्ष ऐतिहासिक रहा। ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि वह संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने पर काम करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा कैसे करेंगे। ज्ञात हो कि ट्रंप ने इस महीने पेरिस में फ्रांसीसी नेता इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक बैठक में जेलेंस्की से मुलाकात की थी, जिसके बाद यूक्रेनी नेता ने दावा किया था कि कीव एक स्थायी शांति और सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहा है। यूक्रेन के मित्र और पड़ोसी देश पोलैंड ने सोमवार को अपील की कि कीव को शांति वार्ता के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा कि ऐसा करने के लिए पीड़ित को नहीं बल्कि हमलावर को प्रोत्साहित और मजबूर किया जाना चाहिए। यूक्रेन युद्ध के एक और शीतकाल में प्रवेश कर रहा है, क्योंकि रूसी हमलों के कारण उसका ऊर्जा ग्रिड पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। साथ ही ट्रंप ने यह बात ऐसे समय कही, जब रूसी सेनाएं पूर्वी शहर पोक्रोवस्क के प्रवेश द्वार पर पहुंच चुकी हैं।

# कांग्रेस ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया

## पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को लटकाया : मोदी

एजेंसी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले न तो खुद किसानों के लिए कुछ करते हैं न ही दूसरों को कुछ करने देते हैं। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि भाजपा की नीति विवाद की नहीं संवाद की है और वह व्यवधान में नहीं समाधान में विश्वास रखती है। मोदी राजस्थान सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर दादिया में आयोजित एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने ऊर्जा, सड़क व रेलवे से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के कार्यान्वयन में गत कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विलंब की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि ईआरसीपी को कांग्रेस ने कितना लटकाया, ये भी कांग्रेस की नीयत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ये किसानों के नाम पर बातें बड़ी-बड़ी करते हैं लेकिन किसानों के लिए न खुद कुछ करते हैं और न ही दूसरों को करने देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में नर्मदा नदी का पानी पहुंचाने के लिए बड़ा अभियान चलाया। मोदी ने आरोप लगाया कि तब उसे रोकने के लिए भी कांग्रेस और कुछ एनजीओ (गैर सरकारी संगठनों) द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए।

**देश में तीन करोड़ बहनें बनेंगी लखपति दीदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार सेल्फ हेल्प ग्रुप की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने पर काम कर रही है। करीब सवा करोड़ बहनें लखपति दीदी बन भी चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बीते दशक में देश की 10 करोड़ बहनें सेल्फ हेल्प ग्रुप्स से जुड़ी हैं। इनमें राजस्थान की भी लाखों बहनें शामिल हैं।



राजस्थान में मंगलवार को 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते प्रधानमंत्री मोदी। साथ में राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा।



सांसद के बाहर मंगलवार को बांग्लादेश के हिंदू, ईसाई और अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी व अन्य।

### भाजपा के अध्यक्ष का चुनाव फरवरी में होगा

**नयी दिल्ली।** भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्थान लेने वाले पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव फरवरी के अंत तक होने की संभावना है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि जारी संगठनात्मक चुनाव के तहत पार्टी की आधे से अधिक राज्य इकाइयों में मतदान प्रक्रिया जनवरी के मध्य तक पूरी होने की संभावना है। इस प्रक्रिया के बाद नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा की राज्य इकाइयों के लगभग 60 प्रतिशत अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उनके स्थान पर अगले महीने के मध्य तक नए अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है।

भाजपा के संविधान में यह प्रावधान है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कम से कम आधी राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो जाने चाहिए।

# भारत बनेगा विश्व की अक्षय ऊर्जा राजधानी : प्रल्हाद जोशी

**अप्रैल-नवंबर में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 15 गीगावाट हुयी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत न केवल ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, बल्कि दुनिया की अक्षय ऊर्जा राजधानी भी बन रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सालाना आधार पर लगभग दोगुना होकर 15 गीगावाट हो गई है। यह 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने नई दिल्ली में 5वें भारतीय उद्योग परिसंघ




(सीआईआई) अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है, उस पर न केवल दुनिया की निगाह है, बल्कि कई देशों ने इसे अपनाया भी है। उन्होंने भारत की पहल के तहत वैश्विक सहयोग के लिए एक औपचारिक व्यवस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिस पर 120 देश हस्ताक्षरकर्ता हैं। उन्होंने ऊर्जा संक्रमण निवेश मॉनिटर पर सीआईआई-ईवाई रिपोर्ट का दूसरा संस्करण भी लॉन्च किया। ये रिपोर्ट भारत के गतिशील ऊर्जा परिदृश्य में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय ऊर्जा परिवर्तन पर वैश्विक संवाद, विकसित हो रहे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

### वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके में मिला प्राचीन शिव मंदिर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके मदनपुरा में 250 साल पुराना एक शिव मंदिर मिला है। मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होता है। कई वर्षों से ताला बंद है। सोशल मीडिया पर मंदिर की तस्वीर वायरल होते ही मंगलवार को हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। नगर के संवेदनशील इलाके में मंदिर मिलने पर पुलिस बल के साथ खुफिया तंत्र भी चौकस हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार मदनपुरा के मकान नंबर डी-31 के पास स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर में पिछले 10 सालों से ताला बंद है। हिंदू संगठनों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर मंदिर को फिर से खोलने की मांग की है। दावा किया है कि इस मंदिर का उल्लेख काशी खंड में भी है।

### विशाखापट्टनम में शुरू हुआ भारत व श्रीलंका का नौसैनिक अभ्यास

**नयी दिल्ली।** पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में मंगलवार से श्रीलंका और भारत के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास स्लिनेक्स शुरू हुआ। 20 दिसंबर तक चलने वाला यह अभ्यास दो चरणों में होगा। इसमें 18 दिसंबर तक बंदरगाह चरण और 19 दिसंबर से समुद्री चरण होगा। यह द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यासों का महत्वपूर्ण संस्करण है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत किया है। अभ्यास में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का जहाज आईएनएस सुमित्रा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ शामिल हो रहा है। इसी तरह श्रीलंका से एसएलएनएस सयूरा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ अभ्यास में शामिल होगा। सुकन्या श्रेणी का ओपीवी 'स्लिनेक्स' के 11वें संस्करण के लिए विशाखापट्टनम पहुंच गया है। अभ्यास के आज हुए उद्घाटन समारोह के साथ बंदरगाह चरण की शुरूआत हो गई है।

# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम

## सेंसेक्स 1064 और निफ्टी 332 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** दुनिया के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले विश्व बाजार में आई भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में शुरूआती तेजी के बाद कोहराम मच गया।

सेंसेक्स 1064.12 अंक अर्थात 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर दो सप्ताह के निचले स्तर 80,684.45 अंक पर आ गया। इससे पहले 03 दिसंबर को यह 80,845.75 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 332.25 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,336.00 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.65 प्रतिशत लुढ़ककर 47,815.80 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 56,928.98 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4107 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2442 में

**▸▸ 4107 कंपनियों में कारोबार हुआ, 2442 में बिकवाली 1576 में लिवाली और 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ**

**▸▸ निफ्टी की 48 कंपनियों में गिरावट, दो में रही तेजी**



बिकवाली जबकि 1576 में लिवाली हुई वहीं 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 48 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य दो में तेजी रही।

बीएसई के सभी 21 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.88, ऊर्जा 1.64, एफएमसीजी 0.44, वित्तीय सेवाएं 1.37, हेल्थकेयर 0.44, इंडस्ट्रियल्स 0.92, आईटी 0.49, दूरसंचार 2.18, यूटिलिटीज 0.95, ऑटो 1.70, बैंकिंग 1.33, कैपिटल गुड्स 1.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.27, धातु 1.77, तेल एवं गैस 1.59, पावर 0.72, रियल्टी 0.06, टेक 1.07, सर्विसेज 0.79 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.50 प्रतिशत लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 237 अंक की गिरावट लेकर 81,511.81 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,613.64 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 80,612.20 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,748.57 अंक के मुकाबले 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,684.45 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 83 अंक टूटकर 24,584.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,624.10 अंक के उच्चतम जबकि 24,303.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,668.25 अंक की तुलना में 1.35 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,336.00 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियों ने नुकसान उठाया। इनमें भारती एयरटेल 2.83, इंडसइंड बैंक 2.46, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.40, टीसीएस 2.07, एशियन पेंट 1.94, बजाज फिनसर्व 1.83, रिलायंस 1.81, एलटी 1.80, नेस्ले इंडिया 1.79, एचडीएफसी बैंक 1.71, मारुति 1.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.55, टाटा स्टील 1.52, पावरग्रिड 1.43, एसबीआई 1.22, एनटीपीसी 1.02, आईसीआईसीआई बैंक 0.93, अडानी पोर्ट्स 0.87, टाटा मोटर्स 0.68, इंफोसिस 0.33 और आईटीसी 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

### अनन्या पांडे ने की दीपिका की तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने दीपिका पादुकोण की तारीफ की है। प्राइम वीडियो ने हाल ही में ओ वुमनिया रिपोर्ट का नया एडिशन रिलीज किया है। यह रिपोर्ट इंडियन एंटरटेनमेंट में महिलाओं के रिप्रेजेंटेशन पर मोस्ट डिटेल्ड स्टडी मानी जाती है। इस रिपोर्ट को मीडिया कंसल्टिंग फर्म ऑरमैक्स मीडिया ने तैयार किया है, फिल्म कंपेनियन स्टूडियोज ने इसे प्रोड्यूस किया है और प्राइम वीडियो इसका समर्थन कर रहा है। भारतीय मनोरंजन जगत की कुछ प्रमुख हस्तियां ओ वुमनिया 2024 राउंडटेबल में एकजुट हुईं, जहां उन्होंने रिपोर्ट, उससे जुड़े चैलेंजेज और उनके हल पर चर्चा की।

